दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 211 | जयपुर | गुरुवार, 05 जून, 2025 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष दशमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# आरसीबी की जीत के जश्न में भगदड़, 11 मौतें

## कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया बोले- स्टेडियम के बाहर 3 लाख लोग पहुंचे, हम तैयार नहीं थे...

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेंगलुरु में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आरसीबी की विक्ट्री परेड में भगदड़ मच गई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि भगदड़ के दौरान 11 लोग मारे गए हैं। 33 लोग घायल हुए हैं, जो खतरे से बाहर हैं। सिद्धारमैया ने कहा, विधानसभा में जब आरसीबी टीम पहुंची तो विधानसभा के बाहर एक लाख लोग जमा थे। जश्न विधानसभा में हो रहा था, लेकिन भगदड़ चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई। स्टेडियम के बाहर 3 लाख लोग जमा थे। हमें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी। हम इसके लिए तैयार नहीं थे। हादसे ने जीत की खुशी को मिटा दिया।

### चश्मदीद बोला- मेरी आंखों के सामने लड़कियां गिर गईं

आरसीबी की विक्ट्री परेड में मौजूद महेश ने कहा कि लोग विराट कोहली और टीम को देखने आए थे। कई लड़कियां चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने की कोशिश कर रही थीं। मैंने देखा कि एक लड़की गिर पड़ी, लेकिन कोई उसकी मदद के लिए नहीं पहुंचा। पुलिस भी कुछ नहीं कर पा रही थी, क्योंकि वहां बहुत भीड़ मौजूद थे।

### भाजपा प्रवक्ता पूनावाला ने कहा- यह राज्य प्रायोजित आपराधिक लापरवाही

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा-यह राज्य प्रायोजित आपराधिक लापरवाही और हत्या है। सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और गृह मंत्री जी परमेश्वर सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। एक तरफ लोग मर रहे हैं और आप बेशर्मी से जश्न मना रहे हैं। यह आपकी संवेदनशीलता है? कांग्रेस बहुत कुछ कहती है, लेकिन आज उसके पास कहने के लिए कुछ नहीं है? बुनियादी व्यवस्था और पुलिस की तैनाती नहीं थी, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? यह कांग्रेस सरकार है।





### प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर दुख जताया

प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु भगदड़ पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों की बेहतरी के लिए प्रार्थना करता हूं।

### विधानसभा में सम्मान, स्टेडियम के बाहर भगदड़

आरसीबी की टीम जब एयरपोर्ट पहुंची तब वहां हजारों आरसीबी फैंस मौजूद थे। आरसीबी की टीम का विधानसभा में कर्नाटक सरकार ने सम्मान किया। एक प्रोग्राम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भी था। स्टेडियम के बाहर लाखों की भीड़ जमा हो गई थी। भीड़ को संभालने के लिए पुलिस हल्का लाठीचार्ज भी करना पड़ा। भीड़ के चलते एक बच्चा बेहोश भी हो गया था।

### जीत के जश्न में बड़ी त्रासदी : कर्नाटक सीएम

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, जीत की जश्न के दौरान एक बड़ी त्रासदी हुई है। यह चिन्नास्वामी स्टेडियम के बगल हुआ। सरकार मृतकों के परिवार को 10 लाख का मुआवजा देगी। घायलों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। घटना की न्यायिक जांच होगी और 15 दिन में रिपोर्ट पेश करनी होगी। यह भगदड़ नहीं होनी चाहिए थी। हमें इस हादसे पर गहरा दुख है।

### जिंदगी की कीमत पर जीत का जश्न नहीं : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कह, मैं इस हादसे से हैरान हूं। कई कीमती जानें चली गईं। कई लोग घायल हैं। जिन्होंने अपनों को खोया है, मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं। कर्नाटक सरकार को तुरंत हालात की समीक्षा करके जरूरी कदम उठाने चाहिए ताकि आगे ऐसी इवेंट के दौरान हादसे न हों। जीत का जश्न कभी लोगों की जिंदगी की कीमत पर नहीं होना चाहिए।



## संक्षिप्त समाचार

### ऑल टाइम हाई पर पहुंचे चांदी के दाम

#### 1 किलो चांदी की कीमत बढ़कर पहुंची 1 लाख 3,800, सोना 99,800 पर बरकरार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी बदलाव का असर कीमती धातुओं की कीमत पर नजर आने लगा है बुधवार को चांदी की कीमत अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ 1 लाख 3 हजार 800 रुपए के उच्चतम शिखर पर पहुंच गई है। वहीं, स्टैंडर्ड सोने की कीमत भी फिर एक बार लाख रुपए के नजदीक आ गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार आने वाले दिनों में सोने और चांदी दोनों की कीमत में और तेजी आ सकती है। सर्राफा व्यापारी राजेश्वर शर्मा ने कहा कि दुनियाभर में जारी अस्थिरता की वजह से फिलहाल चांदी की कीमत में तेजी आई है। ऐसे में अगले कुछ दिनों में चांदी की कीमत बढ़ाकर एक लाख 5 हजार रुपए जबकि सोने की कीमत फिर से एक लाख रुपए पार जा सकती है। ऐसे में जो लोग सोने और चांदी में निवेश करना चाहते हैं। फिलहाल उन्हें थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। हालांकि ही जुलाई तक कीमती धातुओं की कीमत में मामू गिरावट होने की संभावना है।

### कन्हैयालाल हत्याकांड में छह महीने से सुनवाई बंद, एनआईए की जगह राजस्थान-पुलिस जांच करती तो दोषियों को सजा हो जाती : गहलोत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उदयपुर में कन्हैयालाल टेलर की गला काटकर हत्या के मामले तीन साल पूरे हो रहे हैं। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने हत्याकांड के दोषियों को अब तक सजा नहीं मिलने और इस केस के गवाहों तक के बयान नहीं होने पर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने एक्स पर लिखा-उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर भाजपा ने जमकर राजनीति की और राजस्थान के चुनाव का मुख्य मुद्दा इसे बना दिया। घटना की रात को ही ये केस एनआईए ने ले लिया। भाजपा की केंद्र सरकार के अधीन आने वाली एजेंसी एनआईए के पास ये केस है, लेकिन तीन साल केस चलने के बाद भी आज तक इस स्पष्ट प्रकृति के मामले में दोषियों को सजा नहीं हो सकी है।

#### एनआईए कोर्ट में केस विचाराधीन, पिछले छह महीने से कोई तारीख तक नहीं पड़ी

गहलोत ने लिखा- कन्हैयालाल के परिजनों ने बताया है कि इस केस को फास्ट ट्रैक नहीं चलाया जा रहा है। यह केस एनआईए कोर्ट जयपुर में विचाराधीन है। एनआईए कोर्ट का एडिशनल चार्ज सीबीआई कोर्ट के न्यायाधीश के पास था, जिनका तबादला हो गया है। इससे केस की सुनवाई नहीं हो पा रही। विगत छह महीने से केस में कोई तारीख नहीं पड़ी है। इससे पहले गवाहों के बयान ही चल रहे थे। परन्तु तीन मुख्य गवाहों के बयान अभी तक दर्ज नहीं किए गए। इस केस में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से अभी तक दो की जमानत हो चुकी है।

## वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान का शुभारंभ आज

### सीएम रामगढ़ बांध में करेंगे श्रमदान, मंत्रियों को प्रभार वाले जिलों में जाने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भू-जल स्तर को बढ़ाने और जल संरक्षण के उद्देश्य के लिए गुरुवार को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की शुरुआत होगी। सीएम भजनलाल शर्मा रामगढ़ बांध (जमवारामगढ़) पर मोरी के निकट गोपालगढ़ गांव में श्रमदान करके अभियान का शुभारंभ करेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा के मौके पर शुरू होने वाला अभियान 20 जून तक चलेगा। अभियान के तहत प्रदेश के जल स्रोतों, नदियों, जलधाराओं एवं तालाबों पर जल पूजन, कलश यात्रा, जागरूकता कार्यक्रम व स्वच्छता अभियान, जल संग्रहण संरचनाओं का लोकार्पण और नई संरचनाओं के शिलान्यास जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान को लेकर मुख्यमंत्री ने सभी प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में आयोजित पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण और स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रमों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।



#### चुनरी महोत्सव और दीपदान में भी सीएम रहेंगे मौजूद

वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत सुबह 8 बजे सीएम भजनलाल शर्मा जयपुर के रामगढ़ बांध (जमवारामगढ़) पर मोरी के निकट गोपालगढ़ गांव में श्रमदान करेंगे तथा अमृतम जलम अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करेंगे। दोपहर में मुख्यमंत्री बूंदी के गोहाटा पहुंचकर रामजल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना) के अंतर्गत निर्मित होने वाले एक्वाडक्ट का निरीक्षण करेंगे।

## कांग्रेस राज में पैदा हुए थे बजरी माफिया, उन्होंने इसे बिजनेस बना लिया

### जादू के डंडे से काम नहीं होता है, करना पड़ता है : बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**पाली।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- प्रदेश में बजरी माफिया पैदा करने का काम कांग्रेस के राज में हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राज में इसका श्रीगणेश हुआ। बजरी माफिया ने इसे बिजनेस बना लिया और आपस में बंदरबांट करने में लगे थे। राठौड़ ने कहा- हमारी सरकार ने तो बजरी के ठेके दिए। बजरी माफिया के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। अभी भी कुछ जगह चोरी छिपे अवैध बजरी का खनन हो रहा है, इसको लेकर कार्रवाई लगातार की जा रही है। दोषियों को कानूनी रूप से दंडित किया जा रहा है। राठौड़ ने बुधवार को पाली में मीडिया से बातचीत में कहा कि ड्रग्स कारोबार और अवैध बजरी पर रोक लगाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। राठौड़ ने ड्रग्स के कारोबार को लेकर कहा- पंजाब और श्रीगंगानगर के रास्ते प्रदेशभर में फैल रहे स्मैक-एमडी जैसे नशे पर अंकुश लगाने के लिए हमारी सरकार ने चाक-




चौबंद व्यवस्था की है और रोज धरपकड़ हो रही है। गिरफ्तारियां की जा रही हैं, ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सके। श्रीगंगानगर में भी लोग पकड़े गए हैं, पूरा चैनल पकड़ा गया है। राठौड़ ने कहा- उन सबको दंडित किया जा रहा है। कार्रवाई हो रही है, सरकार सक्षम तरीके से काम रही है। हां, जादू के डंडे से काम नहीं होता है। काम करने से होता है। उनका पीछा करना पड़ता है, पकड़ना पड़ता है। सबूत के साथ पकड़ना पड़ता है।

#### नकली खाद पकड़ रहे, अवैध बजरी पर रोक लगाना प्राथमिकता

राठौड़ ने कहा- प्रदेश में नकली खाद को लेकर भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। हमारे मंत्री खुद मौके पर जा रहे हैं। नशा और अवैध बजरी पर रोक लगाना हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है।

#### पूर्व मंत्री भी दोषी, उसका पीए 7 बार पाकिस्तान जाकर आया

मदन राठौड़ ने कहा- कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद के पीए शकूर खान को जासूसी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। शकूर खान 15 साल में 7 बार पाकिस्तान जाकर आया। कई सूचनाएं दुश्मन देश तक पहुंचाई।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38, चौमू हाउस, सी-स्कीम, जयपुर( राज. ) 302001 , बून्दी, झालावाड़, बांरा, बहरोड़,, सुजानगढ़, रावतभाटा, अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू, खाटूश्याम जी, नि[illegible]बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# प्रागपुरा में पीएचईडी विभाग की उच्च जलाशय टंकी से हादसे का खतरा

## 1 लाख 60 हजार लीटर क्षमता की उच्च जलाशय टंकी हुई जर्जर, टंकी व पिल्लरों से जड़ रहा रोड़ी कंक्रीट

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली-जयपुर रोड पर स्थित प्रागपुरा पुलिस थाने के पास बने पीएचईडी विभाग की उच्च जलाशय टंकी कभी भी बड़ा हादसा कर सकती है। करीबन वर्ष 1980 में निर्मित यह टंकी अब जर्जर हो चुकी है और इसके पिल्लर व सीढ़ियां कभी भी भरभराकर गिर सकती हैं। टंकी के पिल्लर और सीढ़ियों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि इनसे जगह-जगह से चूना गिर रहा है और सरिये दिखने लगे हैं। टंकी के पिल्लरों से भी रोड़ी कंक्रीट झड़ रहा है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। टंकी के आसपास हमेशा लोगों की आवाजाही रहती है, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग, डाकघर, ग्राम सहकारी समिति, राजकीय प्राथमिक अस्पताल और कॉलोनी शामिल हैं। पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने बताया कि पानी की टंकी 1 लाख 60 हजार लीटर क्षमता के करीब है और टंकी से कस्बे में पानी की सप्लाई जारी है, लेकिन टंकी की जर्जर हालत के कारण हमेशा हादसे का डर सताता रहता है। गोयल ने कहा कि यह टंकी कभी भी बड़ा हादसा कर सकती है, इसलिए विभाग को जल्द से जल्द इस पर अमल करना चाहिए। ग्राम सहकारी समिति अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि टंकी की जर्जर हालत के कारण हमेशा हादसे का डर सताता रहता है। उन्होंने कहा कि टंकी के आसपास रहने वाले लोगों की जान जोखिम में है और विभाग को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार हाडिया ने बताया कि टंकी से कस्बे में पानी की सप्लाई जारी है, लेकिन टंकी की जर्जर हालत के कारण हमेशा भय बना रहता है। पंप चालक को भी टंकी का वॉल खोलने या अन्य कार्य करते समय टंकी गिरने का डर रहता है। ग्रामीणों ने विभाग से टंकी की मरम्मत या बदलाव की मांग की है। अब देखना यह है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और टंकी की जर्जर हालत को सुधारने के लिए क्या कदम उठाता है। स्थानीय निवासियों को उम्मीद है कि विभाग जल्द ही इस मामले में कार्रवाई करेगा और बड़ा हादसा होने से रोकेगा। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महामंत्री सुरेश सैनी और पूर्व सरपंच एलन स्वामी ने भी विभाग से जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया है। कस्बे में टंकी की जर्जर हालत के कारण हादसे का खतरा बढ़ गया है। टंकी के आसपास रहने वाले लोगों को अपनी जान जोखिम में लग रही है। विभाग को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए और टंकी की जर्जर हालत को सुधारना चाहिए।





## जैन सोश्यल ग्रुप ग्लोबल का शपथ ग्रहण समारोह 8 को



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** जैन सोश्यल ग्रुप ग्लोबल का शपथग्रहण समारोह 8 जून को बड़ी रोड़ स्थित रस्म रिसोर्ट में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल होंगे। इस सन्दर्भ में आज ग्रुप के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक से मिल समारोह के लिये आंमत्रित किया। समारोह प्रातः साढ़े दस बजे प्रारम्भ होगा। संस्थापक अध्यक्ष अशोक कुमार शाह ने बताया कि समारोह में शपथप्रदाता जेएसजी मेवाड़ रिज़न के चेयरमैन अरूण माण्डोत एवं समारोह अध्यक्ष शहर विधायक ताराचंद जैन होंगे। विशिष्ठ अतिथि जेएसजीआईएफ के उपाध्यक्ष आर.सी.मेहता, निवर्तमान चेयरमैन एवं अन्तर्राष्ट्रीय डायरेक्टर अनिल नाहर,सम्मानित अतिथि पूर्व चेयरमैन ओ.पी.चपलोत,मोहन बोहरा,चेयरमैन इलेक्ट पारस ढेलावत,वाइस चेयरमेन जितेन्द्र हरकावत,महेश पोरवाल, हिमांशु मेहता,सचिव आशुतोष सिसोदिया,सह सचिव पूरणमल मेहता,महावीर नावेदिया,श्यामलाल सिसोदिया,अर्जुन खोखावत,शुभम गांधी,मंजू गांग,सुनील गांग मौजूद रहेंगे। शाह ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी में परम संरक्षक के रूप में पूर्व आईएएस सुमतिलाल बोहरा,जतिन गांधी,संस्थापक अध्यक्ष अशोक शाह,उपाध्यक्ष प्रवीण कोठारी,महावीर सिंघवी,सड्डुचिव राजकुमार भोरावत,सह सचिव योगेश अखावत,कोषाध्यक्ष मदन देवड़ा,जमनालाल हपावत,सुरेश जैन,केशुलाल जावरिया,विनोद फान्दोत,डॉ. अल्पेश,ऋषभ मुंगेड़िया,अभय शाह,कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेन्द्र कोठारी,सुशील गांधी,मनीष वेड़ा,हेमन्त शाह,सोहन कलावत,राजराजेश्वर जैन,नरेन्द्र कुमार जैन व मनीष सोनी का मनोनयन किया गया है।

## पुजारियों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी कपिल कुमार को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** पावटा पुजारी सेवक महासंघ के अध्यक्ष एवं झीड़ा के बालाजी महंत पंडित सोहन लाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पुजारियों ने उल्लेख किया है कि राज्य सरकार पुजारी प्रोटक्शन बिल अति शीघ्र लागू करे तथा कृषकों के समान पुजारियों को खातेदारी सम्बन्धित अधिकार, पुजारियों को पंचायत राज द्वारा पट्टे जारी, बिजली एवं पानी के बिल निशुल्क, सेवा एवं भोग की राशि में वृद्धि एवं पुजारी कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन किया जाए। पुजारियों ने राज्य सरकार से इन मांगों को अविलंब पूरा करने की अपील की है। उनका कहना है कि पुजारियों की इन मांगों को पूरा करने से उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार होगा।

गर्मी की तप्त में पानी की किल्लत बनी परेशानी का सबब

# पानी सप्लाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उप तहसीलदार साहवा को सौंपा ज्ञापन

### पानी की मांग के लिए हाथों में तख्तियां लेकर उपतहसील कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों

बढ़ता राजस्थान



**साहवा (कृष्ण कुमार)।** नगरपालिका क्षेत्र के कुछ वार्डो में पिछले काफी समय से पेयजल सप्लाई नहीं होने की समस्या लगातार बनी हुई है। गर्मी की तप्त में पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने उपतहसील कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार साहवा को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को ग्रामीण नियमित पानी सप्लाई की मांग के लिए हाथों में तख्तियां लेकर उपतहसील कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने उप तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में बताया कि वार्ड नंबर 5 में पिछले एक माह से पानी सप्लाई नहीं होने की गंभीर समस्या बनी हुई है वहीं साहवा से टीडीयासर रोड़ पर बनी ढाणियों में, जहां करीब 2 वर्ष पहले डाली गई पेयजल लाईन में आज तक एक बार भी पानी सप्लाई नहीं आया। इसी प्रकार वार्ड नंबर 1 के कुछ घरों तथा वार्ड 16 में भाटिया कॉलोनी सहित अनेक घरों तथा वार्ड 6 व 7 में पारीक मोहल्ले सहित अनेक घरों की तरफ कई मोहल्लों में पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। बढ़ती गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदित रहे कि गर्मी शुरू होने के साथ ही कस्बे के अनेक वार्डों में नियमित पानी सप्लाई की समस्या बनी हुई है पेयजल समस्या से परेशान ग्रामीणों तथा विभिन्न राजनैतिक और सामाजिक संगठनों ने कई बार साहवा जलदाय विभाग में पानी सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त करने के संबंध में ज्ञापन भी दिए, लेकिन पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। ज्ञापन देने वालों में संजय भरूण्डिया, सुभाष मिरासी, मांगीलाल जांगिड़ ,सुनील भरूण्डिया, फुलाराम बेरवाल, राजवीर गिवारिया, हुक्मीचंद बेरवाल, मनीष बेरवाल, होशियारी लाल भरुण्डिया, संदीप, कमलेश, सीताराम, नरेश, अक्षय, रोहितास, सोनू, सुरेश, भँवरलाल बेरवाल, शिवनारायण मुंदलिया, शौकीन खान कुम्हार, रोहिताश सैनी, दारासिंह सोनी, रामेश्वरलाल सोनी सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## 'आपका सेवक आपके द्वार'कार्यक्रम विधायक कुलदीप धनखड़ ने लिया कस्बे के विकास कार्यो का जायजा



बढ़ता राजस्थान

पावटा (सुशील कुमार बंसल )। स्थानीय कस्बे में आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड़ ने बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कस्बे की कालोनियों में चल रहे विकास कार्यो और साफ सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने कस्बे के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और आमजन की समस्याएं सुनी। विधायक कुलदीप धनखड़ ने कस्बे के घंटाघर चौक, जोशियो का मौहल्ला, सार्वजनिक पार्क, नाईयों का मौहल्ला, मुख्य बाजार और सब्जी मंडी कट के पास बने नाले सहित विभिन्न कॉलोनियों का जायजा लिया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को सफाई व्यवस्था दुरस्त करने के निर्देश दिए और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। विधायक ने कहा कि जनता जनार्दन की सेवा करना मेरा पहला कर्तव्य है और वे इसी उद्देश्य के साथ काम कर रहे हैं।

उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे अपनी समस्याएं निर्भीक होकर बताएं और विकास कार्यो में सहयोग करें। इस अवसर पर पावटा उपखण्ड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी फतेह सिंह मीना सहित आमजन उपस्थित रहे। सभी ने विधायक के इस कार्यक्रम की सराहना की और कस्बे के विकास के लिए उनके प्रयासों की प्रशंसा की।

## विधायक दीप्ति माहेश्वरी के प्रयासों से 24 घंटे में ही स्वीकृत हो गई 2 लाख की अनुग्रह राशि

### विधायक माहेश्वरी के प्रयासों से मृतक निर्माण श्रमिक के परिजनों को मिली त्वरित राहत

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के प्रयासों से एक मृतक श्रमिक के आश्रित को 24 घंटे में 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि स्वीकृत हुई है।श्रम कल्याण अधिकारी उमेश राईका ने बताया कि ग्राम पंचायत बामनटुकड़ा के ग्राम आरवाड़ा निवासी निर्माण श्रमिक श्रीमती रोशमी कुमावत पति श्री बंशीलाल कुमावत की सामान्य मृत्यु हो गई थी।

यह मामला जब विधायक दीप्ति माहेश्वरी के संज्ञान में आया तो उन्होंने तत्परता से समाजसेवी मनीष दवे को मृतका के घर भेजा और अनुग्रह राशि के दस्तावेज तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रम कल्याण अधिकारी को तत्परता से प्रकरण में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।अनुग्रह राशि का आवेदन ई-मित्र के माध्यम से 3 जून को अपलोड किया गया और विधायक श्रीमती माहेश्वरी के निर्देशन में श्रम विभाग ने 24 घंटे में ही आवेदन की जांच कर 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि स्वीकृत कर दी। बुधवार को विधायक माहेश्वरी द्वारा विधायक जनसुनवाई केंद्र में आश्रित श्री बंशीलाल कुमावत को राहत पत्र प्रदान किया। इस दौरान राजसमंद प्रधान अरविन्द सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहे। विधायक श्रीमती माहेश्वरी ने कहा है कि राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण और त्वरित राहत प्रदान करने की दिशा में प्रतिबद्ध है।

## मिस्टर एंड मिस लेक सिटी' के चौथा ऑडिशन आयोजित, प्रतिभागियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** क्रिएशन ग्रुप की ओर से अर्बन स्क्वेयर मॉल में ग्रैंड फैशन इवेंट 'मिस्टर एंड मिस लेक सिटी' के चौथे ऑडिशन का आयोजन किया गया। फैशन डिज़ाइनर,कोरियोग्राफर एवं क्रिएशन ग्रुप के डायरेक्टर,शो ऑर्गेनाइजर राजेश शर्मा ने बताया कि इस ऑडिशन में 2 वर्ष से लेकर 45 वर्ष तक के लगभग 50 प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिया। ऑडिशन में प्रतिभागियों ने कैटवॉक के पश्चात संक्षेप में अपना परिचय एवं अपनी टैलेंट का प्रदर्शन भी किया। टैलेंट राउंड में प्रतिभागियों ने बॉलीवुड डांस,स्वरचित कविताएं, मोटिवेशनल पंक्तियां व पुशप्स की प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों ने इस अवसर पर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं उनमें इस ऑडिशन को लेकर बहुत उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उदयपुर की जानी-मानी हस्तियां चंद्रकला चौधरी, पीएफसी एजुकेशन से मीनाक्षी भेरवानी, इंस्टाग्राम इनफ्लुएंसर श्रीमती रमा शर्मा,अगम्य मीडिया से विप्लव कुमार जैन एवं अर्बन स्क्वेयर मॉल से लवदीप उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रथम ऑडिशन से चयनित मॉडल्स ने तथा विगत वर्षों के विनर मॉडल्स ने भी रैंप वॉक की। विगत वर्षों के विनर्स में फैशन डिजाइनर रिमझिम शर्मा , मॉडल एक्टर प्रिया कुमावत मिस लेक सिटी टीम 2022 विनर दिव्यांशी सालवी, ब्रांड एंबेसडर नेहल वडाला, मिस लेक सिटी रनर अप कशिश जैन , उत लेकसिटी टीन विनर ज्योतेंद्र सिंह, उत लेक सिटी रनर अप रौनक राव, उत लेक सिटी रनर अप दिव्यांश जैन, उत लेक सिटी रनर अप कुणाल बागोरा मौजूद रहे। अंत में शो ऑर्गेनाइजर राजेश शर्मा ने बताया कि पांचवां ऑडिशन शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा। सभी ऑडिशन्स में चयनित प्रतिभागी सीधे फाइनल्स में सम्मिलित होंगे, जो उदयपुर में जून में ही आयोजित किया जाएगा।

## राजसमंद मे भी लम्पी स्किन डिजीज से बचाव के लिए शुरू हुआ टीकाकरण अभियान

### गायों को लम्पी से सुरक्षा देने निकली टीमें, गोवंश की रक्षा के लिए सरकार ने कसी कमर, पशुपालकों को राहत,

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले में गौवंश को लम्पी स्किन डिजीज जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश सहित जिले भर में 'लम्पी स्किन डिजीज रोग प्रतिरोधक टीकाकरण अभियान' शुरू हो गया है। यह अभियान 2 जून से 2 अगस्त 2025 तक संचालित किया जाएगा, जिसमें गॉट पॉक्स वैक्सीन (उत्तरकाशी स्ट्रेन) का उपयोग कर 4 माह से अधिक उम्र के स्वस्थ गौवंश का टीकाकरण किया जाएगा। राजसमंद में भी कई गांव में पशु निरीक्षक द्वारा तक लगाया जा रहे हैं,

**मानसून से पहले पूरी होगी हर्डइम्युनिटी की तैयारी :** प्रभारी राजकीय पशु चिकित्सा उपकेंद्र बामनटूकडा केशव बघेल (पशुधन निरीक्षक) बताया कि यह टीकाकरण मानसून से पूर्व इसलिए किया जा रहा है ताकि वेक्टर जनित संक्रमणों की गतिविधि बढ़ने से पहले ही पशुओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित की जा सके। इससे समय रहते 'हर्डइम्युनिटी' सुनिश्चित होगी और महामारी पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।

**जिले में माइक्रो-लेवल प्लानिंग से होगा कार्य :** जिले की प्रत्येक पशु चिकित्सा संस्था को स्थानीय गोवंश की संख्या के अनुसार टीकाकरण लक्ष्य दिया गया है। अभियान में पशु मित्रों, प्राइवेट वैक्सीनेटर्स तथा मोबाइल वेटनरी यूनिट्स की भी सहायता ली जाएगी। टीकों को वैक्सीन के भंडारण और परिवहन 2 से 8 डिग्री सेल्सियस तापमान पर करते हुए सुनिश्चित किया गया है।

**इन क्षेत्रों में शत-प्रतिशत टीकाकरण अनिवार्य :** पिछले वर्षों में जहां-जहां लम्पी का प्रभाव ज्यादा रहा था उन क्षेत्रों को प्राथमिकता सूची में रखा गया है। गौशालाएं, संरक्षित वन्य क्षेत्र व वनों की परिधि में 5 से 10 किलोमीटर समीप के गांव और जिले से लगते राज्यों के सीमावर्ती इलाके इस अभियान के केंद्र में हैं जहां शत प्रतिशत टीकाकरण अनिवार्य है।

**गर्भवती गायों के लिए विशेष सावधानी :** टीकाकरण के दौरान गर्भवती गायों को विशेष सावधानी से टीका लगाया जाएगा वहीं भैंसों और बीमार, रोग ग्रस्त पशुओं का टीकाकरण नहीं किया जाएगा। यह प्रक्रिया स्वास्थ्य मानकों व वैज्ञानिक विधियों से की जाएगी।

## जाट की सराय के निवासियों ने जलभराव की समस्या को लेकर एसडीएम हेमराज गुर्जर को ज्ञापन सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** जाट की सराय के निवासियों ने जलभराव की समस्या को लेकर एसडीएम हेमराज गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। वार्ड संख्या 36 की पार्षद पूनम देवी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने मंगलवार को यह ज्ञापन दिया। मुख्य रास्ते पर जलभराव की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से गंदगी और कीचड़ की समस्या बनी हुई है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि बदबू और गंदगी से बीमारियां फैलने का खतरा है। लोगों ने ज्ञापन देने से पहले क्षेत्र में प्रदर्शन भी किया। उन्होंने मानसून से पहले जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है।इस दौरान युवराज बेनीवाल, राहुल, सोनू बैनीवाल, राधे, जीतू, सीमा, रघु, रुमाली देवी, पीयूष, सुमन देवी, पूजा, कन्हैया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

# जल संरक्षण की दिशा में क्रांतिकारी कदम साबित होगा वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान : जिला प्रभारी मंत्री

- प्रेस वार्ता में मीडिया से रूबरू हुए जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल
- श्री जोगाराम पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राज्य सरकार भूजल स्तर बढ़ाने तथा जल संचयन पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी उद्देश्य के लिए राज्य सरकार ने विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगादशमी के अवसर पर वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान चलाने का ऐतिहासिक एवं भागीरथी फैसला लिया है। अभियान में समाज के सभी वर्गों को जोड़कर सर्वस्पर्शी बनाने का प्रयास किया जाएगा और इस प्रकार जल संरक्षण की दिशा में यह अभियान निर्णायक एवं क्रांतिकारी साबित होगा। यह कहना है जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल का। जोगाराम पटेल ने यह बात बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को हमारी परम्परा और संस्कृति से जोड़ते हुए वंदे गंगा कलश यात्रा तथा जलाशयों पर पूजन कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। अभियान के तहत जल संचय संरचनाओं का निर्माण, जल स्रोतों की साफ-सफाई, परंपरागत जलाशयों का पुनरूद्धार, पर्यावरण व जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित होंगी। उन्होंने कहा कि जन-जन की भागीदारी से ही अभियान जन आंदोलन का रूप ले सकेगा। अभियान जल संरक्षण के माध्यम से राज्य को जल स्वावलम्बी बनाने के लिए चलाया जा रहा है। इससे व्यापक जन को जोड़ने की आवश्यकता है। यह अभियान में समाज के सभी वर्गों को जोड़कर सर्वस्पर्शी बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समस्त जल स्त्रोतों की आवश्यक मरम्मत करवाने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि जल स्त्रोतों पर अतिक्रमण नहीं हो। अभियान में अधिक से अधिक जन भागीदारी के लिए जन प्रतिनिधियों, धर्म गुरुओं, राजीविका से जुड़ी महिलाओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जल संरक्षण की अपील करवाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

**प्रभारी मंत्री ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक :** इससे पहले प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक ली। जयपुर जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती श्रेया गुहा की मौजूदगी में आयोजित समीक्षा बैठक में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों, बजट घोषणाओं एवं सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जानकारी दी कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज वन विभाग, जल संसाधन एवं अन्य विभागों के 56.49 करोड़ की लागत के 1778 कार्यों का लोकार्पण एवं अवलोकन किया जावेगा। शहरी क्षेत्र में गलता जी तीर्थ, जग्गा की बावडी, खनिया की बावड़ी एवं अन्य महव्वपूर्ण स्थानों पर श्रमदान, पौधारोपण तथा साफ सफाई का आयोजन किया जावेगा। साथ ही, विभिन्न विभागों के करीब 99 करोड़ की कुल 1 हजार 949 कार्यों का शुभारंभ एवं शिलान्यास किया जायेगा। अभियान के तहत 1 हजार 500 राजस्व गांवो में पोधारोपण का कार्य भी किया जावेगा। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, आयुक्त नगर निगम जयपुर श्रीमती रुकमणी रियार, आयुक्त नगर निगम जयपुर हैरिटेज श्री अरुण कुमार हसिजा, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) श्रीमती विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) श्री आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) श्रीमती कुंतल विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) श्री देवेन्द्र कुमार जैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) श्री संतोष मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) श्री मुकेश कुमार मूंड, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दूदू) श्री गोपाल परिहार सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने शिरकत की।



## अवैध खनन का नाप जोखकर पैनल्टी कायम करने सहित अवैध खनन पर अंकुश लगाने की मांग

### ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर दिया धरना, जिला कलक्टर ने एसडीएम एएमई व डीएसपी को मौके पर बुलाकर ग्रामीणों की सुनवाई करने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** अवैध खनन का नाप जोखकर पैनल्टी कायम करने सहित अवैध खनन पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर के ग्रामीणों ने सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास की अगुवाई में बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचकर धरना दिया। जिस पर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने एसडीएम बृजेश चौधरी, एएमई पुष्पेन्द्र जोधा व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक़ को मौके पर बुलाया और ग्रामीणों की सुनवाई करने के निर्देश दिये। इस दौरान धरनार्थियों को मिटिग हॉल में बैठाकर सुनवाई की गई। तीनों अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि पवाना अहीर में सुर्यास्त व सुर्योदय तक खनन कार्य पर पूर्णतया रोक की पालना कराई जायेगी, यदि उल्लंघन किया गया तो खनन पट्टों को निरस्त कराने की कार्यवाही की जायेगी। एएमई पुष्पेन्द्र जोधा ने अवैध खनन की पैनल्टी कायम करने का ठोस आश्वासन दिया। डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक़ ने ग्रामीणों की परेशानियों को वाजिब मानते हुये दोषियों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया।

इसके बाद ग्रामीणों ने धरना स्थगित करते हुये कहा कि यदि अब भी हमारी मांगों पर अमल नहीं हुआ तो फिर से धरना शुरू किया जायेगा। इस दौरान अमीचंद यादव, मूलचंद पंच, दीना सिंह, ग्यारसी लाल आर्य, रोहिताश यादव, हव. मन्नालाल यादव, लालचंद यादव, नंदाराम यादव, सतपाल यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कोटपूतली में डीजे कोर्ट गठन की घोषणा से अपार जोश, हर्ष व उत्साह का माहौल,अधिवक्ताओं ने जमकर मनाया जश्न

- न्यायालय परिसर के समक्ष जमकर आतिशबाजी, किया मिठाईयों का वितरण
- राज्य सरकार समेत जनप्रतिनिधियों व आन्दोलन में सहयोग करने वालों का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राज्य सरकार के विधि एवं विधिक कार्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव बृजेन्द्र जैन द्वारा सोमवार देर शाम सभी नवगठित 08 जिलों में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इनके समकक्ष न्यायालयों के गठन को मंजूरी दी गई है। वहीं नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में ही डीजे कोर्ट समेत वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश (सीजेएम) कोर्ट, किशोर न्याय बोर्ड व उपभोक्ता संरक्षण बोर्ड खोले जाने की घोषणा से क्षेत्र के अधिवक्ताओं समेत जनप्रतिनिधियों व आमजन में अपार जोश, हर्ष व उत्साह का माहौल है। उल्लेखनीय है कि नवगठित जिले के मुख्यालय कोटपूतली में ही डीजे कोर्ट व इसके समकक्ष न्यायालय खोले जाने की घोषणा को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली के बैनर तले लगातार दो माह तक धरना, प्रदर्शन सहित कार्य का बहिष्कार करते हुये आन्दोलन किया गया था। साथ ही पैदल मार्च, कोटपूतली बंद का आह्वान भी किया गया था। जिसके बाद कोटपूतली में ही डीजे कोर्ट खोले जाने का आश्वासन देते हुये कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत व विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने अधिवक्ताओं की हड़ताल व धरना प्रदर्शन को समाप्त करवाया था। सोमवार शाम जैसे ही राज्य सरकार द्वारा कोटपूतली में ही डीजे कोर्ट व इसके समकक्ष न्यायालय खोले जाने की घोषणा की गई, वैसे ही अधिवक्ताओं से लेकर जनप्रतिनिधियों, आमजन व विभिन्न वर्गो में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर समेत कार्यकारिणी सदस्यों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों व आमजन ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधि मंत्री जोगाराम पटेल समेत जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत व विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि लम्बे संघर्ष के बाद कोटपूतलीवासियों को यह सफलता मिली है। जिला न्यायालय खुलने से परिवादियों व आमजन को बेहद लाभ मिलेगा। साथ ही विधिक कार्यो में भी बेहद आसानी होगी। परिवादियों, अधिवक्ताओं व आमजन के लिये न्याय बेहद सस्ता व सुलभ होगा।

वहीं दुसरी ओर मंगलवार को भी अधिवक्ताओं में डीजे कोर्ट खोले जाने की घोषणा से बेहद उत्साह व उल्लास देखने को मिला। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं व कार्यकारिणी सदस्यों ने न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार पर एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी करते हुये आतिशबाजी की व मिठाईयों का वितरण किया। इस दौरान संघ के उपाध्यक्ष रंजीत वर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता रीछपाल चौधरी, अशोक सैनी, रामचन्द्र यादव, ओमप्रकाश सैनी, जितेन्द्र रावत, सुरेश मीणा, सागरमल शर्मा, हजारी लाल आर्य, प्रभा अग्रवाल, राजेन्द्र रहीसा, चेतराम रावत, दयाराम गुर्जर, मधुसुदन अग्रवाल, जयसिंह शेखावत, बजरंग लाल शर्मा, राजेन्द्र चौधरी, सतीश हाडिया, राजकमल बसीठा, विकास जांगल, किशन यादव, कृष्ण कुमार शर्मा, पी के जोशी, अशोक रहीसा, मुकेश यादव, विजय सैनी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में पाँच दिवसीय विशेष अभियान

### श्री अन्नपुर्णा रसोईयों का किया निरीक्षण, नमूने लेकर प्रयोगशाला में भिजवाये

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक व सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशानुसार आगामी 07 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार से पाँच दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा द्वारा कोटपूतली एवं बानूसर में श्री अन्नपुर्णा रसोईयों का निरीक्षण किया गया एवं आटा व दाल के नमूने लिये गये। साथ ही बानूसर के उप जिला चिकित्सालय में कैन्टिन का निरीक्षण कर दूध का सैम्पल लिया गया एवं कोटपूतली के बी.डी.एम. जिला चिकित्सालय की कैन्टिन से फ्रुट बेवरेज का नमूना लेकर जाँच प्रयोगशाला में भिजवाया गया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि निरामय राजस्थान अभियान के तहत सुरक्षित व स्वच्छ आहार को बढ़ावा देने के लिये अभियान शुरू किया गया है। सुरक्षित व स्वच्छ आहार ना केवल बीमारियों से बचाता है बल्कि पूरे परिवार के स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाता है। पौष्टिक आहार की अवधारणा में जंक फूड के स्थान पर श्री अन्न को शामिल करने एवं मोटे अनाज को भोजन में बढ़ावा देने के लिये अभियान के तहत आमजन को प्रेरित किया जायेगा।

साथ ही मिलावटी एवं खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थो का सेवन करने से स्वास्थ्य पर पडने वाले गंभीर प्रभाव, खाद्य सुरक्षा के नियमों का पालन करना प्रत्येक व्यापारी की जिम्मेदारी, बाजार में खाद्य उत्पाद खरीदते समय उनकी गुणवत्ता, पैकेजिंग और एक्सपायरी डेट की जाँच के लिये आमजन को जागरूक किया जायेगा।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया की निरीक्षण के दौरान श्री अन्नपूर्णा रसोई एवं कैन्टिनों को फूड लाईसेन्स डिस्पले करने, खाद्य पदार्थों के रखरखाव एवं साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये गये।

## ऑनलाइन परीक्षा करवाने का झांसा देकर युवक से ठगे पचास लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना इलाके में चार बदमाशों ने एक युवक को ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करवाने वाली कंपनी का संचालन करने और उसे परीक्षा में पास करवाने का झांसा देकर 50 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस के अनुसार अम्बा बाडी विद्याधर नगर निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि प्रमोद शर्मा, सुबोध शर्मा, रश्मि और मंजू जांगिड ने उसे एक ऑनलाइन परीक्षा करवाने वाली कम्पनी के संचालन की बात कहीं और फिर अपनी कंपनी का नाम इलवेयर नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड एण्ड ट्रेड मार्क परीक्षा डेस्क बताया। इसके बाद आरोपियों ने एक बडी परीक्षा में पास करवाने का झांसा दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन में उनके नेतृत्व में महिला मोर्चा देशभर में मजबूत हुआ

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** आज के दौर में जब महिलाओं को लेकर तमाम बातें होती हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर कार्य करने वाली महिलाओं की गिनती कम है, ऐसे में चमन कंवर ने अपनी सूझबूझ, समर्पण और नेतृत्व क्षमता से एक नई मिसाल कायम की है। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की महिला विंग की राष्ट्रीय प्रभारी के रूप में उन्होंने महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, पंजाब, बिहार, गुजरात जैसे राज्यों में महिला अध्यक्षों की नियुक्ति कर संगठन का एक मजबूत ढांचा खड़ा किया है।

**हर पीड़ित महिला की शिकायत को गंभीरता से लेती है टीम :** राजस्थान में चमन कंवर के निर्देशन में महिला विंग ने खास पहचान बनाई है। संगठन की यह टीम हर रोज़ 20 से 25 शिकायतों पर संज्ञान लेती है, जिनमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन शोषण, और अन्य महिला संबंधित मुद्दे शामिल हैं। टीम की खास बात यह है कि किसी भी मामले में देरी नहीं की जाती। जैसे ही कोई महिला अपनी समस्या बताती है, तुरंत संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर समाधान की कोशिश की जाती है।

**नेतृत्व का मतलब कुर्सी नहीं, ज़िम्मेदारी समझती हैं चमन कंवर :** चमन कंवर किसी भी महिला की समस्या को केवल एक आवेदन के रूप में नहीं देखतीं, बल्कि उसे अपनी जिम्मेदारी मानकर तुरंत कार्रवाई की पहल करती हैं। यही कारण है कि पूरे संगठन में उनका नेतृत्व सराहा जा रहा है। वे बिना किसी राजनीतिक प्रचार के समाजसेवा को ही अपनी प्राथमिकता मानती हैं और कहती हैं। हर उस महिला के साथ खड़ा होना मेरा धर्म है, जो अन्याय के खिलाफ बोल नहीं पा रही।

# काली पट्टी बाँधकर फर्स्ट ग्रेड परीक्षा की तिथि बदलने की मांग, शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

## मनोज मीणा के नेतृत्व में सैकड़ों अभ्यर्थियों ने किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** फर्स्ट ग्रेड परीक्षा की तिथि में बदलाव की मांग को लेकर मंगलवार को महेश नगर स्थित छुष्ठ पार्क में सैकड़ों अभ्यर्थियों ने आँखों पर काली पट्टी बाँधकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व युवा बेरोजगार नेता मनोज मीणा ने किया।

प्रदर्शन के बाद अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुँचकर पदाधिकारियों से मुलाकात की, साथ ही राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से भी भेंट कर पूरे मामले से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि वर्तमान तिथि न केवल हजारों 'अपेयरिंग' छात्रों के साथ अन्याय है, बल्कि यह यूजीसी नेट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा से भी टकरा रही है। मनोज मीणा ने बताया कि बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अभी बी.एड. और एम.ए. फाइनल ईयर में 'अपेयरिंग' हैं। इन छात्रों से परीक्षा फॉर्म भरवाया गया था, लेकिन अब अंतिम परिणाम जारी न होने के कारण उन्हें परीक्षा से वंचित किया जा रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है।

**आन्दोलन की दी चेतावनी :** प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि परीक्षा की तिथि को तत्काल स्थगित किया जाए और छात्रों के हितों को प्राथमिकता दी जाए।

मनोज मीणा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कोई निर्णय नहीं लिया तो यह आंदोलन और अधिक व्यापक रूप ले सकता है।

# शराब गोदाम पर रंगदारी वसूली को लेकर आगजनी की घटना के दो अभियुक्त गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त दो बाईक बरामद

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(नि.स.)।** स्थानीय थाना पुलिस ने विगत 24 व 25 मई की मध्य रात्रि को खरखड़ी मोड़ स्थित एक शराब गोदाम पर रंगदारी वसूली की मांग को लेकर कारित की गई । आगजनी की घटना के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि 24 मई की रात्रि को शराब गोदाम में कर्मचारी रंगलाल सो रहा था, तभी गोपालपुरा निवासी नाजिम पुत्र श्योनारायण, धन्ना समेत 3-4 लोग आये एवं आते ही गाली गलौच करते हुये 50 हजार रूपयों की फिरौती की मांग करने लगे। इसके लिये मना करने पर शराब गोदाम में आग लगा दी, जिसमें रंगलाल का चेहरा झुलस गया। पीड़ित ने बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई। हमलावर पैसे तैयार रखने एवं दुबारा आने की बात कहकर चले गये। इससे पूर्व भी मोबाईल से व्हॉट्सअप कॉल कर फिरौती की मांग करते रहे। देर रात्रि को बोलेरो गाड़ी में आकर 2 से 3 राउण्ड फायरिंग की एवं कहा कि पुलिस को सूचना दी तो परिणाम बहुत बुरा होगा। मामले में पुलिस ने गोपालपुरा निवासी घनश्याम उर्फ धन्ना (23) पुत्र ओमप्रकाश वाल्मिकी एवं ग्राम जयसिंहपुरा निवासी नवीन (29) पुत्र फूलचंद जाट को गिरफ्तार करते हुये वारदात में प्रयुक्त दो बाईक जप्त की है। साथ ही अभियुक्तगणों से पुछताछ निरन्तर जारी है।



## सम्पादकीय

# पाक भारत के दम को आजमाने की भूल न करें

भारत ने पहलगाम के नृशंस एवं बर्बर आतंकी हमले का जिस पराक्रम एवं शौर्य से बदला लिया, लेकिन विडम्बना है कि उस एकदम स्पष्ट सन्देश से पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं लिया, पाकिस्तान की ऐसे सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से भी अक्ल नहीं आयी। पाकिस्तान ऐसे कुत्ते की दूम है, जिसे चाहे कितना ही तरोड़ों-मरोडो वह टेढ़ी की टेढ़ी ही रहने वाली है। लेकिन इस बार भारत ने एक बड़ा सबक लिया है कि पाक के किसी भी झांसे एवं घड़ियाली आंसुओं में वह नहीं आयेगा। इसीलिये भारत हर मोर्चे पर सतर्क एवं सावधान है। भारत ने गैर-सामरिक एवं सामरिक मोर्चे पर सर्तकता दिखाते हुए तमाम समीकरण ही नहीं बदले हैं बल्कि भारत की सुरक्षा एवं आतंकवाद के खिलाफ सख्ती को तीक्ष्ण धार दी है। अब कोई भी आतंकी हमला युद्ध की चुनौती के रूप में लिया जाएगा और उसकी कड़ी एवं विध्वंसक प्रतिक्रिया ही होगी। भारत किसी परमाणु ब्लैकमेलिंग का शिकार नहीं होगा। आतंकियों और उनके समर्थकों में कोई भेद नहीं किया जाएगा। भारत आतंकवाद एवं कश्मीर के मामले में किसी भी महाशक्ति की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। भारत ने हाल की स्थितियों में जो भी निर्णय लिये स्व-विवेक से लिये, अमेरिका की इसमें कोई भूमिका नहीं रही। पाक भारत के दम को कमतर न आंके और उसे आजमाने की भूल न करें। भारत के कतिपय राजनीतिक दल एवं कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब भारत विजयी स्थिति में आगे बढ़ रहा था तब उसने शांति की पहल क्यों स्वीकार की? भारत ने बड़ी जीत हासिल कर ली थी और उससे भी बड़ी जीत के लिये उसकी तैयारी थी तो संघर्ष विराम क्यों किया? इसका जवाब भारत के शीर्ष नेतृत्व ने एकदम सरल तरीके से दिया है कि भारत ने अपने सभी लक्ष्य हासिल किए। भारतीय सेना को छह-सात मई की रात पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नष्ट करने के बाद उसके प्रमुख एयरबेस इसलिए नष्ट करने पड़े, क्योंकि उसने अपने यहां के आतंकी अड्डों को निशाना बनाए जाने से चिढ़कर भारत पर मिसाइल और ड्रोन दागने शुरू कर दिए थे। लाहौर और सियालकोट के एयर डिफेंस ध्वस्त कर दिए गए। 11 पाकिस्तानी एयरफील्ड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए। इनमें रावलपिंडी स्थित सामरिक महत्व वाला नूर खान बेस, सरगोधा में मुशाफ बेस और जैकबाबाद में शाहबाज बेस प्रमुख हैं। चूंकि भारतीय सेना की अभूतपूर्व जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह पस्त पड़ गया, इसलिए उसने सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई-भारत से भी और अमेरिका से भी। लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका की सैन्य कार्रवाई रोकने में कोई भूमिका नहीं थी। भारत आपरेशन सिंदूर इस शर्त पर स्थगित करने को तैयार हुआ कि इसके आगे की कार्रवाई में पाक की जनता को ही अधिक नुकसान एवं परेशानी झेलनी थी। भारत ऐसा नहीं चाहता था कि पाक आकाओं की नासमझी का शिकार आम-जनता हो। भारत ने आतंकी ढांचे को ध्वस्त कर दिया और जब पाकिस्तान ने भारतीय नागरिकों को निशाना बनाया तब भी भारतीय प्रतिक्रिया संयमित एवं उचित दायरे में रही। पाक दुष्प्रचार की पोल खोलने के लिए खुद प्रधानमंत्री आदमपुर एयरबेस गए। वह जिस सी-130जे सुपर हरक्युलिस से उतरे वही पाक के दावों को झुठलाने के लिए बहुत था। पाक के झूठे दावे अनेक बार तार-तार हुए है। अब भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प व्यक्त किया है कि आतंकियों और उनके आकाओं की कोई भी हरकत के परिणाम उनकी कल्पनाओं से भी परे होंगे। भारत कभी झूकेगा नहीं, युद्ध जैसी स्थितियां अस्तित्व बचाने के लिये ही है, किसी पर आधिपत्य करने के लिये नहीं।

भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव रुक जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह श्रेय लेने में देर नहीं लगाई कि उनके हस्तक्षेप के कारण दोनों देश हमले रोकने को राजी हुए।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 5 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- इंग्लैंड और नीदरलैंड 1507 में व्यापार समझौते पर सहमत हुए।
- मुगल साम्राज्य का शासक औरंगजेब 1659 में आधिकारिक रूप से दिल्ली की गद्दी पर बैठा।
- महान वैज्ञानिक आइजक न्यूटन ने 1661 में कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में दाखिला लिया।
- मुस्तफा 1664 को द्वितीय तुर्की का सुल्तान बना।
- बेंजामिन फ्रेंकलिन ने यह दर्शाने के लिए 1752 में पहली बार पतंग उड़ाई कि बिजली विद्यत का एक स्त्रोत है।
- ग्रीक की स्वतंत्रता की लड़ाई के दौरान तुर्कों ने एक्रोपोलिस और एथेंस पर 1827 में कब्जा किया।
- अमेरिका में फिलाडेल्फिया और बाल्टीमोर के बीच 1846 में टेलीग्राफ लाइन की शुरुआत हुई।
- अमेरिका के सेन फ्रांसिस्को में पैसिफिक स्टॉक एक्सचेंज की शुरुआत 1875 में हुई।
- बॉम्बे (अब मुंबई) में 1882 को तूफान और बाढ़ से करीब एक लाख लोगों की मौत।
- अमेरिकी नौसेना ने क्यूबा पर 1912 में तीसरी बार हमला किया।
- डेनमार्क ने 1915 को अपने संविधान में संशोधन कर महिलाओं को वोट का अधिकार दिया।
- अर्नेस्ट एलेक्जेंडरसन ने 1924 में अटलांटिक महासागर के पार पहला फैक्स भेजा।
- अमेरिका ने 1942 में बुल्गारिया, हंगरी तथा रोमानिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- डेनमार्क में 1953 को नया संविधान अंगीकार किया गया।
- इजरायल ने 1967 को मिस्त्र पर हमला कर उसके करीब चार सौ लड़ाकू विमान नष्ट कर दिए।
- अमरीका के शहर लॉस एंजेलस के एक होटल में मशहूर अमरीकी सांसद रॉबर्ट कैनडी के ऊपर 1968 में जानलेवा हमला हुआ था.
- विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन से हुई।
- ऑपरेशन ब्लू स्टार के तहत सिखों के धर्म स्थल पंजाब के अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में भारतीय सेना ने 1984 प्रवेश किया।
- सोवियत संघ के अंतिम राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचोव को 1990 को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- शाही हत्याकांड जांच आयोग के एक सदस्य माधवन के इस्तीफ़ से नेपाल में शाही परिवार की जांच का कार्य 2001 में अवरुद्ध किया ।
- भारत की सीमा पर साझा गश्त के प्रस्ताव को पाकिस्तान ने 2002 में खारिज किया।
- ताइवान ने अपनी पहली क्रूज मिसाइल का 2005 में सफल परीक्षण किया।
- अमेरिका ने भारत व चीन को 2008 को निगरानी सूची में डाला।
- नवाज शरीफ 2013 में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने।
- सबसे भारी रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 डी-1 का 2017 में सफल प्रक्षेपण।

# अद्भुत है भरतपुर गंगा माता का मंदिर

**ज्येष्ठ महा शुक्ल पक्ष की दशमी को गंगा दशहरा मनाया जाता है पौराणिक कथाओं के अनुसार स्थिति पर मां गंगा का अवतरण हुआ था जिन्हें राजा भागीरथ अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए लेकर आए थे गंगा दशहरा पर मां गंगा की पूजा करने एवं स्नान करने का महत्व है।**



यतेन्द्र पाण्डेय



### विशेष अनूठा है भरतपुर का मां गंगा मंदिर

भरतपुर में माता गंगा मंदिर के निर्माण की नींद तत्कालीन महाराजा बलवंत सिंह ने 1845 में रखी थी जिसके निर्माण के लिए कुशल कारीगर और शिल्पकारों को बुलाया गया जिले के ही बंसी पहाड़पुर के प्रसिद्ध पत्थर से माता मंदिर के निर्माण शुरू कराया गया महाराजा सवाई बृजेंद्र सिंह ने 22 फरवरी 1937 को मंदिर में गंगा माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई ऐसा कहा जाता है प्रतिमा का निर्माण एक मुस्लिम मूर्तिकार ने किया था। देश में गंगा मां के अनेक मंदिर स्थापित हैं भरतपुर में स्थित गंगा मैया के मंदिर जैसा पूरी दुनिया में विशाल और भाव दूसरा नहीं है यहां हर दिन गंगा मैया का गंगाजल से अभिषेक किया जाता है श्रद्धालुओं को भी प्रसादी के रूप में गंगाजल ही वितरित किया जाता है मंदिर में पूरे साल में 15 हजार लीटर गंगाजल से अभिषेक और प्रसाद वितरित किया जाता है माता का मंदिर 90 साल में बनकर तैयार हुआ जिसकी नक्काशी स्थापत्य कला और बबीता अपने आप में अद्भुत और आकर्षक है।

### गंगा मां ने महाराज को दिया पुत्र

भरतपुर रियासत के तत्कालीन महाराजा बलवंत सिंह को कोई संतान नहीं थी राजपुरोहित ने उन्हें हरिद्वार के हर की पैड़ी पहुंचकर गंगा मैया से संतान प्राप्ति के लिए प्रार्थना करने की सलाह दी महाराजा बलवंत सिंह ने हर की पैड़ी पर पहुंचकर गंगा मैया से पुत्र प्राप्ति की कामना के लिए प्रार्थना की कुछ समय पश्चात महाराजा बलवंत सिंह को महाराजा जसवंत सिंह के रूप में पुत्र की प्राप्ति हुई।

### पांच पीढियां करती रही निर्माण

माता गंगा के आशीर्वाद से पुत्र प्राप्ति के उपरांत महाराजा बलवंत सिंह ने 1845 में भरतपुर में गंगा मां के मंदिर के निर्माण की नियम राखी जिसको कुशल कारीगर शिल्पकारों द्वारा बंसी पहाड़पुर के प्रसिद्ध पत्थर से निर्माण कार्य प्रारंभ कराया मंदिर की नक्काशी स्थापत्य कला और भव्यता का पूरा ख्याल रखा गया । महाराजा बलवंत सिंह की आगामी पीढ़ियां बराबर मंदिर का निर्माण कार्य करती रही पांचवीं पीढ़ी ने 90 वर्ष में मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण कराया।

**मुस्लिम शिल्पकार में गढी गंगा मां की मूर्ति :** महाराजा सवाई बृजेंद्र सिंह दें 22 फरवरी 1937 को मंदिर में गंगा मां की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई थी मूर्ति का निर्माण एक मुस्लिम मूर्तिकार ने किया था वर्तमान में भी श्रृंगार के समय माता के कानों में कुंडल एवं नाक में नथनी मॉम के माध्यम से बनाई जाती है!

**15 हजार लीटर गंगाजल से अभिषेक :** गंगा माता की प्रतिमा का प्रतिदिन गंगाजल से अभिषेक किया जाता है प्रतिदिन श्रद्धालुओं को प्रसादी के रूप में गंगाजल ही वितरित किया जाता है इसके लिए लगभग 160 किलोमीटर दूर से टैंकरों में भरकर गंगाजल लाया जाता है उसे मंदिर की विशाल टंकी में भरकर रखा जाता है संपूर्ण साल में अभिषेक और प्रसादी में 15 लीटर गंगाजल काम में लिया जाता है !

**दुनिया का सबसे विशाल भव्य है मंन्दिर :** ऋषिकेश हरिद्वार एवं देश के विभिन्न भागों में गंगा माता के अनेक मंदिर स्थापित हैं परंतु भरतपुर के गंगा मंदिर जैसा भाव्य और विशाल मंदिर भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण दुनिया में कहीं नहीं मिलेगा दो मंजिला गंगा माता का मंदिर जिसकी इमारत 84 खाबो पर टिकी है मंदिर का सामने का भाग मुगल शैली पर आधारित है जबकि पीछे का हिस्सा बौद्ध शैली में निर्मित किया गया है मंदिर की छतो पर बने फूल पत्ते खंभो की सपाट, दरवाजा पर पच्चीकारी महराबों की गढ़ाई अपने आप में आकर्षित करती है।

### महल के झरोखे से होते थे गंगा माता के दर्शन

गंगा माता मंदिर का निर्माण लोहागढ़ से लेकर बिल्कुल सामने कराया था किले में स्थित झरोखे से राजा और रानी को सबसे पहले महल से ही गंगा मैया के दर्शन हो यह है महाराजाओं की गंगा मैया के प्रति विशेष श्रद्धा को दर्शाती है।

## पर्यावरण दिवस विशेष लेख

# धरती पुकार रही है क्या तुम सुन रहे हो?



संजय खाबिया

**हर सुबह जब सूरज उगता है, वह हमें एक नया अवसर देता है— जीवन को बेहतर बनाने का, और इस जीवन को संवारने वाली प्रकृति की रक्षा करने का। लेकिन अफ़सोस, इंसान ने इस अवसर को दोहराव में बदल दिया है— विकास के नाम पर विनाश की कहानी लिखी जा रही है।**

आज जब हम 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मना रहे हैं, तब यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जरूरी जागरूकता है। यह दिन हमें आईना दिखाता है—कि हमने क्या खोया है, और अब क्या बचाना बाकी है। वो धरती जो कभी हमारी माँ थी, अब हमारे कचरे की सबसे बड़ी शिकार बन चुकी है। वो नदियाँ जो कभी जीवनदायिनी थीं, आज प्लास्टिक और केमिकल्स से जूझ रही हैं। वो पेड़, जिनकी छांव कभी हमारी गर्मियों की राहत थी, अब आंकड़ों में सिमट कर रह गए हैं।

कभी गौर किया आपने—जब आप पंखे या ऐसी चलाते हैं, वो ठंडक सिर्फ आपके कमरे तक सीमित होती है। लेकिन जब एक पेड़ छांव देता है, तो वो राहगीरों, परिंदों, कीड़ों और पूरे पर्यावरण को राहत देता है। प्रकृति सहती है, सिखाती है, और अंत में— चेतावनी देती है। उसकी चेतावनी किसी भाषण में नहीं, बल्कि तूफानों में होती है। उसकी नाराज़गी ट्वीट में नहीं, बल्कि सूखे और बाढ़ों में उतरती है। और इन सबके बीच, हम इंसानों ने क्या किया? पेड़ काटे, वनों को सड़कों में बदला, नदियों को सीवेज बना दिया, और हवा में ज़हर घोल दिया।

अब सवाल उठता है—क्या हम सिर्फ माफी मांगकर सब ठीक कर सकते हैं? नहीं। अब ज़रूरत है कार्रवाई की। हर घर एक पौधा लगाए। हर बच्चा एक पक्षी के लिए दाना डाले। हर युवा एक झोला रखे ताकि प्लास्टिक से बचे। हर मोहल्ला एक जल-संरक्षण योजना बनाए। पर्यावरण की रक्षा किसी सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि हर साँस लेने वाले इंसान की जवाबदेही है।

ÒinfluenceÓ, now impact

आज का युवा वायरल वीडियो बना सकता है, ट्रेंड्स सेट कर सकता है, तो क्यों न "Plant A Tree Challenge" ट्रेंड हो? क्यों न "Save Water Sundays" शुरू हों? क्यों न "Eco-Friendly Fashion" हमारी पहचान बने?



अब वक्त आ गया है कि social media से आगे बढ़कर social awareness की बात करें।

यह लेख एक अंत नहीं, एक नई शुरुआत है आपके लिए, मेरे लिए, और हम सभी के लिए। धरती हमें अभी भी सह रही है, पर उसकी सहनशीलता का अंत निकट है। इससे पहले कि पेड़ किताबों में ही रह जाएं, नदियाँ सिर्फ कहानियों में बहें, और शुद्ध हवा एक लक्ज़री बन जाए

उठिए। सोचिए। और कुछ कीजिए। अगर धरती सुरक्षित नहीं रही, तो हमारा कोई भी भविष्य नहीं रहेगा।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं आईपीएस ऋचा तोमर जोकि इस समय झालावाड़ एसपी पद को सुशोभित कर रही हैं। 26 दिसम्बर सन 1986 को उत्तर प्रदेश में जन्मी ऋचा स्कूली दिनों से ही पढ़ाई में काफी तेज थीं, उनकी शुरुआती पढ़ाई-लिखाई बागपत शहर से ही हुई है, इसके बाद उन्होंने चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ से बीएससी किया है, इसमें वे टॉपर रह चुकी हैं, वहीं उन्होंने पोस्ट ग्रेजुएशन में माइक्रो बायोलॉजी से एमएससी किया है व मास्टर्स आफॅ पुलिस मैनेजमैंट का कोर्स किया और यूपीएससी पास कर भारतीय पुलिस सेवा में शामिल हुई। पुलिस उप आयुक्त (पश्चिम) पुलिस आयुक्तालय, जयपुर रही। पुलिस उप आयुक्त, जयपुर मेट्रो रेल निगम जयपुर। कमांडेंट, 8वीं बटालियन आरएसी नई दिल्ली। सहायक पुलिस आयुक्त, मानसरोवर जयपुर आयुक्तालय। सुपनपा, हैदराबाद में प्रशिक्षणाधीन रही। अक्सर हम कई सफल लोगों की संघर्ष की कहानी सुनते हैं आईपीएस ऋचा तोमर जिनकी कहानी किसी फिल्म से कम नहीं है,इस लड़की ने एक बेटी, पत्नी,बहू और मां को रोल निभाते हुए अपना सपना पूरा किया। उत्तर प्रदेश के बागपत की रहने वाली हैं तोमर और इनके पिता एक किसान हैं। ऋचा तोमर छह भाई-बहन हैं, इन्होंने साल 2019 में 24 अगस्त को ऑल राउंड लेडी प्रोबेशनर के तौर पर 1973 प्राबेश्र बैच ट्रॉफी अपने नाम की थी,बता दें ये ट्राफी उस प्रोबेशनर को दी जाती है, जो अपनी ट्रेनिंग के दौरान सबसे अच्छा प्रदर्शन करता है,ऋचा तोमर जब आईपीएस ऑफिसर बनी तो, उनका बेबी केवल 3 महीना का था, ऋचा तोमर ने सिजेरियन डिलवर करवाई थी, जिसके बाद उनके ऊपर अपने सपने के साथ शारीरिक चुनौती भी थी, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और अपने 1 साल के बच्चे को सास-ससुर के पास छोड़कर ट्रेनिंग पर चली गई थी। अपने अधिनस्थ कर्मचारी व अधिकारी के साथ बेहतरीन समन्वय और अपने उच्चाधिकारियों के साथ कुशल संबंध इन्हें आगे ले जा रहे हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



ऋचा तोमर( आईपीएस )
एसपी झालावाड़

रूपक शर्मा

## 2025_033 — बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | 8 | | | 1 | |
| 3 | 7 | | | | 2 | | | |
| 9 | | | | | | | 2 | 8 |
| | | 9 | 6 | | | | | |
| 8 | | | 7 | 5 | 1 | | | 6 |
| | | | | | 8 | 5 | | |
| 6 | 8 | | | | | | | 9 |
| | | | 4 | | | | 6 | 2 |
| | 9 | | | 1 | | | | 7 |

**Ans_2025_032**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 | 7 | 1 |
| 5 | 9 | 6 | 2 | 1 | 7 | 8 | 3 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 7 | 9 | 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 5 | 7 | 1 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 3 | 4 | 1 | 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आप प्रवास या किसी देव स्थान पर जा सकते हैं। जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, उनके लिए अनुकूल योग बनेंगे। बच्चों की चिंता परेशान करेगी। नौकरी करने वालों को उनके उच्च अधिकारियों का सहयोग नहीं प्राप्त होगा।

**वृष**
आपके विचार स्थिर नहीं होने से आप उलझन में रह सकते हैं। बिजनेस या नौकरी में प्रतियोगिता का माहौल रहेगा। आप सफलतापूर्वक उसमें से बाहर आ सकेंगे। किसी छोटी यात्रा होने की संभावना है।

**मिथुन**
आप किसी के साथ बहसबाज़ी न करें। खर्च होने की भी संभावना है। आपको पेट दर्द, दमा, खांसी जैसी तकलीफें हो सकती हैं, इसलिए स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शरीर और मन अस्वस्थ रहने से बेचैनी रहेगी।

**कर्क**
नौकरी या बिजनेस में पदोन्नति तथा आय में वृद्धि हो सकती है। आप अपने जीवन साथी के साथ नए काम का आरंभ करने के लिए अपने जो योजना बनाई है, उस पर अमल करने के लिए यह समय बहुत अनुकूल है। बिजनेस में भी लाभ होने का योग है।

**सिंह**
कलाकार, लेखक और साहित्यकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। आपकी वाणी के कारण आपके काम में प्रगति होगी और अन्य लोग उससे प्रभावित होंगे। नए काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कन्या**
खर्च बढ़ सकता है। विवाद से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपको विविध लाभ मिल सकते हैं। आपकी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण किसी लाभ से वंचित रह सकते हैं। आपको मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

**तुला**
किसी बौद्धिक या लेखन सम्बंधी प्रवृत्ति के लिए दिन अच्छा है। आपका मन उलझन में होने के कारण किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच पाएंगे। आपकी जिद के कारण किसी के साथ विवाद हो सकता है।

**वृश्चिक**
नौकरी करने वाले लोगों की पदोन्नति का योग है। आपको पिता से लाभ होगा। परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। दांपत्य जीवन भी अच्छा रहेगा। सरकारी कामकाज अच्छी तरह से पूरे होंगे। आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा।

**धनु**
आज आपको लाभ होने की उम्मीद है। दिन आरंभ होते ही आपको स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों और सगे- सम्बंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन कर सकेंगे। आज आर्थिक लाभ के साथ आपको उपहार भी मिल सकता है।

**मकर**
आपको शारीरिक और मानसिक भय का अनुभव होगा। मन में उलझन के कारण निर्णय लेना बहुत कठिन हो जाएगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से उदासी बढ़ेगी। माता के स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता हो सकती है।

**कुंभ**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

**मीन**
कड़े नियम आपको कठिनाई में डाल देंगे। खर्च बढ़ सकता है। पानी से दूर रहना हितकर है। आज खुशी, आनंद और शांति प्राप्त कर सकेंगे। अच्छे वस्त्र, मित्रों के साथ घूमना-फिरना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को आनंदमय बनाएंगे। आप प्राप्त अवसर को खो देंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान

# आज टोंक शहर के चतुर्भुज तालाब पर पूजन से होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ

## हर ब्लॉक एवं पंचायत में होंगे कलश यात्रा एवं पीपल पूजन कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान




**टोंक,( का.स. )।** गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार, 5 जून से 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' शुरू होगा। अभियान के तहत 5 जून को नदियों एवं परम्परागत तालाबों के पूजन तथा जल स्त्रोतों तक कलश यात्रा का आयोजन होगा। जिला स्तर पर इसकी शुरुआत जिले के प्रभारी एवं ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर चतुर्भुज तालाब पर पूजन एवं वंदे गंगा कलश यात्रा कार्यक्रम के साथ करेंगे। साथ ही, लवकुश वाटिका का लोकार्पण एवं पौधारोपण किया जाएगा। अभियान के तहत ब्लॉक स्तर के चयनित जल स्त्रोतों पर पूजन, वंदे गंगा कलश यात्रा, पीपल पूजन एवं हर पंचायत में कलश यात्रा तथा पीपल पूजन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में तुलसी पौधा वितरण, स्कूली बच्चों द्वारा वंदे गंगा प्रभात फेरी, निबंध, भाषण एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके अलावा जल स्त्रोतों की सफाई एवं नदी, बांध, सरोवर पर दीप प्रज्वलन, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई तथा आमजन को 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' की शपथ दिलाई जाएगी। चिन्हित स्थानों पर श्रमदान भी किया जाएगा। इसके साथ ही, जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों की सफाई की जाएगी। राजीविकाओं की महिलाओं द्वारा वंदे गंगा कलश यात्रा, पीपल पूजन, पौधारोपण एवं वितरण किया जाएगा। वन विभाग की नर्सरियों में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम, हरियालो राजस्थान की पूर्व तैयारियों के लिए गड्ढे खोदना, प्लास्टिक का उपयोग कम करने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। गांवों में ग्राम सभाओं का आयोजन, चारागाहों का चिन्हिकरण एवं पौधारोपण कामों की अग्रिम तैयारी, नुक्कड़ नाटक होंगे।

**बुधवार को हुआ रन फॉर एनवायरमेंट का हुआ आयोजन :** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 5 से 20 जून तक 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जल संचय, वृक्षारोपण, पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं स्वच्छता, जनभागिदारी को बढ़ावा देना है। इसी के तहत बुधवार को जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से छावनी तक रन फॉर एनवायरमेंट का आयोजन हुआ। रन फॉर एनवायरमेंट रैली को पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, जिला वन मंडल अधिकारी मरिय शाहिन ए ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो घंटाघर, बमोर गेट, पुलिस लाईन होते हुए छावनी में पहुंचकर संपन्न हुई। इसके माध्यम से आमजन को पर्यावरण स्वच्छता, जल संरक्षण का संदेश दिया गया। रैली में सीईओ परशुराम धानका, कोषाधिकारी हरीश लालावत, एसीएफ अनुराग महर्षि, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा, स्काउट गाइड, पुलिस के जवान समेत अन्य अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।



# भीषण हादसा : हाईवे पर दो पिकअप भिड़ी, ड्राइवर जिंदा जला

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** समीपवर्ती अलीगढ़ (टोंक) थाना क्षेत्र में गुजर रहे नेशनल हाईवे 116 पर तेज रफ्तार ने फिर एक जिंदगी छीन ली।

अलीगढ़ थाना क्षेत्र में चापोला मंदिर के पास दो पिकअप की आमने-सामने की टक्कर के बाद एक पिकअप में आग लग गई। इसमें पिकअप चालक जिंदा जल गया और दम तोड़ दिया। उसकी शिनाख्तगी के प्रयास जारी हैं। दूसरी गाड़ी का चालक भी गंभीर घायल है। उसे सवाई माधोपुर अस्पताल में भर्ती कराया है. हादसे के बाद हाईवे पर यातायात बाधित हुआ।

अलीगढ़ थानाधिकारी पवन कुमार चौधरी ने बताया कि बुधवार सुबह हाईवे पर चापोला-अलीनगर मोड़ पर दो गाड़ियों में भिड़ंत के बाद एक में आग लगने की सूचना मिली. मौके पर पंहुचे और अग्निशमन की गाड़ी बुलाकर आग पर काबू पाया. एक पिकअप में फंसे वाहन चालक को गैस कटर से गाड़ी काटकर निकाला. दूसरी गाड़ी के घायल को सवाई माधोपुर भेजा। मृतक चालक की पहचान नहीं हो सकी है।

पुलिस के अनुसार, दोनों वाहनों की टक्कर इतनी भयानक थी कि एक पिकअप ने तुरंत आग पकड़ ली। यह पिकअप सीएनजी संचालित थी. ऐसे में भिड़ंत के बाद केबिन में फंसे चालक को निकलने का मौका नहीं मिला और वह अंदर जिंदा जल गया। यह पिकअप सवाई माधोपुर से टोंक आ रही थी, जो हरियाणा रजिस्ट्रेशन नंबर की है। दमकल बुलाकर गाड़ी की आग बुझाई है. हाईवे पर ट्रैफिक सामान्य किया गया है।

# आदेश जारी : राजस्थान में 56 सरकारी स्कूल 8वीं से 12वीं तक होंगे अपग्रेड

## सवाई माधोपुर में पांच विद्यालय होंगे अपग्रेड

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान के 56 आठवीं तक के विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों की पढ़ाई अब नहीं छूटेगी।

शिक्षा विभाग ने इन विद्यालयों को आठवीं से सीधे बारहवीं में क्रमोन्नत कर दिया है। इस सत्र में नवमीं और दसवीं की कक्षाएं शुरू हो जाएगी। वहीं अगले सालों में 11वीं और 12वीं का अध्यापन शुरू होगा। कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर की ओर से प्रदेश के 56 विद्यालयों के क्रमोन्नति के आदेश जारी कर दिए हैं।

**यों भरेंगे पद :** क्रमोन्नत विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्य और वरिष्ठ अध्यापक को उनके विषय के वरिष्ठ अध्यापक पद पर समायोजित किया जाएगा। शारीरिक शिक्षक ग्रेड थर्ड को क्रमोन्नत राउमावि में शारीरिक शिक्षक पद पर समायोजित होगा। शिक्षक ग्रेड थर्ड लेवल एक व लेवल दो के ऐसे अध्यापक जिनका 6डी में सेटअप परिवर्तन हो गया है। उनका समायोजन क्रमोन्नत विद्यालय में उनके विषय पर होगा। शिक्षक ग्रेड थर्ड लेवल एक व लेवल दो के अध्यापकों की प्रविष्ठी शाला दर्पण में 3बी में की जाएगी। शिक्षक 6डी की कार्रवाई या अन्य शिक्षकों के पदस्थापन तक क्रमोन्नत विद्यालय में ही रहेंगे। इनका वेतन आहरण पहले की तरह प्रारंभिक शिक्षा विभाग से किया जाएगा।

**विषयों के लिए भेजेंगे प्रस्ताव :** क्रमोन्नत विद्यालयों में कला व संकाय के तहत तीन ऐच्छिक विषयों का निर्धारण विद्यार्थियों की रुचि एवं आवश्यकतानुसार किया जाएगा। निदेशक कार्यालय को इसका प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। क्रमोन्नत विद्यालयों में भवन की व्यवस्था समग्र शिक्षा अभियान, नाबार्ड, एमपीएलए, डीएमएलए, एलएडी और जनसहयोग आदि से की जाएगी।

मनरेगा श्रमिकों से संवाद कर जानी व्यवस्थाएं

# जिला कलक्टर ने खण्डार में मनरेगा कार्यो का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी बुधवार को खण्डार उपखण्ड के दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने खण्डार में मनरेगा कार्यों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

जिला कलक्टर ने पंचायत समिति खण्डार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत कचरा संग्रहण केन्द्र के पास नवीन तलाई खुदाई कार्य चारागाह भूमि छाण एवं मानसरोवर बांध पर सफाई और मरम्मत कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य स्थलों पर श्रमिकों की उपस्थिति, छाया, पेयजल एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, कार्य की गुणवत्ता, प्रगति की स्थिति एवं संपूर्ण कार्य प्रणाली की सूक्ष्मता से जांच की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा महिला श्रमिकों से संवाद कर छाया-पानी की व्यवस्था तथा वेतन भुगतान की जानकारी ली। श्रमिकों ने कार्यस्थल की सुविधाओं पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए वेतन भुगतान समय पर प्राप्त होने की बात कहीं। उन्होंने विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक पंचायत में फार्म नंबर 5 की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि इच्छुक ग्रामीणों को समय पर मनरेगा कार्य उपलब्ध कराए जा सकें।

**मानसरोवर बांध का किया निरीक्षण :** जिला कलक्टर ने मानसरोवर बांध का निरीक्षण कर जलभराव क्षमता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बांध के आस-पास अनावश्यक उगी कंटीली झाड़ियों की साफ-सफाई करवाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारी को दिए। उन्होंने मनरेगा योजना के तहत कार्य करने वाले श्रमिकों से संवाद कर छाया-पानी, वेतन भुगतान संबंधी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी सीमा खैतान, विकास अधिकारी राजाराम मीना, तहसीलदार पुष्कर सिंह, ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. कुलदीप मीना, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**खण्डार में चिकित्सा संस्थानों का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं बेहतर करने के दिए निर्देश :** जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छाण एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहरावण्ड़ा खुर्द का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छाण एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहरावण्ड़ा खुर्द के लैबों में जाकर मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के तहत होने वाली जांचों की जायजा लिया और व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने जिन सीएचसी एवं पीएचसी पर निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं है वहां पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने के निर्देश दूरभाष पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भीषण गर्मी के मध्यनजर वार्डो में अतिरिक्त बेडों की व्यवस्था रखने, आवश्यकतानुसार पर्याप्त पंखे, कूलर लगवाने, कूलरों में प्रतिदिन पानी बदलवाने, मरीजों और आगंतुकों के लिए शुद्ध और ठण्डे पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाने, सभी विद्युत उपकरण कार्यशील रखने के निर्देश चिकित्सा प्रभारियों को दिए।

# मिंया पुनीर ने बैठे ठाले ले लिया पंगा मोल

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** उपखण्ड के पचेवर गांव में साहितय संगम के तत्वावघान मे एक शाम शहिदो के नाम से विराट कवि सम्मेलन एवं अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन किया गया। बीति देर रात्रि आयोजित कपि सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए साहित्य संगम के पदाधिकारी सद्दाम हुसेन राठौड़ ने बताया कि कवि सम्मेलन में क्षेत्र केसुविख्यात कवि आर.एल. दीपक ने पहलगाम की घटना पर मुलजिम मियां मुनीर ने बैठे ठाले ले लिया पंगा मोल, पजामे इनके ढीले रोज करते गीले कविता प्रस्तुत कर भारतीय सैनिको का मान सम्मान बढ़ाया। इसके अलावा कवि सम्मेलन में अशोक चारण जयपुर ने रोली के रोने की, चूड़ियो के चिल्लाने की व नई सुहागिन की मेहन्दी के घर जाने , अयूब बिस्मिल जयपुर ने बीति बातो का मातम नहीं, नवीन अलवर ने लीलाहरि देश भक्ति नामक काव्य रचना प्रस्तुत की। ममता मंजूला टोंक ने अदायते ही सही पास सामान तो रखा बेवफा ही सही कोई पहचान को रखा, महबूब अली महबूब ने शजर का शामियाना चाहते हैं परिंदेआशियाना चाहते प्रस्तुत कर श्रोताओं की तालियां बटोरी। कवियों की कविताओं को सुनने के लिए श्रोता देर रात तक जमे रहे। आयोजको द्वारा कवि सम्मेलन के सभी कवियो सहित कार्यक्रम मुख्य अतिथि रामेश्वर गोब्या व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरपंच घनश्याम गुर्जर का स्वागत सम्मान किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस 2025 रन फॉर एनवायरनमेंट रैली आज

## सवाई माधोपुर देगा प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना थीम के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन, जिला पर्यावरण समिति एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, सवाई माधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी बलजीत मीणा ने बताया कि 5 जून को प्रातः 6.30 बजे जिला मुख्यालय स्तर पर विशेष जागरूकता रैली रन फॉर एनवायरनमेंट का आयोजन किया जाएगा। यह रैली जिला कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर पुलिस लाइन, सवाई माधोपुर में संपन्न होगी। रैली के उपरांत पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण किया जाएगा, साथ ही कपड़े के थैलों एवं पर्यावरण संरक्षण पुस्तिकाओं का वितरण भी किया जाएगा। साथ ही सभी उप-खण्ड स्तर पर भी विश्व पर्यावरण दिवस 2025 हेतु विभिन्न आयोजन किये जायेंगे। सभी प्रतिभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन ने समस्त शहरवासियों, युवाओं, स्कूली विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं पर्यावरण प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस जन-जागरूकता रैली को सफल बनाएं और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपना संकल्प दोहराएं।

## मीटिंग आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा अदालत के एडीजे कोर्ट के अवकाशगार में निःशुल्क विधिक सहायता को लेकर गठित समिति की बैठक तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं एडीजे स्नेहा जाखड़ की अध्यक्षता में आहुत हुई। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए तालुका विधिक सेवा समिति मालपुरा के सचिव रवि कुमार जांगीड़ ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के अध्यक्ष अयूब खान के निर्देशानुसार निःशुल्क सक्षम एवं विधिक सहायता अधिनियम एवं संशोधन विनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विनियम को लेकर गठित मानटरिंग औार परामर्शदात्री समिति की मीटिंग आयोजित हुई।

# विश्व पर्यावरण दिवस आज : पौधे रोपे, पक्षियों के लिए बांधे परिण्डे

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय कार्यालय, राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सवाई माधोपुर एवं प्राकृतिक सोसायटी, सवाई माधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा संचालित पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के तहत ग्राम डिडायच में पौधारोपण कर पक्षियों के लिये परिण्डे लगाये गये।

कार्यक्रम के दौरान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल क्षेत्रीय अधिकारी बलजीत मीणा एवं प्राकृतिक सोसायटी की अध्यक्ष रूपिंदर कौर ने ग्राम परिसर में लगभग 101 पौधे रोपित करने के साथ पक्षियों के लिए लगभग 15 परिण्डे लगाकर उनकी नियमित देखभाल तथा पानी का प्रबंध करने की जिम्मेदारी ग्रामवासियों को दी। क्षेत्रीय अधिकारी ने ग्रामवासियों को दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। इसके साथ ही कपड़े के थैले वितरित कर, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा कपडे एवं जूट के बने थैले उपयोग में लेने का आग्रह किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के कनिष्ठ पर्यावरण अभियन्ता राजकुमार गुर्जर एवं धर्मराज मीणा, कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी आकांक्षा शर्मा एवं डॉ. अंजलि उपाध्याय तथा सहायक लेखाधिकारी रविन्द्र कुमार मनोहरिया सहित अन्य कर्मचारी एवं प्राकृतिक सोसायटी के सदस्य हनुमान प्रसाद वैष्णव, ग्रामवासी विक्रम मीणा, बाबूलाल मीणा एवं गंभीर मीणा आदि उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण : चलेगा संकल्प से सिद्धि तक अभियान

## भाजपा ने नियुक्त किए अभियान के संयोजक और सहसंयोजक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मोदी सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प से सिद्धि तक अभियान चलाया जाएगा । भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेशचंद जैन को अभियान का संयोजक एवं पूर्व जिला महामंत्री जमनालाल वैष्णव और जिला उपाध्यक्ष दामोदर बिंदल को अभियान का सहसंयोजक नियुक्त किया है । संकल्प से सिद्धि तक अभियान के माध्यम से भाजपा मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

# शिव कावड़ यात्रा के पोस्टर का हुआ विमोचन

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** शहर के माणक चोक बाजार स्थित श्री गणेश मन्दिर में श्री शिव कावड़ यात्रा समिति की ओर से 20 व 21 जुलाई को निकाले जाने वाली 9वीं कावड़ यात्रा के प्रचार प्रसार के लिए जारी पोस्टर का विमोचन किया गया। समिति के विकास शर्मा ने बताया कि समिति के तत्वावधान में इस वर्ष पवित्र सावन मास के महीने में 20-21 जुलाई को 9वीं शिव कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा प्रचार प्रसार को लेकर समिति की ओर से पोस्टर जारी किया गया है। इस पोस्टर का बुधवार को माणक चोक के गणेश मन्दिर में विमोचन किया गया। इस मौके पर जिला आयोजना समिति सदस्य पार्षद एवं युवा समाजसेवी डॉ. अकिंत जैन सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक व समिति के सभी सदस्य मौजुद रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ होगा तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** बस स्टेण्ड स्थित श्री जड़ेश्वर महादेव मन्दिर ट्रस्ट की ओर मन्दिर में भगवान श्री राम दरबार का तीन दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारम्भ गुरूवार को भव्य व विशाल कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। ट्रस्ट के त्रिलोक विजय ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम व ट्रस्ट के सर्वसम्मति से हुए निर्णय के अनुसार बस स्टेण्ड स्थित श्री जड़ेश्वर महादेव मन्दिर में राम दरबार मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसके लिए प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य शुभारम्भ गुरूवार को प्रातः 7.15 बजे नवीन मण्डी बाजार स्थित श्री केदारनाथ मन्दिर से निकलने वाली भव्य एवं विशाल कलश यात्रा के साथ होगा। यह जुलुस शर के सभी मुख्य मार्गो से होकर बस स्टेण्ड कार्यक्रम स्थल पहुंचेगा। जहां प्रतिष्ठाचार्य पं. रमेश जी शास्त्री निवासी टोरड़ी के पावन सानिंध्य व निर्देशन में 7 जून तक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। महोत्सव के अन्तर्गत प्रतिदिन हवन यज्ञ सहित प्रतिष्ठा महोत्सव के अन्तर्गत सभी धार्मिक क्रियाऐं सम्पन्न होगी।

# 11 दिवसीय धार्मिक शिक्षण शिविर का समापन 8 जून को

## शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को पारितोषिक व प्रमाण पत्र किए जाएंगे वितरित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** बुधवार को स्कीम नम्बर 10 जैन भवन में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन कर श्री दिगम्बर जैन पूजन संघ अलवर एवं श्रमण संस्कृति संस्थान जयपुर द्वारा आयोजित 11 दिवसीय धार्मिक शिक्षण शिविर का समापन संबधित जानकारी पत्रकारों को दी गई। संस्थान अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन एवं मुख्य शिविर संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन द्वारा अवगत कराया गया कि मुनि पुगंव मुनि श्री 108 सुधासागर जी महाराज के चतुर्मास वर्ष 1999 के दौरान माह दिसम्बर में श्री अशोक जैन घी वाले एवं राकेश जैन पिंकी को आीर्वाद प्रदान कर जैन भवन स्कीम 10 के आस-पास के क्षेत्रो में निवास करने वाले सभी साधर्मी बन्धुओ को घर-घर जाकर पूजन, अभिषेक एवं स्वाध्याय करने के लिये प्रेरित करने हेतु प्रयास किये जाने के लिये आदेतित किया गया। इसी दौरान नरेन्द्र जैन पीडब्ल्यू.डी. वाले द्वारा इस प्रयास को एक संगठन का रूप देते हुये नामंकरण 'श्री दिगम्बर जैन पूजन संघ किया गया'। इस कार्य को करते हुये संस्थान ने 25 वर्ष पूर्ण किये तथा आगे निरन्तर प्रयास जारी है इन्ही प्रयासो की मेहनत के फ्ल के रूप में आज सभी मंदिरो एवं जैन भवन में लगभग 50-60 पुजारी प्रतिदिन पूजन एवं साध्याय करते है। संस्थान द्वारा इन 25 वर्षो में निम्न कार्य उपलब्धि के रूप में किये गये। पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान विषे रूप से जन्मकल्याणक पर कला व्यवस्था में सहयोग एवं प्रथम बार धौती दुपट्टा पहनाकर पाण्डुक शिला पर अभिषेक कराना। अलवर एवं विभिन्न क्षेत्रों के उपेक्षित जिन मंदिरो में सामूहिक पूजन के माध्यम से श्रावको को धर्म से जोडना। दालक्षण पर्व, महावीर जंयती एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमो में नियमित सक्रिय भागीदारी। ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविरो का आयोजन। संस्थान द्वारा विभिन्न तीर्थ क्षेत्रो की यात्रा कराना जिसमें पदयात्रा भी शामिल है। इसी कडी में संस्थान के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अलवर शहर के अतिरिक्त पूरे जिले एवं समीपवर्ती हरियाणा के फ़िरोजपुर झिरका सहित 16 स्थानो पर धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा हेतु शिविर दिनांक 23.05.25 से 03.06.25 तक आयोजित किये गये। इस शिविर में सहयोगी संस्था श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान अलवर रही जिन्होने 'लौकिक शिक्षा से धार्मिक िक्षा तक' की अवधारणा से पूर्ण सहयोग किया गया। शिविर के आयोजन में मुख्य रूप से अग्रवाल पंचायती मंदिर, ऋृषभ देव खण्डेलवाल पंचायती मंदिर, श्री चन्द्रप्रभू पंचायती मंदिर मुंाी बाजार एवं नन्दीवर दीप बडतला पंचायत के अध्यक्ष एवं कार्यकारीणी का सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त विशेष सहयोगी के रूप में श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान अलवर, अरिहन्त पब्लिकसिटी परिवार, सुशील जैन सी.ए. परिवार, सुशील जैन फॅाल वाले, पवन जैन चौधरी एवं सुश्री रितु जैन रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान की होगी शुरुआत, विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ( नि.स. )।** जिला प्रशासन द्वारा आगामी 5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता के लिए व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान की शुरुआत नगर परिषद खैरथल क्षेत्र स्थित सहजमल पार्क से की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 8:00 बजे कलश यात्रा से की जाएगी। कलश यात्रा 111 महिलाओं द्वारा नगर परिषद से प्रारंभ होकर सहजमल पार्क तक निकाली जाएगी। इसके पश्चात सहजमल जलाशय की सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कलश यात्रा व प्रभात फेरी के दौरान पर्यावरण संदेशों से युक्त उद्घोषणा की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर जल स्रोत पर दीप प्रज्वलन, जल पूजन एवं जल शपथ कार्यक्रम का आयोजन भी प्रमुख आकर्षण रहेगा। इसके अतिरिक्त आमजन को पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनाने के उद्देश्य से 111 तुलसी पौधे, 200 पक्षियों के लिए परिंडे, तथा 200 नॉन-प्लास्टिक बैग भी वितरित किए जाएंगे। पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इस अवसर पर ईको-फ्रेंडली आर्ट का निर्माण किया जाएगा।

## बहरोड़ में डीजे कोर्ट नहीं खुलने से आमजन का गुस्सा फूटा, विधायक डॉ जसवंत का फूंका पुतला

### लोगों ने कहा विधायक ने क्षेत्र की जनता को गुमराह कर उनके साथ विश्वासघात किया है




बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** बुधवार को पूर्व विधायक बलजीत के समर्थकों ने बहरोड़ में जिला एवं सत्र न्यायालय को लेकर कोतवाली थाने के सामने भारी विरोध प्रदर्शन किया और विधायक डॉ जसवंत यादव का पुतला फूंका व मुर्दाबाद के नारे लगाए। उनका कहना था कि विधायक डॉ. जसवंत यादव ने क्षेत्र की जनता को गुमराह कर विश्वासघात किया है। बहरोड़ में काफी समय से जिला न्यायालय की मांग की जा रही थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की लापरवाही व उदासीनता के कारण यह डीजे कोर्ट कोटपूतली में खोल दिया गया।प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि पूर्व विधायक बलजीत यादव के कार्यकाल में दो-दो केबिनेट मंत्री होने के बावजूद बहरोड़ को जिला का दर्जा मिला था। उस समय ये तय हुआ था कि आधे कार्यालय कोटपूतली के पनियाला के पास व और आधे कार्यालय बहरोड़ के सोतानाला के पास खोले जाएंगे। लेकिन वर्तमान विधायक की कमजोर पैरवी व उदासीनता के कारण ऐसा नहीं हो पाया। इस दौरान संदीप यादव सरपंच प्रतिनिधि तसिंग, लीलू शर्मा, सतीश यादव,वीरेंद्र यादव,सौदल पहलवान, पवन महाराजावास, दीपक पहलवान, भूपसिंह बोहराजी, राजेंद्र यादव, अमित यादव, हंसराज महावर, सुनील सैनी पार्षद, कालू, शिशुपाल चौधरी, संदीप बिचपुरी, सत्येंद्र यादव, अभिषेक यादव, होशियार सिंह, सोनू शेरपुर, राज यादव, सुदर्शन यादव, जयपाल, रमेश, हीरालाल यादव सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## पुलिस इतिहास के वातायन से' का विमोचन

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** प्रोफेसर विकास नौटियाल के द्वारा लेखित पुस्तक पुलिस इतिहास के वातायन से का विमोचन आज राजस्थान पुलिस अकादमी( आर.पी.ए. ) जयपुर में श्री बी.एल. कुमावत पूर्व महानिदेशक बी.एस.एफ., श्री हरीराम मीणा पूर्व महानिरीक्षक राजस्थान पुलिस, श्री एस. सेंगाथिर अतिरिक्त महानिदेशक राजस्थान पुलिस व निदेशक आर.पी.ए. जयपुर ने किया। प्रो. नौटियाल ने इस पुस्तक के माध्यम से आजादी के पूर्व व पश्चात पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में बताया है। इसमें इन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा किये गए बेहतरीन कार्यों के बारे में भी उल्लेख किया है। प्रो.विकास नौटियाल आर.ए.एस. वर्ष 2000 में राजस्थान कॉमर्शियल टैक्सेज सर्विसेज में ‹ष्टञ्जह्य में चयनित होने के कुछ माह नौकरी करने के पश्चात त्यागपत्र देकर अध्ययन व अध्यापन में रुचि की वजह से सरकारी महाविद्यालय में प्रोफेसर बन गए। प्रो.नौटियाल ने पूर्व में %पलासी से परमाणु तक% नाम से पुस्तक लिखी है। जिसका विमोचन आर.एस.एस. के पूजनीय सह कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने दिल्ली में कार्यक्रम में किया था। भारत सरकार के प्रोजेक्ट आधुनिक भारत का विस्तृत इतिहास लेखन टीम के भी सदस्य है। पुस्तक के लेखक कम्पनी बाग विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष सौरभ शर्मा के जीजाजी है। आज आरपीए में पुस्तक का विमोचन हुआ था। पूर्व कोतवाल भगत राम पूर्व एडिशनल एसपी इंद्र कुमार शर्मा के पिताजी व सौरभ शर्मा जी के दादाजी हैं।

# आपकी पैरवी करना मेरा कर्तव्य और् धर्म : शेखावत

## आपकी लड़ाई चौपाल से लेकर विधानसभा तक लड़ी, मुख्यमंत्री का आभार

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** अपर जिला सैशन न्यायाधीश कार्यालय परिसर में अभिभाषक संघ बानसूर द्वारा विधायक एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह रखा गया। सम्मान समारोह का कारण कोटपूतली बहरोड़ जिले का जिला सैशन कोर्ट कोटपूतली में खुलना रहा। इस मौके पर बोलते हुए विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि आपने मुझे जो ताकत दी है उसी के बलबूते पर मैंने यह लड़ाई आप सबके सहयोग से जीती है। उन्होंने कहा कि आपका संघर्ष ही यह रंग लेकर आया है जिसकी बदौलत कोटपूतली में डीजे कोर्ट को मंजूरी मिली है।

शेखावत ने कहा कि यह आपकी लड़ाई वाजिब थी जो हम सबके हक़ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने हम सबके संघर्ष को आगे तो बढ़ाया पर नियती में खोट रखा। आपके और् विराटनगर विधायक धनकड़ जी, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल जी के सहयोग से मैंने चौपाल से लेकर विधानसभा तक यह लड़ाई लड़ी है कि जिला स्तरीय सभी कार्यालय कोटपूतली में ही स्थापित हों। शेखावत ने कहा कि इसके लिए मैंने केन्द्रीय क़ानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सहित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तक आपकी बात पहुंचाई। उन्होंने कहा कि मैं केन्द्रीय क़ानून मंत्री व मुख्यमंत्री जी का हम सबकी और् से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ कि उन्होंने प्राकृतिक न्याय को महत्व देते हुए उचित फैसला किया।

इस मौके पर अभिभाषक संघ बानसूर के अध्यक्ष बनवारी लाल व उनकी कार्यकारिणी ने विधायक देवीसिंह शेखावत सहित प्रत्यक्ष और् अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का आभार जताया। वहीं उपस्थित सभी संस्थाओं के लोगों का स्वागत कर उनका मुँह मीठा कराया।इस मौके पर अनेक भाजपाईयों सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व अभिभाषक संघ के अभिभाषकों सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## तिजारा में मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई नकली दूध पाउडर की बड़ी खेप जब्त

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को तिजारा में मिलावटखोरों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई कि।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर विभाग ने बोगस ग्राहक बनाकर कार्रवाई की योजना बनाई। बोगस ग्राहक को मैसर्स गोविंद सीड्स, फिरोजपुर रोड तिजारा भेजा गया, जहां उसने लैक्टोज मोनोहाइड्रेट ड्राई पाउडर और स्प्रे ड्रॉयड स्किम्ड मिल्क पाउडर की मांग की। दुकानदार रवि कुमार पुत्र राजकुमार, उम्र 34 वर्ष, जाति सिंधी, निवासी तिजारा द्वारा नगद पैसे लेकर लैक्टोज मोनोहाइड्रेट का कट्टा सौंपा गया। तुरंत मौके पर मौजूद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दबिश देकर कट्टा जब्त किया। जब विक्रेता से खाद्य पदार्थ की बिल की मांग की गई, तो वह बिल प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में पता चला कि यह सामग्री मिलावटी दूध तैयार करने में उपयोग की जाती थी और डेयरी संचालकों एवं दूध विक्रेताओं को बेची जाती थी। इसके बाद विभाग ने गोदाम की सघन जांच की, जिसमें 16 कट्टे लैक्टोज मोनोहाइड्रेट ड्राई पाउडर और 2 कट्टे स्प्रे ड्रॉयड स्किम्ड मिल्क पाउडर (धौलपुर फ्रेश ब्रांड) के पाए गए। सभी कट्टों का नमूनीकरण कर जब्त कर लिया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा और रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात एफएसएसएआई अधिनियम 2006 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पर्यावरण संरक्षण- तितलियों की दुनिया को संवारती दीप कंवर की अनोखी पहल

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ /अलवर।** राजगढ़ उपखंड के समीपवर्ती मूनपूर गांव की बहू हाल जयपुर निवारू रोड निवासी पर्यावरणविद् और सोशल एक्टिविस्ट दीप कंवर ने अपनी छत पर एक सुंदर और जैव विविधता से भरपूर किचन गार्डन विकसित किया है। इस बग़ीचे की देखभाल के दौरान उन्हें अक्सर तितलियों के अंडे मिलते हैं, जिन्हें वे बड़े जतन से संरक्षित करती हैं। इन अंडों से तितलियों का पूरा जीवन चक्र—अंडा, लार्वा, प्यूपा और वयस्क—संपन्न होता है, जिससे नई तितलियाँ जन्म लेती हैं। दीप कंवर न केवल तितलियों को जीवन दे रही हैं, बल्कि उनके संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका के प्रति लोगों को जागरूक भी कर रही हैं। तितलियाँ परागण में सहायक होती हैं, जिससे सब्जियों और फलों की पैदावार में वृद्धि होती है। वे अपने फोटो और वीडियो के माध्यम से तितलियों के जीवन चक्र की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करती हैं, जिससे आमजन को इस अद्भुत प्रक्रिया के बारे में जानने का अवसर मिलता है। उनका मानना है कि हर व्यक्ति अपने घर की छत या बालकनी में थोड़ी सी जगह देकर तितलियों के लिए सुरक्षित आश्रय बना सकता है। दीप कंवर का यह प्रयास न केवल प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि यह एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है कि कैसे एक व्यक्ति भी प्रकृति संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### टूटी सड़क के चलते दुघर्टनाए ना हो इसके लिए नेताप्रतिपक्ष ने डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि अलवर को हरियाणा के जिला मुख्यालय नारनौल से जोडने वाले बहरोड स्टेट हाइवे.52 की जर्जर सड़क से राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि लगभग 80 किलोमीटर के इस स्टेट हाइवे पर 3 टोल प्लाजा हैं, जिनसे सरकार को भारी राजस्व प्राप्ति होने के बावजूद इस स्टेट हाइवे की सड़क जर्जर अवस्था में हैए जिससे आए दिन दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। जूली ने कहा कि जनहित के इस मुद्दे और उक्त क्षतिग्रस्त सड़क की वर्षा ऋतु से पूर्व मरम्मत करवाने का श्रम करे ताकि आगामी भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि सड़क की खस्ता हालत के कारण स्थानीय लोगों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उड़ती धूल.मिट्टी जहां राहगीरों और आसपास रहने वालों का जीवन दूभर कर रही है।

## विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष में तिजारा में अन्नपूर्णा रसोई पर विशेष निरीक्षण, नमूने लिए गए



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार द्वारा विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस (7 जून) के उपलक्ष में चलाए जा रहे विशेष साप्ताहिक नमूनीकरण एवं निरीक्षण अभियान के तहत बुधवार को तिजारा में खाद्य सुरक्षा विभाग और नगर परिषद तिजारा की संयुक्त टीम द्वारा अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अन्नपूर्णा रसोई संचालन करने वाली दो फर्मों से खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए। मैसर्स अन्वेष एजुकेशन फाउंडेशन, जो पंचायत समिति भवन के पास संचालित है, से गेहूं का आटा, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और नमक के नमूने लिए गए।

वहीं, मैसर्स यंग वेलफेयर समिति, बस स्टैंड के पास से मिक्स दाल, चावल और लाल मिर्च पाउडर के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद तिजारा आयुक्त ने अन्नपूर्णा रसोई में कई खामियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि रसोई पर कोई होर्डिंग, भोजन का मेन्यू बोर्ड उपलब्ध नहीं था, और साफ-सफाई की स्थिति भी असंतोषजनक पाई गई। उन्होंने संबंधित फर्मों के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस संयुक्त कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव, आयुक्त मनीषा यादव, महिपाल गुर्जर सहित विभागीय टीम मौजूद रही। सभी लिए गए नमूने अब प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे जाएंगे, और रिपोर्ट के आधार पर एफएसएसएआई अधिनियम 2006 के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## वैश्य महिला समिति का ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ /अलवर।** कस्बे के मालाखेड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में वैश्य महिला समिति की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन हुआ।

वैश्य महिला समिति की अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने बताया कि समापन समारोह में 6 लक्की ड्रा निकाले गए साथ ही ग्रीष्मकालीन शिविर में सहभागिता निभाने वाली सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री राधारमण विजय, बाबूलाल, उपाध्यक्ष महेश चंद, जिला उपाध्यक्ष देवी शंकर गुप्ता और प्रभारी उपाध्यक्ष मीना खण्डेलवाल का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## रोटरी क्लब अलवर ने लगाया नवां वाटर कूलर

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब अलवर द्वारा सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत आर के इंफ्रा के राकेश जैन अगोनीज एवं अशोक जैन अगोनीज के सौजन्य से वाटर कूलर के लगाने के क्रम में बुधवार को नवां वाटर कूलर डॉ. श्रॉफ आई चैरिटी हॉस्पिटल में स्थापित कर उद्घघाटन किया गया। इन वाटर कूलर के समस्त रख रखाव की जिम्मेदारी डॉ.श्रॉफ आई हॉस्पिटल की रहेगी। उद्घघाटन कार्यक्रम में रोटरी क्लब अलवर अध्यक्ष दीपक कट्टा, रोटेरियन कोषाध्यक्ष बी डी अग्रवाल, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अशोक कुमार लेमिनेशन वाले, रोट० दीपकमल अरोड़ा, रोट० विकास गुप्ता, एवं डॉ .श्रॉफ आई हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी योगेश यादव, कंसलटेंट डॉ.रमीज रजा उपस्थित रहे। इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन रोटरी क्लब अलवर के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन नीरज जैन हैं।

## नगरपालिका ने अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर।** नगर पालिका राजगढ़ द्वारा सरकारी अस्पताल की चारदीवारी के पास वेंडिंग जोन में लगे थड़ी खोको का पंजीयन कर अव्यवस्थित लगे थड़ी खोको को क्रम से नंबर के आधार पर व्यवस्थित किया गया। सीओ मिनाक्षी मिश्रा ने बताया की टॉउन वेंडिग कमेटी व सरकार के आदेशानुसार नॉन वेंडिग जोन में लगे हुए थड़ी, खोके, ठेलिया इनको वेंडिग जोन में स्थानातंरण करने का कार्य नगर पालिका द्वारा किया जा रहा हैं साथ ही अतिक्रमण प्रभारी ऋतिक ने बताया की अस्थाई और स्थाई अतिक्रमण को भी पालिका द्वारा हटाया जा रहा हैं।



## हाऊसिंग बोर्ड में हो रही अनियमितता, नालिया गंदगी से भरी पड़ी, रोड के दोनों किनारे उगे है बम्बूल

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )।** शहर में स्थित हाउसिंग बोर्ड आवासीय कॉलोनी में दिन पे दिन अनियमितताएं बढ़ती जा रही है जिसके चलते कॉलोनी में रहने वाले अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में विभाग द्वारा बनाई गई नालिया कचरे से अटी पड़ी है। वही कॉलोनी के रोड के दोनों साइडों में बम्बुल तथा जंगली झाड़ उगे हुए है। इतना ही नहीं कॉलोनी में खाली पड़ी रिक्त भूमि पर लोगों ने अतिक्रमण करना भी शुरू कर दिया है। इस बारे में कॉलोनी निवासी कई बार अधिकारियों को लिखित में सूचना दे चुके है उसके बावजूद भी अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं हो रही जिसके चलते कॉलोनी निवासी अपने आपको ठगा सा महसूस करते है। कॉलोनी निवासियों ने बताया कि नालियों की सफाई के लिए कई बार हाउसिंग बोर्ड के सहायक अभियंता को लिखित में तथा दूरभाष के माध्यम से शिकायत भेज चुके है जिसके बावजूद भी कॉलोनी में कोई सफाई कर्मी सफाई करने नहीं आता। यदि ऐसा ही हाल रहा तो तेज बारिश में नालियों में जमा गंदगी बारिश के पानी के साथ साथ घरों में आ जाएगी। नालियों में गंदगी जमा होने के चलते कॉलोनी में मच्छरों की भरमार हो रही है, शाम के समय यदि गलती से दरवाजा खुल्ला रह जाता है तो फिर घरों में सोना दूभर हो जाता है। वही नालियों के किनारे बम्बुल तथा जंगली झाड़ियां उगी हुई है जिसके चलते जहरीले कीड़े के घरों में घुसने की संभावना बनी रहती है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड विभाग द्वारा कॉलोनी में नालियों तथा कॉलोनी की सफाई हेतु टेंडर प्रक्रिया के तहत ठेकेदार को ठेका दिया हुआ है लेकिन अधिकारियों की मिली भगत के चलते ठेकेदार द्वारा बिना काम किए भुगतान उठा रहा है। रोड के किनारे उगे हुए बम्बुल में आस पास की बस्ती के महिला पुरुष शौच करने आते है जिसके चलते कॉलोनी निवासियों का रोड से गुजरना मुश्किल हो रहा है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि शीघ्र ही कॉलोनी की सफाई व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो बारिश में बहुत ज्यादा समस्या पैदा हो जाएगी।

**इनका कहना :** हाऊसिंग बोर्ड में निर्माण कार्य के चलते निर्माण सामग्री के कारण कई नालियों में जाम लगने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, बारिश के मौसम को देखते हुए शीघ्र ही नालियों तथा रोड के दोनों तरफ की सफाई करवा दी जाएगी। वही अतिक्रमण के मामले में अतिक्रमी को अतिक्रमण हटाने हेतु बोल रखा है, जिसे अतिक्रमी द्वारा हटा लिया जायेगा।

**अमजद अहमद, सहायक अभियंता, हाउसिंग बोर्ड**

# 'वंदे गंगा' अभियान का शुभारंभ आज से

- चम्बल रिवर फ्रंट पर होगा पूजन, निकलेगी कलश यात्रा
- अभियान के तहत होगी जल स्त्रोतों की सफाई, सरोवरों पर होगा दीपदान

### विश्व पर्यावरण दिवस पर निकलेगी 'रन फॉर एनवॉयरमेंट' रैली



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरूवार (5 जून) से 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' का शुभारंभ होगा। अभियान के तहत हर पंचायत में जल स्त्रोत पर पूजन कलश यात्रा एवं पीपल पूजन कार्यक्रम होंगे। जिला स्तर पर इसकी शुरुआत जिले के प्रभारी एवं सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक चम्बल रिवर फ्रंट पर पूजन एवं वंदे गंगा कलश यात्रा कार्यक्रम के साथ करेंगे। ब्लॉक स्तर पर चयनित जल स्त्रोत पर पूजन होगा। परम्परागत तालाबों, सरोवर एवं अन्य जल स्त्रोतों तक कलश यात्रा का आयोजन होगा। हर पंचायत में राजीविका से जुड़ी 21 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। अभियान के तहत विभिन्न विभागों को दी गई जिम्मेदारियों के संबंध में बुधवार को कोटा जिले की प्रभारी सचिव मंजू राजपाल ने सर्किट हाउस में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़े के सफल आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। गुरूवार प्रातः 7 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'रन फॉर एनवॉयरमेंट रैली' एवं साईकिल रैली किशोर सागर तालाब से निकलेगी। वन विभाग की ओर से बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। साथ ही, वन विभाग की विभिन्न नर्सरियों में श्रमदान कार्यक्रम होगा। शिक्षा विभाग द्वारा प्रभातफेरी, स्कूली बच्चों की निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अलावा गुरूवार को करीब 1.5 लाख स्कूली बच्चे अपने घर पर पौधे लगाएंगे। शाम को सेवन वंडर्स पर शिक्षा विभाग एवं पर्यटन विभाग द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। गुरूवार को नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण द्वारा परम्परागत तालाब, नदियों पर पूजन एवं कलश यात्राओं का आयोजन होगा। इसके अलावा श्रमदान के तहत तालाबों, बावड़ियों की सफाई कराई जाएगी। जल संसाधन विभाग द्वारा हर ब्लॉक में तालाब, सरोवर एवं अन्य जल स्त्रोतों पर पूजन एवं कलश यात्रा कार्यक्रम किए जाएंगे।

**अभियान में होने वाली गतिविधियां :** अभियान के तहत प्रत्येक गांव में राजीविका के माध्यम से महिला स्वंय सहायता समूहों द्वारा तालाब, बावड़ियों पर साफ-सफाई, कलश यात्रा एवं जल संरक्षण जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा। गुरूवार शाम को 68 अमृत सरोवरों पर महिलाओं द्वारा दीपदान किया जाएगा। 6 जून को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की ओर से परम्परागत तालाबों पर श्रम दान कर सफाई करवाई जाएगी। 7 जून को अमृत सरोवरों में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत स्वच्छता एवं साफ-सफाई के साथ संकल्प का कार्यक्रम आयोजित होगा। 8 जून को चारागाह विकास एवं श्रम दान के तहत गतिविधियां आयोजित होंगी। 9 जून को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की ओर से 'सेल्फी विद् मेरा गांव मेरी नर्सरी' कार्यक्रम सभी 155 ग्राम पंचायतों में आयोजित होगा। सभी ग्राम पंचायतों में 10 जून को 'चलो करें पौधों के लिए गड्ढे तैयार' कार्यक्रम होगा। 12 जून को 'एक पौधा माँ के नाम' संकल्प पत्र भरवाए जाने का कार्यक्रम जन जागरूकता के तहत करवाया जाएगा। 13 जून को स्वच्छ जलाशय, उच्च जलाशय एवं भू-तल जलाशयों की सफाई पीएचईडी द्वारा करवाई जाएगी। कार्यालयों में परिंडे बांधकर पक्षियों के महत्व का संदेश दिया जाएगा। इसी प्रकार विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों के साथ 20 जून को पखवाड़े का समापन होगा।

### कोटा में खरीफ 2025 की तैयारी को लेकर संभाग स्तरीय बैठक आयोजित

## वैकल्पिक उर्वरकों और वैज्ञानिक खेती से बढ़ेगी उपज : संभागीय आयुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** खरीफ 2025 के लिए कृषि आदान, विशेषकर उर्वरकों एवं बीज की समय पर और उचित दर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को सीएडी सभागार, कोटा में संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

**उर्वरकों की स्थिति और संभावित मांग पर चर्चा :** उर्वरकों की मांग एवं उपलब्धता की समीक्षा की गई। संभाग में मांग के अनुसार यूरिया, डीएपी, एनपीके, सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी) और पोटाश (एमओपी) जैसे प्रमुख उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। राज्य सरकार द्वारा माहवार आवंटनानुसार आपूर्ति होती रहेगी। सहकारी स्तर पर इफको, कृभको तथा निजी क्षेत्र में एनएफएल, आईपीएल जैसी कंपनियों के पास पर्याप्त मात्रा में उर्वरक मौजूद हैं।

**मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी गंभीर विषय :** बैठक में प्रस्तुत विश्लेषण में बताया गया कि कोटा संभाग की कृषि भूमि में जिंक की 22 प्रतिशत, लोह (आयरन) की 28 प्रतिशत और सल्फर की 50 प्रतिशत तक की कमी पाई गई है। यह स्थिति फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। इस संबंध में संभागीय आयुक्त ने निर्देश दिए कि किसानों को वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए और सॉयल टेस्टिंग के माध्यम से मिट्टी की स्थिति के अनुसार उर्वरक प्रयोग के लिए जागरूक किया जाए।

**सोयाबीन फसल के लिए विशेष जानकारी :** बैठक में कृषि अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि हाड़ौती क्षेत्र में सोयाबीन की खेती बड़े पैमाने पर होती है। इसमें एसएसपी उर्वरक का उपयोग लाभकारी होता है क्योंकि इसमें कैल्शियम और सल्फर जैसे आवश्यक पोषक तत्व होते हैं।

**किसानों को जागरूक करने के निर्देश :** मीडिया और रेडियो के माध्यम से जानकारी का प्रसार उन्होंने कहा कि एफएम कम्युनिटी रेडियो, समाचार पत्रों और अन्य माध्यमों से किसानों को जानकारी दी जाए । बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त श्रीमती ममता तिवाड़ी, अतिरिक्त क्षेत्रीय संभागीय आयुक्त श्री हरफूल यादव, अतिरिक्त निदेशक कृषि कार्यालय के उपनिदेशक सत्येन्द्र पाठक,झालावाड़, कोटा, बूंदी एवं बारां से संयुक्त निदेशक के सी मीना, अतिश कुमार शर्मा, कौशल कुमार सोमानी एवं धनराज मीना, सहित कोटा, बारां, बूंदी और झालावाड़ के कृषि अधिकारियों, वैज्ञानिकों, सहकारी समितियों एवं उर्वरक निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## दो माह से लापता नाबालिक का नही लग सका सुराग

### फरियादिया के पिता को थाने मे बैठाया, जमानत पर छोड़ा, नाबालिग बालिका का फरियादी पिता बोला इंसाफ नही मिला तो, कर सकता हूँ आत्मदाह

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी ( नि.स. )।** रामगंजमंडी क्षेत्र के चेचट में एक नाबालिग बालिका बीते 4 अप्रैल 2025 से लापता है। जो 4 जून को लापता हुए 2 महीने हो गये है। लेकिन नाबालिग बालिका कौ अभी तक चेचट पुलिस ढूंढ कर नहीं ला पाई। लड़की के फरियादी पिता ने बताया कि दिनाँक 11 मई 2025 को चेचट थाने में गया था, वहां एक पुलिस वाले से मिलेकर। बेटी के तलाशी अभियान में तेजी लाने की गुहार लगाई। लेकिन पुलिस वाले ने अकड़ में बात की और चेचट थानाधिकारी के पास ले गया,वहां बन्द कमरे में उसके साथ मारपीट की गई । इसके बाद पुलिस ने उसे हवालात में बंद कर दिया। जिसके बाद पति घर नहीं पहुँचा तो पत्नी ने आकर देखा तो पति हवालात में बंद था और वह बुरी तरह से डरा हुआ था जिसके बाद पत्नी ने मिलकर पति से हवालात में बंद होने का कारण पूछा तो उसने बताया कि पुलिस ने मारपीट कर बंद कर दिया गया। इसके बाद पत्नी ने सेठ के घर जाकर सेठ को पूरा घटनाक्रम के बारे में बताया जिसके बाद सेठ ने चेचट तहसील में जाकर शांतिभंग की धारा में ज़मानत पर रिहा करवाया । इस दौरान पति-पत्नी ने इंसाफ न मिलने पर आत्मदाह करने की बात कही ।

**यह था मामला :** मामला चेचट थाने का है, फरियादी निवासी कंवरपुरा थाना चेचट ने दिनाँक 4 अप्रेल 2025 को चेचट थाने में हाजिर होकर रिपोर्ट दी थी कि उसकी नाबालिग बालिका जिसकी जन्मतिथि 12/04/2009 है, बडोदिया गांव के 8वी कक्षा में पढ़ती थी। दिनाँक 2 अप्रेल 2025 को वह मोड़क से परीक्षा देकर आयी व सुबह 5 बजे घर पर नही मिली, आस पास सब जगह ढूंढने के बाद उसने 4 अप्रेल 2025 को चेचट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की। फरियादी ने बताया कि रिपोर्ट में उसने मुकेश पुत्र रतनलाल निवासी भालता थाना जिला झालावाड का नाम भी लिखवाया था, और यह बालिका व बहला फुसलाकर नाबालिक बालिका को भगा कर ले जाने वाले के मोबाइल नम्बर और फ़ोटो भी दिए थे , किन्तु रिपोर्ट क्या दर्ज हुई उसे पता नही है, जबकि चेचट थाने में उसकी बालिका की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। इस मामले में वह कई बार थाने के चक्कर काटता रहा लेकिन उसे निराशा ही हुई।

**शिक्षा मंत्री को भी बताया था मामला :** जिस के बाद फरियादी ने बताया कि इस मामले की फरियाद लेकर 3 मई को रिछड़िया में लगे जन समस्या समाधान शिविर में पंचायत व शिक्षा राज मंत्री को भी अवगत कराया, उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन दिया लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। माननीय शिक्षा मंत्री के सामने परिवार समस्या बात कर 11 तारीख को जब फरियादी थाने पहुंचा तो उसके साथ यह घटना घटित हो गयी। फरियादी का कहना है कि पुलिस ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया इसका गम नही है, लेकिन उसकी नाबालिग बालिका को ढूंढ कर लाते, वह चेचट पुलिस की व प्रशासनिक कार्यशैली से व्यथित है उसने कहा है कि उसकी बालिका नाबालिग है इसलिए वह इंसाफ की गुहार कर रहा है अगर बालिका बालिक होती तो वह चेचट थाने से ढूंढने की अपील नही करता, अगर उसको न्याय नही मिला तो वह आत्मदाह कर सकता है।

फरियादी अशिक्षित गरीब मजदूर है वह चेचट में एक पत्थर फेक्ट्री में मजदूरी करता है, उसने कहा है कि उसके साथ थानाधिकारी ने बन्द कमरे में मारपीट की, जिसकी सी सी टी वी फुटेज देखकर जांच की जा सकती है। किया अब सच बोलना और अन्याय के खिलाफ खड़ा होना ही सबसे बड़ा जुर्म बन गया है।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ली समीक्षा बैठक

## जल संचय एवं आपदा प्रबन्धन तैयारियों की हुई वीसी से समीक्षा

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 4 जून को जल संचय एवं आपदा प्रबन्धन की तैयारियों की समीक्षा बैठक बुधवार को उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से हुई। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने जिले में किए गए कार्यों से अवगत कराया। उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में जल संचय, हरियाळो राजस्थान, आपदा प्रबन्धन एवं बाढ़ नियंत्रक के कार्यों की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की गई। वन्दे गंगा जल संचय जन अभियान के लिए सौपे गए दायित्वों का निर्वहन निर्धारित समय पर करें। इससे इस अभियान की सार्थकता सिद्ध होगी। इसका शुभारम्भ कार्यक्रम राज्य सरकार की गाईड लाईन के अनुसार रहे। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून के दौरान सम्भावित बाढ़ से बचाव के लिए भी पूर्व तैयारियों इसके रखें। जिला प्रशासन, नगर निगम तथा अजमेर विकास प्राधिकरण को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। आपदा प्रबन्धन के लिए की गई बजट घोषणाओं के अनुरूप नवीन संसाधनों को भी क्रय करने की कार्यवाही करें। पूर्व में बारिश से क्षतिग्रस्त पुलियाओं तथा सड़कों की मरम्मत करें। निचले क्षेत्रों से जल निकासी की व्यवस्था को बारिश से पहले जांचने की कार्यवाही की जाए। इस प्रकार के स्थानों के पास सुरक्षित आवास के लिए भी भवनों का चिह्निकरण करें। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अभिषेक खन्ना, नगर निगम के आयुक्त श्री देशल दान, प्रशिक्षु आईएएस डॉ. नेहा राजपूत, अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी एवं श्रीमती वन्दना खोरवाल सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर मनोरोगी को अस्पताल में भर्ती कराया

### लगभग 25 वर्षो से एक ही जगह खुले स्थान पर जंजीरों से बांधा हुआ था

बढ़ता राजस्थान





**कोटा, ( का.स. )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा की सचिव गीता चौधरी ने एक प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए मानसिक रोगी का पुनर्वास करवाने के संबंध में निर्देशित किया। निर्देशानुसार मेडिकल टीम ने बताए गए स्थान का निरीक्षण किया जहां मनोरोगी को जंजीरों से बंधा हुआ पाए जाने पर चिकित्सा प्रभारी द्वारा न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मानसिक रोग पीड़ित के हितार्थ जारी योजना नालसा (मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा के तत्वावधान में जिला स्तर विधिक सेवा इकाई ''मनोन्याय'' का गठन किया गया है। समिति के माध्यम से अधिवक्ता हेमराज गुर्जर द्वारा एक प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा के कार्यालय में प्रस्तुत किया गया।

प्रार्थना पत्र में बताया गया कि केवल नगर निवासी एक मानसिक रोगी जिसका नाम मदन गुर्जर पुत्र रामदेव गुर्जर, जो लगभग 25 वर्षों से एक ही जगह पर खुले स्थान पर जंजीरों से बांधा हुआ है। मनोरोगी के माता-पिता का पहले ही देहांत हो चुका है। मनोरोगी के भाईयों की आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण वे मदन गुर्जर का ईलाज नहीं करवा पा रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा की सचिव गीता चौधरी ने प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं थानाधिकारी को मदन गुर्जर की वर्तमान स्थित का जायजा लेकर मानसिक रोगी का पुनर्वास करवाने के संबंध में निर्देशित किया। जिसमें मरीज जंजीरों से बंधा हुआ पाए जाने पर चिकित्सा प्रभारी द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से मनोरोगी को न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मनोचिकित्सक को दिखाकर अग्रिम उपचार के लिए भर्ती करवाया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निकाली गई जागरूकता रैली




बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में वंदे गंगा जल संरक्षण एवं जन अभियान का शुभारंभ 5 जून को होने जा रहा है। इसी के उपलक्ष में 4 जून को सायं 5.30 बजे राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं जिला पर्यावरण समिति, चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता हेतु एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कलक्ट्रेट सर्कल से प्रारंभ होकर गोल प्याऊ सर्कल तक निकाली गई। रैली को जिला कलक्टर आलोक रंजन ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस रविंद्र मेघवाल, उप वन संरक्षण राहुल झांझरिया, विभिन्न सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों, छात्रों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त भारत, जल संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण संदेश आमजन तक पहुंचाए गए। प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां, बैनर एवं पोस्टर लेकर नारे लगाते हुए पर्यावरण के प्रति सजगता का संदेश दिया।

## कोटा-रामगंजमंडी रेल खण्ड पर सवारी गाड़ियों में टिकट चेकिंग अभियान

### 104 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए, 30 हजार रूपए जुर्माना वसूला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा रेल मंडल के कोटा-रामगंजमंडी रेल खण्ड पर गाड़ी संख्या 61616, 61623 एवं 59837 तीन सवारी गाड़ियों में 04 जून को विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस टिकट चेकिंग अभियान में कुल 104 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए। जिनसे कुल 30 हजार 75 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया।

इस अभियान से रेलवे ने बिना टिकट यात्रा करने वालें यात्रियों पर शिकंजा कसा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यह कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्री गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाया जा सके। रेल यात्रियों से अपील की गई कि वे उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# जिला प्रमुख ने की साप्ताहिक जनसुनवाई, प्राप्त परिवेदनाओं पर तत्काल कार्रवाई के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाडा जिला प्रमुख की अध्यक्षता में स्थाई समितियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला प्रमुख ने ग्रामीण क्षेत्र के जिन कार्यो की प्रशासनिक स्वीकृति जारी हो गई है उनकी तकनीकी स्वीकृति मंगवाकर शीघ्र ही वित्तीय स्वीकृति जारी करने एवं जिन कार्यो की वित्तीय स्वीकृति जारी हो गई है उन कार्यो को शीघ्र ही प्रारंभ कराने के निर्देश मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अजमेर को प्रदान किये। वित्तीय स्वीकृति उपरांत विगत कई समय से अप्रारंभ कार्यो के लिये विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस एवं ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्ध सी.सी.ए. नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये। अधीनस्थ विभागो की समीक्षा उपरांत केन्द्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को शीघ्र ही पहुंचाने के निर्देश प्रदान किये। इस दौरान प्राप्त परिवेदनाओं पर तत्काल कार्रवाई के दिये निर्देश। अजमेर जिला प्रमुख श्रीमती सुशील कंवर पलाडा की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में अधीनस्थ विभागों एवं विभिन्न अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त परिवेदनाओं पर संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारीयों को तत्काल निस्तारण के निर्देष प्रदान किये गये एवं राज्य सरकार से संबंधित प्रकरणों को राज्य स्तर पर अग्रेषित किया गया है। जिनमें विषेष परिवेदनाए/प्रकरण निम्नानुसार है।

1. समस्त ग्रामवासी ग्राम पारा ने अवगत कराया कि ग्राम पारा पंचायत क्षेत्र है जिसके आस-पास के 10 गांव केकड़ी व अन्य क्षेत्र की यात्रा करने के लिये ग्राम पारा से ही यात्रा शुरू करते है। गांव में महादेव भगवान का प्राचीर मंदिर होने के कारण दूर-दराज के दर्षानार्थी यहा आते है। साथ ही विद्यार्थी अध्ययन हेतु तथा रोजगार हेतु अन्य लोग अन्यत्र स्थानो पर आते-जाते रहते है परन्तु रोडवेज बसो का ग्राम पारा में ठहराव नही होने के कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूर्व में प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया गया था परन्तु आज दिनांक तक कोई भी कार्यवाही नही की गई। ग्रामवासियों ने ग्राम पारा में रोडवेज बसो का ठहराव करने हेतु निवेदन किया जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुये जिला प्रमुख ने रोड़वेज विभाग अजमेर को ग्राम पारा में रोडवेज बसो का ठहराव करवाने हेतु निर्देषित किया। जिला प्रमुख के निर्देषो की पालना करते हुये रोडवेज विभाग अजमेर ने सभी चालको एवं परिचालको को उक्त मार्ग के यात्रियों को बैठाने एव उतारने के निर्देष प्रदान किये।
2. जीवन सिंह निवासी ग्राम नेडलिया तह. पुष्कर ने अवगत कराया कि प्रार्थी का ग्राम नेडलिया के आबादी क्षेत्र में कब्जेशुदा बाड़ा हे जिसका ख.न. 1/908 है। उक्त बाड़े को ग्राम पंचायत कानस द्वारा कचरा संग्रहालय हेतु चिन्हित किया जा रहा है। उक्त बाड़ा आबादी क्षेत्र में होने के कारण कचरा संग्रहालय के लिये उपयुक्त जगह नही है। प्रार्थी ने ख.स. 332 जो कि आबादी क्षेत्र से काफी दूर है पर कचरा संग्रहालय बनाये जाने हेतु निवेदन किया है।
3. प्रार्थीगण ग्राम कुशायता ने अवगत कराया कि गांव में 20-25 दिन में 1 घण्टे के लिये पानी की सप्लाई दी जाती है। जिससे ग्राम कुशायता व इसके आस-पास के अन्य क्षेत्रो में पानी की भारी किल्लत हो गई है। प्रार्थीगण ने पानी की सप्लाई 2 से 3 दिन में करने हेतु निवेदन किया है।
4. विजेन्द्र सिंह राठौड़, सरपंच ग्राम पंचायत देंराठू ने अवगत कराया कि ग्राम राताखेड़ा के ख.न. 13 किस्म शमषान रकबा 0.4900 हैक्टेयर में पर गांव देवलिया (रामसर) के निवासी गोपाल बैरवा ने अतिक्रमण कर रखा है तथा रास्ते पर आने-जाने वाले राहगीरो से गाली गलौच करता है एवं आये दिन लड़ाई झगड़ा करता रहता है। प्रार्थी ने उक्त खसरा से अतिक्रमण हटवाने हेतु निवेदन किया है।
5. मुन्नी देवी गुर्जर सरपंच ग्राम पंचायत दिलवाड़ा ने अवगत कराया कि ग्राम बेवन्जा के ख.न. 1331 किस्म बारानी-3 रकबा 1.0200 हैक्टेयर में पर गांव देवलिया (रामसर) के निवासी गोपाल बैरवा ने अतिक्रमण कर रखा है तथा रास्ते पर आने-जाने वाले राहगीरो से गाली गलौच करता है एवं आये दिन लड़ाई झगड़ा करता रहता है। प्रार्थीया ने उक्त खसरा से अतिक्रमण हटवाने हेतु निवेदन किया है।



# अपने-अपने बैंकों का सी.डी. रेशियो मे त्वरित गति से 50 प्रतिशत से उपर लाये : डां. यादव

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉक्टर अमित यादव कि अध्यक्षता में जिला कलक्टर कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय परामर्श समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, प्रशांत कुमार ने सर्वप्रथम अतिरिक्त जिला कलक्टर राहुल सैनी एवं सभी प्रशासनिक और बैंकिंग क्षेत्र के अधिकारियों का स्वागत किया । प्रमोद कुमार, मंडल प्रमुख,पंजाब नैशनल बैंक के द्वारा जिला कलक्टर महोदय को पौधा देकर स्वागत किया।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा मार्च तिमाही 2024-25 मे जिले के बैंकों की उपलब्धि का विस्तृत ब्यौरा सभा पटल पर रखा। बैठक में जिला कलक्टर ने जिले के बैंकों के सीडी रेशियो की बैंकवार विस्तृत समीक्षा करते हुए 50 प्रतिशत से कम सीडी रेश्यो वाले बैंको के जिला समन्वयको पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निदेश दिया कि अपने-अपने बैंकों का सी.डी. रेशियो मे त्वरित गति से 50 प्रतिशत से उपर लाये। जिला कलक्टर महोदय द्वारा सभी बैंको, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला डेयरी विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की हर पंचायत में सरकार द्वारा चलाए गए कृषि ऋण योजनाओ के बारे में कैंप लगाकर किसानो एवं ग्रामीणों को जागरुक करना सुनिश्चित करें जिससे कृषि संबंधित ऋण में अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके। जिला कलक्टर महोदय द्वारा चलाये गए प्रयास अभियान दिनांक 15-01-2025 से 28-02-2025 तक में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमोद कुमार, मंडल प्रमुख पंजाब नैशनल बैंक, क्षेत्रीय प्रबन्धक राजस्थान ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय प्रबन्धक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, प्रशांत कुमार अग्रणी जिला प्रबन्धक भरतपुर,निदेशक आरसेटी उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार गुप्ता एफएलसी पंजाब नैशनल बैंक, नरेश खंडेलवाल एफएलसी राजस्थान ग्रामीण बैंक एवं शाखाए पंजाब नैशनल बैंक नई मंडी, सारस चौराहा, रूदावल, रीको बयाना, लखनपुर, उच्चेन बैंक ऑफ बड़ौदा नई मंडी, बृज औधोगिक क्षेत्र, कुम्हेर गेट, नीमदा गेट, बयाना, नदबई, स्टेट बैंकऑफ इण्डिया क्लेक्ट्रेट, कृष्णा नगर, नदबई, भुसावर, युआईटी, कंजोली, बृहमान्द वैर, बीनायारण गेट, रूपवास, नई मंडी, राजस्थान ग्रामीण बैंक मैन शाखा भरतपुर, राजेन्द्र नगर बांसीखुर्द बयाना, सरसैना, ऐक्सिस बैंक भरतपुर, बयाना सभी शाखाओ को कलक्टर महोदय द्वारा प्रशन्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# अणुव्रत ,चरित्र निर्माण की प्रक्रिया है -डॉ नीलम जैन

## अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी द्वारा निर्देशित अणुव्रत संगठन यात्रा दिनांक 2 जून 2025 को जैन भवन पीलीबंगा में पहुंची

बढ़ता राजस्थान




**पीलीबंगा( नि.स. )।** अणुव्रत समिति संरक्षक विजय चन्द दूगड़ तथा जैन सभा अध्यक्ष मालचंद पुगलिया ने इंद्रचंद सेठिया का अध्यक्ष सूरज प्रकाश डाबला तथा उपाध्यक्ष देवेंद्र बांठिया ने अशोक चोरड़िया का अणुव्रत पट्ट पहनाकर स्वागत किया गया। बिंदु दूगड़ तथा सुनीता नंदा ने डॉक्टर नीलम जैन को अणुव्रत साहित्य प्रदान कर अभिनन्दन किया । कार्यक्रम का शुभारंभ समिति सह मंत्री राजकुमार छाजेड़ द्वारा अणुव्रत गीत संगान से किया गया। इस यात्रा का मूल उद्देश्य समिति की सार-संभाल,संगठनात्मक सुदृढ़ता एवं गति-प्रगति की जानकारी करना व उन्नयन के लिए समन्वित प्रयास करना है।

इस यात्रा में अणुविभा के केंद्रीय प्रतिनिधि के रूप में-

1. श्री अशोक चोरड़िया, राज्य प्रभारी तथा राष्ट्रीय संयोजक-अणुव्रत प्रबोधन प्रतियोगिता
2. डॉ. नीलम जैन, राष्ट्रीय संयोजक- पर्यावरण प्रकल्प।
3. श्री इंद्रचंद सेठिया, सहसंयोजक,पर्यावरण प्रकल्प उपस्थित रहे। डॉ नीलम जैन द्वारा पर्यावरण संरक्षण प्रकल्प ,अणुव्रत डिजिटल डिटॉक्स ,नशा मुक्त भारत आदि प्रकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

अशोक चोरड़िया ने अणुव्रत प्रबोधन प्रतियोगिता,अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट में अधिकाधिक बच्चों को भाग लेने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया।श्री इंद्रचंद सेठिया ने जीवन विज्ञान प्रकल्प के विभिन्न आयामों को स्पष्ट करते हुए अणुव्रत कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अणुव्रत जीवन शैली अपनाकर स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करें।अणुव्रत पत्रिका बच्चों का देश पत्रिकाओं का अधिकाधिक प्रचार प्रसार किया जाए। अणुव्रत आंदोलन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में यह यात्रा योगभूत बनेगी।

समिति उपाध्यक्ष देवेंद्र बांठिया ने समिति के द्वारा की गई गतिविधियों की जानकारी दी। सह मंत्री डॉक्टर उग्रसेन जाखड़ ,संगठन मंत्री नवीन बांठिया ने समिति की भावी योजनाओं को स्पष्ट किया। इस अवसर पर एडवोकेट रघुनाथ सिंह राठौड़ ,एडवोकेट मनोज शर्मा, प्रधानाचार्य मुकेश कायथ,रामजस मेहरड़ा,हनुमान बोथरा तथा बबलू सिवान आदि समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# आज होगा वंदे गंगा अभियान का शुभारंभ, जागरूकता हेतु रन फॉर इनवायरमेंट साइकिल रैली का आयोजन, जल संरक्षण का लिया संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़, ( राजेश खारड़ू )।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार, 4 जून को प्रातः 5.30 बजे जिला मुख्यालय जंक्शन स्थित भगत सिंह चौक से 'रन फॉर इनवायरमेंट' साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली वंदे गंगा अभियान के जल स्वावलंबन पखवाड़े के अंतर्गत जल संरक्षण की थीम पर आयोजित की गई।

रैली को जिला कलेक्टर काना राम, एसपी हरि शंकर, जनप्रतिनिधि प्रमोद डेलू एवं श्री अमित सहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली से पूर्व, जिला कलेक्टर ने जल संरक्षण की संकल्प शपथ भी दिलाई। यह रैली भगत सिंह चौक से प्रारंभ होकर भारत माता चौक होते हुए सेंट्रल पार्क टाउन तक गई और फिर उसी मार्ग से वापस लौटकर भगत सिंह चौक पर समापन किया गया। इस रैली में स्काउट, एनसीसी, एनएसएस स्वयंसेवकों, विद्यालय विद्यार्थियों, साइकिल संगठनों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सरस डेयरी द्वारा प्रतिभागियों के लिए छाछ व लस्सी की व्यवस्था की गई थी। रैली में एडीएम उम्मेदी लाल मीना, जिला परिषद सीईओ ओपी बिश्नोई, एसडीएम मांगीलाल, नगर परिषद आयुक्त श्री सुरेंद्र यादव, जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह, टीओ श्री कृष्ण कुमार, कृषि विपणन विभाग के श्री देवीलाल कालवा, डॉ. कुलदीप बराड़ सहित अनेक जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

हनुमानगढ़ साइक्लिंग क्लब के 40 से अधिक सदस्यों ने भी रैली में भाग लिया। इस अवसर पर किशन जांगिड़, पुष्पेंद्र सिंह शेखावत, पवन सरावगी, संजय जैन, श्री पुरुषोत्तम शर्मा सहित अन्य गणमान्य सदस्य भी शामिल हुए।

# पाण्डेय् ब्राह्मण महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय उर्फ बन्टू नेता ने ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश संगठन महामंत्री शांतनु पाराशर की अभिशंसा पर भुसावर निवासी राजेंद्र पाण्डेय् उर्फ राजेंद्र गुरुजी को ब्राह्मण महासंघ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। राजेंद्र गुरुजी भुसावर स्थित श्री गांधी ज्योति महिला महाविद्यालय संस्थान के संस्थापक निदेशक के साथ अनेक संगठनों से जुड़े हुए हैं बालिका शिक्षा सभी समाजों में व्याप्त कुरीतियों के प्रति आमजन को सजग करने के साथ भाई चारे की भावना से एक दूसरे समाज को जोड़ने का कार्य भी करते हैं पांडे के मनोनीन पर भुसावर नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरज पाण्डेय् ब्राह्मण महासंघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा सहित अनेक लोगों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

# कार सवार बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने मजदूर को लूटा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सांगानेर सदर थाना इलाके में कार सवार बदमाशों ने एक मजदूर से नगदी लूट ली। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार सीतापुरा निवासी मोहम्मद अंसार अपने काम से शाम को घर लौट रहा था । इसी दौरान अमन सर्किल के पास उसकी साइकिल के आगे कार लगाकर उसे रोका और कार सवार बदमाशों ने उसे गोनेर जाने का रास्ता पूछा। रास्ता बताने के दौरान दो बदमाश कार से उतरे और उसे जबरन कार में पटक लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके पास से 6 हजार 500 नगदी और ऑनलाइन 9 हजार रुपए ले लिए। आरोपियों ने उसके ठेकेदार को भी फोन कर एक लाख रुपए की डिमांड की। घटना एक जून की बताई जा रही है।

# चोरी के आरोपियों को पुलिस ने न्यायलय मे किया पेश, न्यायालय ने भेजा जेल

बढ़ता राजस्थान



**सरवाड़-अजमेर ( इकबाल अहमद )।** सरवाड़ पुलिस ने चोरी के चार आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट के जरिए गिरफ्तार किया गया और साथ ही चोरी किया हुआ माल भी बरामद किया गया।पुलिस ने मुल्जिमो गहनता से अनुसंधान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

जहा से न्यायालय ने सूरज बावरी पुत्र कानाराम बावड़ी अजमेरो की ढाणी मझोला का रास्ता डूंगरी कला पुलिस थाना मालपुरा जिला टोंक, विष्णु पुत्र हेमेंद्र खटीक निवासी रीको एरिया बिल बस्ती छापरी रोड़ सरवाड़, रामप्रसाद कीर पुत्र धन्ना की निवासी भासू पुलिस थाना टोडारायसिंह जिला टोंक ओर किशोर कीर पुत्र रामदेव कीर निवासी कोठा की तलाई पुलिस थाना सरवाड़ जिला अजमेर को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा।

**यह थी वारदात :** प्रति सत्यनारायण पुत्र कानाराम माली निवासी फतेहगढ़ पुलिस थाना सरवाड़ जिला अजमेर में उपस्थित थाने में एक रिपोर्ट दी जिसमें बताया गया की करणी माता मंदिर फतेहगढ़ का पुजारी हूं और दिनांक 30/05/ 2025 को रात के समय अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर में चोरी ली गयी।पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे के अनुसंधान में जुट गई। और इसके लिए पुलिस स्पेशल टीम गठित की गई। जिसमें थाना अधिकारी जगदीश प्रसाद, एस.आई. शिवचरण,कांस्टेबल कमलेश, कांस्टेबल मुकेश,कांस्टेबल जितेंद्र, कांस्टेबल कमलेश,टीम में शामिल रहे।चोरी के आरोपीयो की तलाश हेतु पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए तथा विभिन्न प्रकार की तकनीक एवं वैज्ञानिक साक्ष्य ओर मुखबिर तंत्र आम सूचना संकलन कर आरोपीयो की तलाश की गई तथा घटना का खुलासा किया गया।

# उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सरवाड़-अजमेर ( इकबाल अहमद )।** उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर की अध्यक्षता में सरवाड़ उपखंड के समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई।

उपखंड अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की वंदे गंगाजल संरक्षण एवं जल संचयन तथा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 पखवाड़ा दिनांक 5 जून 2025 से 20 जून 2025 तक मनाया जाना सुनिश्चित है राज्य सरकार द्वारा दिए गए निर्देशानुसार प्रत्येक दिवस पर किए जाने वाले कार्यों की कार्य योजना बनाकर आज ही प्रस्तुत करें मानसून एवं बाढ़ आपदा नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए दिनांक 26 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की उपखंड स्तर पर गांधी उद्यान में लगभग 5000 व्यक्तियों को एक साथ योग करवाने के लिए कार्य योजना बनाएं एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं राजस्व ग्राम में भी योग करवाना सुनिश्चित करें इसके लिए आयुर्वेद डॉक्टर सत्यनारायण गुप्ता को निर्देश दिया कि योजना बनाकर सूचित करें।

बैठक में राजेंद्र कुमार विकास अधिकारी,राकेश कुमार नायब तहसीलदार,शिवराम मीणा तहसीलदार,उपखंड कार्यालय से गोपाल लाल धाकड़,सूर्य प्रकाश सिखवाल,सत्येंद्र आचार्य अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शंकर लाल चौधरी सीडीपीओ पंकज मीणा सहायक अभियंता डॉ कविता पन्नीकर सहित समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

## बारिश से मिली गर्मी से राहत

# किसानो से खेतो में डाला देशी खाद.. मानसून की पहली बारिश से नाले ओवर, लोग परेशान..

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( कमल मीणा )।** प्रदेश के कई क्षेत्र में सुबह हुई बारिश ने लोगों को पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत प्रदान की। शाम होते-होते आसमान में घने बादल छा गए और कुछ ही देर में बूंदें गिरने लगीं, जिससे मौसम सुहावना हो गया। हालांकि, यह बारिश बहुत तेज या लंबे समय तक नहीं हुई, लेकिन इसने वातावरण में ठंडक घोल दी। बारिश के कारण सड़कों पर हल्की नमी देखी गई और पेड़-पौधे भी धुले-धुले नजर आए। स्थानीय निवासियों ने बारिश का स्वागत किया, खासकर बच्चों ने, जो हल्की फुहारों का आनंद लेते देखे गए। पिछले कुछ दिनों से निवाई और आसपास के इलाकों में तापमान लगातार बढ़ रहा था, नोतपा से जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा था। आज की इस बारिश से लोगों को सुकून मिला है। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में और बारिश हो सकती है, जिससे गर्मी का प्रकोप कुछ कम होगा। किसानों को भी उम्मीद है कि यह बारिश फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी, खासकर उन फसलों के लिए जिन्हें नमी की जरूरत है। हालांकि, अभी यह कहना जल्दबाजी होगा कि यह मानसून पूर्व की बारिश है या स्थानीय स्तर पर विकसित हुई। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। बरसात के साथ ही किसान खेतो में खाद डालना शुरू कर दिया है। मानसून की पहली बारिश से शहर की नाले चौक हो गए घरो में पानी भर गया जिससे लोग परेशान होते नजर आए, नगर पालिका क्षेत्र में निर्माणधीन सडके और नालो पानी ओवरफ्लो होकर निकलता रहा कही जगह गंदगी के देर नाले चौक हो गए।

# पंचायतीराज उपचुनाव: निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालयों में मतदान दिवस पर रहेगा अवकाश

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) बालमुकुन्द असावा के आदेश अनुसार सामान्य प्रशासन (ग्रुप-2) विभाग के आदेशएवं वित्त (मार्गोपाय) विभाग की अधिसूचना के अनुसरण में पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव माह मई-जून, 2025 में जिला परिषद सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र संख्या-1 के उप निर्वाचन हेतु मतदान दिनांक 8 जून 2025 को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।श्रम विभाग के आदेश के तहत संबंधित पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन क्षेत्र में स्थित औद्योगिक / वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कामगारों (आकस्मिक कामगारों सहित) को मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश देय होगा।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान



# भीलवाड़ा में विकास की रफ्तार तेज : सांसद दामोदर अग्रवाल ने साझा की एक वर्ष की उपलब्धियाँ

## रेलवे, सड़क, टेक्सटाइल से लेकर कानून-व्यवस्था तक, हर क्षेत्र में दिखा सांसद का असर

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )** । भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों और विकास कार्यों का विवरण एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से साझा किया, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद ने बताया कि किस प्रकार केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से भीलवाड़ा में रेलवे, सड़क, दूरसंचार, टेक्सटाइल, शहरी विकास और कानून व्यवस्था जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सुधार लाए गए।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने बताया कि उनको लोकसभा में सचेतक की जिम्मेदारी दी गई है। वे रेलवे की स्टैंडिंग समिति, पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस कंसल्टिंग कमेटी, सांसदों के वेतन, भत्ते एवं पेंशन समिति और एफसीआई



राजस्थान सलाहकार समिति के सदस्य हैं। उन्होंने संसद की कार्यवाही में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की, जो राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। एक वर्ष के भीतर उन्होंने संसद में 11 बार वाद-विवाद में भाग लिया और 85 प्रश्न पूछे, जो राज्य और राष्ट्रीय औसत से अधिक हैं। नियम 377 और शून्यकाल के अंतर्गत उन्होंने अजमेर-कोटा रेल लाइन निर्माण, भीलवाड़ा में रेल ओवरब्रिज, पीएम मित्रा योजना के अंतर्गत वस्त्र पार्क की स्थापना, रेल सेवाओं में विस्तार और सड़क चौड़ीकरण की आवश्यकता जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया। राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में उन्होंने सरकार का पक्ष रखते हुए सक्रिय भागीदारी निभाई और भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष चर्चा में भी भाग लिया। रेलवे के क्षेत्र में अजमेर से चंदेरिया रेल लाइन का दोहरीकरण कार्य 1634 करोड़ की लागत से प्रगति पर है। अमृत योजना के तहत भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण 13 करोड़ और माण्डलगढ़ स्टेशन का विकास 4.65 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। नसीराबाद से जोधपुर-कोटा मार्ग को जोड़ने वाला नया रेलमार्ग, माण्डलगढ़ से भीलवाड़ा और नाथद्वारा-जयपुर होते हुए भीलवाड़ा से गुजरने वाला प्रस्तावित मार्ग सांसद द्वारा प्रस्तावित किए गए हैं। नई ट्रेनों की मांग के अंतर्गत भीलवाड़ा से दिल्ली, मुंबई तक सीधी ट्रेन, वंदेभारत और शताब्दी ट्रेनों के विस्तार की मांग की गई है। दूरसंचार के क्षेत्र में मलासेरी, शिवपुरी और भादसी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में 4जी टावर लगाए गए हैं और जिले भर में कुल 84 नए बीटीएस टावर स्थापित किए गए हैं।

भीलवाड़ा शहर में हाई रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरों का संचालन शुरू हो चुका है और बीएसएनएल की आईएफटीवी तथा वाईफाई रोमिंग सेवा की भी शुरुआत हो चुकी है। इस प्रकार एक वर्ष के कार्यकाल में सांसद दामोदर अग्रवाल ने संसद में सक्रिय भूमिका निभाते हुए भीलवाड़ा के चहुंमुखी विकास के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए हैं, जिनका प्रत्यक्ष लाभ जनता को मिला है और क्षेत्र में भरोसे का माहौल सुदृढ़ हुआ है।

# भाजपा अर्न्तकलह में आधे दर्जन पार्षदो ने पद से दिया इस्तीफा

## प्रदेशाध्यक्ष को भेजे इस्तीफे, भाजपा शहर अध्यक्ष को लेकर नहीं ली रायशुमारी

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां( टी.आर सैनी )।** नैनवां शहर भाजपा मण्डल अध्यक्ष विवाद का मामला अभी थमता नजर नहीं आ रहा है। नैनवां पालिका में आधे दर्जन भाजपा के पार्षदों ने भाजपा पार्टी पर आमजन एंव भाजपा कार्यकर्ताओ की अनदेखी का आरोप लगाते हुए पार्षद पदो से इस्तीफा दिया गया है। उन्होने यह इस्तीफे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को भेजा दिये है। पार्षदो का आरोप है,कि भाजपा के पदाधिकारियो ने नैनवां के जनप्रतिनिधि एंव भाजपा कार्यकर्ताओ की रायशुमारी के बिना नैनवां शहर अध्यक्ष बनाया गया है। जिन्होने पार्टी विरोधी कार्य किया है,तथा निर्धारित आयु सीमा के बाहर है। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओ में रोष व्याप्त है।

### इन्होने भेजे इस्तीफे

शहर के वार्ड 22 से भाजपा पार्षद उम्मेद नागर,वार्ड 13 के पार्षद बाबू वर्मा,वार्ड संख्या 4 से पार्षद प्रमोद कुमार जैन,वार्ड दो से पार्षद ओमप्रकाश गुर्जर,वार्ड तीन से पार्षद रजनीश शर्मा एंव पार्षद सीमा शर्मा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर को भेजा गया है।

# एनसीडी क्लिनिक ने गुरु भरोसा सेवा संस्था में लगाया उच्च रक्तचाप जांच शिविर

## उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा एनसीडी क्लिनिक

बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़ ( नि.स. )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार 17 मई विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर शुरू किए गए जागरूकता कैंपेन के अंतर्गत आज दिनांक 4 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एनसीडी क्लिनिक द्वारा किशनपुरा आबादी में स्थित गुरु भरोसा सेवा संस्था में उच्च रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीडी परामर्शदाता दीपक शर्मा, एनसीडी डीईओ सूरज सेतिया, सीएचओ यूनस अली अपनी सेवाए दी। गुरु भरोसा सेवा संस्था में 208 लोगों की उच्च रक्तचाप जांच की गई। जिसमें 4 उच्च रक्तचाप के संभावित मरीज पाए गए। गुरु भरोसा सेवा संस्था के सेवादार सिकंदर सिंह ने कहा कि उच्च रक्तचाप जागरूकता अभियान के अंतर्गत एनसीडी क्लिनिक आमजन को जागरूक करने के लिए जो प्रयास कर रहा है वह सराहनीय है। इस तरह के जागरूकता अभियान अन्य बीमारियों के लिए भी चलाई जाने की आवश्यकता है ताकि आमजन को ज्यादा से ज्यादा बीमारियों के प्रति सचेत किया जा सके। उल्लेखनीय है कि एनसीडी क्लिनिक सूरतगढ़ द्वारा 17 मई विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर जागरूकता कैंपियन शुरू किया गया था जो 16 जून तक चलेगा। इसमें जन जागरूकता की अनेक गतिविधियां आमजन को उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

# श्रमण संघीय महासाध्वीयो का आज कपासन में मंगल प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्रमण संघीय महासाध्वी रमीला कंवर म.सा. का नगर में गुरुवार को मंगल प्रवेश होगा। जानकारी अनुसार श्रमण संघीय महासाध्वी रमीला कंवर म.सा.,साध्वी सुशीला कंवर म.सा. आदि ठाणा 2 का भट्टो का बामनिया से प्रात: 6 बजे विहार तथा 8 बजे नगर कपासन के अंबेश भवन मे मंगल प्रवेश होगा।साथ ही शनिवार को महासाध्वियों द्वारा नगर कपासन से विहार किया जायेगा। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि महासाध्वी रमीला कंवर म.सा. का मावली मे 2025 का चार्तुमास है।इस हेतु धर्म प्रेमी बंधु विहार सेवा मे उपस्थित होकर जिनशासन की महत्ती प्रभावना करे।

# जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप फेडरेशन का 30 वा स्थापना दिवस मानवता दिवस के रूप में मनाया

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला में जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप फेडरेशन का 30 वा स्थापना दिवस बुधवार को मानवता दिवस के रूप में मनाया गया तथा राजकीय चिकित्सालय में मरीजों को भोजन कराया गया। ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य प्रमोद जैन अध्यापक ने बताया कि संगठन की स्थापना आज ही के दिन 4 जून 1995 को मैत्री से संगठन ,संगठन से सेवा के उद्देश्य से की गई थी ,आज संगठन के पूरे भारत में 150 से अधिक ग्रुप सक्रिय रूप से कार्य कर रहे है,ग्रुप के स्थापना दिवस पर अस्पताल में मरीजों व तीमारदारो को भोजन के पैकेट वितरण किए गए। इस अवसर पर फेडरेशन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हंसराज जैन,राजस्थान रीजन चेयरमैन गौतम जैन,चौमहला ग्रुप अध्यक्ष राजेश जैन नाकोड़ा , चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर राजकुमार वघेला ,संरक्षक दिलीप जैन ,अशोक भंडारी ,प्रमोद जैन ,सचिव राजेश जैन राज ,विनोद जैन ,विमल कटारिया ,सुदर्शन मेहता ,प्रकाश कोठारी,देवेंद्र पिछोलिया ,गोपाल जैन ,मोक्ष जैन, समरथ भंडारी ,गिरीश जैन , विपिन जैन ,विशाल मेहता आदि उपस्थित रहे।

# अमन मददगार कमेटी कपासन की बैठक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। अमन मददगार कमेटी से संबंधित 35 ग्रामों के शेख,सैय्यद एवं पठान समाज की संयुक्त बैठक का अध्यक्ष मंजूर खान पठान की अध्यक्षता में आयोजन किया गया।जिसमें कमेटी सदस्य अब्दुल हमीद खान ने कमेटी द्वारा किये जाने वाले विभिन्न सेवा कार्यो की जानकारी दी गयी।कमेटी संरक्षक सैय्यद अख्तर अली बुखारी द्वारा बैठक में एकजुटता का आह्वान किया गया।रफीक खान पठान चंदेरिया ने कहाकि सलाहकार कमेटी गठित की जाये।जिससे कमेटी को मजबूती मिले।एडवोकेट सैय्यद यासूब अली ने कहाकि आपसी विवाद समझाइश से हल किये जाये। इस दौरान अमन मददगार कमेटी कमेटी अध्यक्ष मंजूर खां पठान ने शिक्षा पर जोर दिया।जिससे कई सामाजिक कुरीतियां समाप्त हो सकेगी।इस मौके पर एडवोकेट सैय्यद यासूब अली बुखारी,प्रवक्ता आबिद खान पठान कपासन,ऑफिस सेकेट्री याकूब खान पठान,संयोजक अब्दुल हमीद खान पठान कोदिया खेड़ी को कमेटी का सलाहकार नियुक्त किया गया।उक्त बैठक का संचालन हमीद खान पठान तथा पप्पू खां पठान रामथली द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस बैठक में रामथली,भादसोड़ा,जाशमा,कपासन, कोदियाखेड़ी, ऊंचा,बोदियाना, चंदेरिया,गोरा खेडा, नेतावल,चंद्रपुरा,उचनार,पीपल खेड़ी,राशमी,विलायती खेड़ा,पुठोली,उपरेड़ा क्षेत्र के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# उमंग 5 अभियान के तहत श्री राम गजक भंडार फैक्ट्री से 1 बाल श्रमिक मुक्त करवाया गया




बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा ) । बाल श्रम मुक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे उमंग 5 अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित मीणा के निर्देशानुसार मानव तस्करी विरोधी इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने मालोला रोड पर स्थित श्री राम गजक भंडार फैक्ट्री से एक बाल श्रमिक को बाल श्रम से मुक्त करवाया, बालक को बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चन्द्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव के समक्ष प्रस्तुत किया गया, बाल कल्याण समिति ने बालक के आश्रय की आवश्यकता होने से बालक को आश्रय हेतु एवरेस्ट शेल्टर होम में रखवाया, रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मानव तस्करी विरोधी इकाई के प्रभारी शौकत अली, एएसआई ओम प्रकाश सेन, रवींद्र कुमार कास्टेबल एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया, काउंसलर निर्मला पुरोहित एवं सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर ने कार्यवाही करते हुए बाल श्रमिक को बाल श्रम से मुक्त कराया।

# धाकड़ महासभा के राष्ट्रिय महामंत्री हेमराज धाकड़ का भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह )।** श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रिय अध्यक्ष नरेंद्र नागर ने राष्ट्रिय कार्यकारिणी में महासभा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हेमराज नागर( बालापुरा) को महासभा की राष्ट्रिय कार्यकारिणी मे महामंत्री के पद पर नियुक्त करने के बाद आज समाज के लोगों एवं पदाधिकारियों ने उनका जोरदार भव्य स्वागत किया । सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनो मे विभिन्न पदों पर सेवा दे चुके हेमराज नागर के राष्ट्रिय महामंत्री बनने के बाद आज एनएच 148 डी के बालाजी पंप केंपस में समाज के लोगो द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में लोगों ने नागर को फूल मालाएं पहनाते हुए साफे बंधवाए एवं लड्डू खिलाकर



मुंह मीठा करवाते हुए अभिनंदन किया। इस मौके पर नागर ने सभी लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए आभार जताया एवं सभी लोगो से समाज के सामाजिक शैक्षणिक एवं राजनैतिक उत्थान के लिए समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने कुरीतियों को खत्म करने के लिए स्थानीय स्तर पर विचार करने पर जोर दिया । समारोह में समाज के 108 गांव के अध्यक्ष रमेश नागर, धाकड़ महासभा के टोंक जिलाध्यक्ष सूरजमल धाकड़ , धाकड़ महासभा युवा संघ के राष्ट्रिय महामंत्री सुरेन्द्र धाकड़, युवा संघ प्रदेश महामंत्री मुकेश नागर,युवा संघ प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र नागर ,शिक्षक कमलेश सहित सीसोला एवं जजावर के कई समाजबंधु मौजूद रहे ।

# नवनियुक्त नगर अध्यक्ष पवन शर्मा का कांग्रेस कार्यकताओं ने स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता पवन कुमार शर्मा को नियुक्त करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया।इस दौरान नगर के मुख्य मार्ग स्थित गांधी वाटिका में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा का माल्यार्पण, उपरना एवं ओर साफा पहनाकर अभिनन्दन तथा नगर के पांचबत्ती चौराहे पर कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव ललित बोरीवाल, कांग्रेस नेता प्रमोद मोदी,पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चाष्टा,गोपाल गुर्जर,पुर्व कांग्रेस




नगर अध्यक्ष हाजी अब्दुल रहमान मंसुरी,हिमांशु बारेगामा,दीनबंधु सोमानी,सेवादल नगर अध्यक्ष भवानीशंकर लौहार, विजय बारेगामा,जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष सतीश नंदवाना,सत्यप्रकाश व्यास,गुड्डू खान,पूर्व महिला अध्यक्ष सुमन कुमावत,मधूसुदन कुमावत,सुनील प्रधान,पुर्व उप प्रधान दुर्गाशंकर तिवारी,भेरूलाल बारेगामा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ईद के त्यौहार को लेकर सीएलजी की बैठक सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार थाना परिसर में आगामी ईद के त्यौहार को लेकर गंगधार उप पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश अटल की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक सम्पन्न हुई।जिसमें गंगधार चौमहला के सीएलजी सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक में उप पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश अटल,थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी ने गंगधार चौमहला में ईद पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली,उप पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश अटल ने त्यौहार आपसी प्रेम भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

बैठक में अंजुमन कमेटी चौमहला के सदर अमजद खान,गंगधार सदर सलीम खान, जहूर मंसूरी,आबिद खान,व्यापार संघ संयोजक दिलीप जैन,दिलीप मोरी,दानुसिंह कोलवी,भव्य गुप्ता,शिव नारायण सेन सहित सीएलजी सदस्यों मौजूद रहे।

# सीएम आज रहेगें केशवरायपाटन दौरे पर प्रधान ने अधिकारियो की ली समीक्षा बैठक



बढ़ता राजस्थान

नैनवां( टी .आर सैनी) । पंचायत समिति सभागार में बुधवार को प्रधान पदम नागर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री के केशवरायपाटन दौरे को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह झाला, सहायक अभियंता चंपालाल, कनिष्ठ अभियंता, अतिरिक्त विकास अधिकारी बाबू खान, सहायक विकास अधिकारी राजेंद्र जैन और पारस कुमार जय मौजूद रहे। सभी सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी और कनिष्ठ सहायक भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में वंदे गंगा जल संरक्षण योजना की क्रियान्विति पर निर्देश दिए गए। घुमंतु परिवारों को पट्टा जारी करने पर चर्चा हुई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर कचरा संग्रहण, सड़क और नाली सफाई को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। स्वामित्व योजना के पात्र परिवारों को पट्टे देने के निर्देश भी दिए गए। सभी कर्मचारियों को ग्रांम पंचायत मुख्यालय में रुकने के निर्देश दिए गए। राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने को कहा गया। ग्राम पंचायत स्तर पर हर महीने के पहले गुरुवार को जनसुनवाई करने और उसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बुलाने के निर्देश दिए गए। 21 जून को योग दिवस की तैयारियों को लेकर भी निर्देश दिए गए।

# महेश जयंती को माहेश्वरी समाज कपासन ने विविध धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** महेश नवमी के उपलक्ष में माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में शोभायात्रा एवं समारोहपूर्वक विभिन्न प्रतिभावों को सम्मानित किया गया। जानकारी अनुसार नगर में माहेश्वरी समाज द्वारा महेश जयंती को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के आयोजन कर हर्षौल्लास के साथ मनाया गया।जिसके अंतर्गत बुधवार प्रात: नगर के प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर भगवान शिवशंभू भोलेनाथ का भव्य दुग्धाभिषेक किया गया।इसके उपरांत स्थानीय



माहेश्वरी पंचायती भवन से गाजे-बाजे एवं गीत एवं भजनों पर झूमते-नाचते भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।उक्त शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होकर यथास्थान पहुंचकर संपन्न हुई।यहां माहेश्वरी पंचायती भवन में समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमे महेश जयंती उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता एवं माहेश्वरी समाज की विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धियां प्राप्त करने वाली प्रतिभावों को पारितोषित प्रदान कर सम्मानित किया गया।साथ ही नगर के कल्याणराय जी, चारभुजानाथ एवं भगवान महेश के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ आरती व भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया।

# नौलखा बने उत्तर भारतीय क्षेत्रीय परिषद के ब्रांड बिल्डिंग, इनोवेशन और आईटी कमेटी के सदस्य

बढ़ता राजस्थान


**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की उत्तर भारतीय क्षेत्रीय परिषद द्वारा गठित ब्रांड बिल्डिंग, इनोवेशन और आईटी कमेटी के वर्ष 2025 - 2026 के लिए घोषणा की गई। जिसमें भीलवाड़ा ब्रांच के पूर्व चेयरमैन सीएस अजय नौलखा को सदस्य बनाया गया। इससे पूर्व अजय नौलखा यंग मेंबर्स एंपावरमेंट और प्लेसमेंट कमिटी के सदस्य रह चुके हैं। उत्तर भारतीय क्षेत्रीय परिषद , भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के उत्तर भारतीय क्षेत्र के हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़ और नई दिल्ली को रिप्रेजेंट करता है , और कंपनी सचिव प्रोफेशन के बढ़ोतरी और बेहतरी के लिए कार्यरत है । नौलखा ने बताया कि यह कमिटी संस्थान की ब्रांड बिल्डिंग, नए नवाचार ट्रेनिंग और अन्य सोर्स पर चर्चा करने और आईटी संबंधी गतिविधियों पर संस्थान और सदस्यों के कैपेसिटी बिल्डिंग के लिए कार्य करेगी।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# आईपीएल 2025 से सामने आए 10 फ्यूचर स्टार्स


## प्रभसिमरन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले अनकैप्ड इंडियन; वैभव टी-20 सेंचुरी वाले यंगेस्ट प्लेयर

अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मुकाबले में प्रभसिमरन सिंह, प्रियांश आर्या और शशांक सिंह जैसे अनकैप्ड इंडियंस ने प्रभावित किया। आज बात ऐसे ही अनकैप्ड खिलाड़ियों की, जो आईपीएल 2025 में चर्चा में आए और आने वाले समय में भारतीय टीम से डेब्यू कर सकते हैं।



### प्रभसिमरन सिंह

पंजाब किंग्स 24 साल के ओपनर को पंजाब ने मेगा ऑक्शन से पहले 4 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। पटियाला (पंजाब) के रहने वाले प्रभसिमरन मौजूदा सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले अनकैप्ड भारतीय हैं। उन्होंने पहली बार एक सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाए। उन्होंने सीजन में 4 फिफ्टी के सहारे 549 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट भी 160.52 का रहा है। प्रभसिमरन ने 2019 में आईपीएल डेब्यू किया था।



### प्रियांश आर्या

पंजाब किंग्स 24 साल के इस युवा ओपनर ने मौजूदा सीजन में पंजाब की ओर से डेब्यू किया। दिल्ली के रहने वाले प्रियांश ने डेब्यू सीजन में ही शतक जमा दिया। प्रियांश को पंजाब ने मेगा ऑक्शन में 3 करोड़ 80 लाख रुपए में खरीदा। युवा बल्लेबाज ने 8 अप्रैल को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 103 रनों की शतकीय पारी खेली। उन्होंने आईपीएल 2025 में 179 के स्ट्राइक रेट से 475 रन बनाए। जिनमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल रहे।



### वैभव सूर्यवंशी

राजस्थान रॉयल्स बिहार के बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी गुजरात के खिलाफ 35 गेंद पर शतक बनाकर चर्चा में आए। 14 साल के वैभव आईपीएल इतिहास के सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 19 अप्रैल 2025 को 14 साल और 23 दिन की उम्र में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ डेब्यू किया और पहली गेंद पर छक्का लगा दिया। वैभव को राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा था। वैभव ने सीजन के 7 मैचों में 206.56 की स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। इनमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल रहा। जिसके लिए उन्हें सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन का अवॉर्ड भी दिया गया। वैभव ने 2023-24 सीजन में बिहार के लिए तीनों फॉर्मेट में डेब्यू किया।



### नमन धीर

मुंबई इंडियंस पंजाब के राइट हैंड बैटर नमन धीर को मुंबई इंडियंस ने इस साल 5.25 करोड़ में खरीदा। उन्होंने 2024 में मुंबई से ही डेब्यू किया था। तब मुंबई ने नमन को 20 लाख रुपए में खरीदा था। डेब्यू सीजन में नमन ने मुंबई के लिए मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करते हुए 7 मैचों में 177.22 की स्ट्राइक रेट से 140 रन बनाए थे। इस सीजन के 16 मैचों में नमन ने 252 रन बनाए। उन्होंने मिडिल ऑर्डर में 182.61 की स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। नमन ने 23 आईपीएल मैचों में 180.65 के स्ट्राइक रेट से 392 रन बना चुके हैं। इनमें एक ही फिफ्टी आई, लेकिन फिनिशिंग पोजिशन पर उनका स्ट्राइक रेट बेहतरीन रहा।

### नेहल वाधेरा

पंजाब किंग्स 24 साल के नेहल बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। वे मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हैं। लुधियाना के नेहल को पंजाब ने 4.20 करोड़ में खरीदा। नेहल ने 2023 में मुंबई इंडियंस से डेब्यू किया था। उन्होंने मौजूदा सीजन के 16 मैचों में 2 फिफ्टी के सहारे 369 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 145.84 रहा। नेहल ने पिछले दो सीजन में 109 और 241 रन बनाए थे, लेकिन मुंबई उन्हें रिटेन नहीं कर सकी।





### आशुतोष शर्मा

दिल्ली कैपिटल्स मध्यप्रदेश के ऑलराउंडर आशुतोष शर्मा को इस साल दिल्ली कैपिटल्स ने 3.80 करोड़ रुपए में खरीदा। आशुतोष दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और बॉलिंग भी कर लेते हैं। 26 साल के आशुतोष ने पिछले साल पंजाब किंग्स से डेब्यू किया था। इस सीजन में आशुतोष ने 13 मैच खेले। उन्होंने 160.63 के स्ट्राइक रेट और एक अर्धशतक के सहारे 204 रन बनाए।

### विपराज निगम



दिल्ली कैपिटल्स 20 साल के स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर विपराज निगम ने मौजूदा सीजन में दिल्ली की ओर से डेब्यू किया। उन्हें दिल्ली ने मेगा ऑक्शन में 50 लाख रुपए में खरीदा। विपराज ने अपने डेब्यू मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 35 रन देकर एक विकेट लिया था। इसी मुकाबले में उन्होंने 15 बॉल पर 39 रन बनाकर टीम को जीत भी दिलाई थी।

विपराज ने कोलकाता के खिलाफ 38 रन की पारी से भी प्रभावित किया था। उस मैच में उन्होंने 2 विकेट भी लिए थे। विपराज ने डेब्यू सीजन में 179.75 के स्ट्राइक रेट से 142 रन बनाए। साथ ही 11 विकेट भी झटके। इस सीजन में विपराज ने 9.13 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की। विपराज अगर घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन जारी रखें तो टीम इंडिया में भी जल्द ही जगह बना सकते हैं।

### साई किशोर



गुजरात टाइटंस बाएं हाथ के स्पिनर साई ने अपनी किफायती गेंदबाजी से प्रभावित किया। वे एशियन गेम्स 2022 में भारत की युवा टीम का हिस्सा रह चुके हैं, लेकिन सीनियर टीम में जगह नहीं बना सके। चेन्नई के रहने वाले 28 साल के साई किशोर ने मौजूदा सीजन में गुजरात से अपनी असरदार और किफायती गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया। उन्होंने 15 मैचों में 19 विकेट झटके। उनकी इकोनॉमी भी 9 के करीब ही रही। 2022 में आईपीएल डेब्यू करने वाले साई ने पहले ही सीजन में गुजरात की ओर से खिताब जीता। गुजरात ने उन्हें मेगा ऑक्शन में राइट टु मैच (ऋझरू) कार्ड का इस्तेमाल कर 2 करोड़ रुपए में अपने पास ही रखा था। वे अब तक खेले 25 आईपीएल मैचों में 8.86 की इकोनॉमी से 32 विकेट ले चुके हैं।

### दिग्वेश राठी



लखनऊ सुपर जायंट्स 25 साल के दिग्वेश सिंह राठी दाएं हाथ से लेग ब्रेक गेंदबाजी करते हैं। उन्हें ल ख न ऊ सुपरजायंट्स ने मेगा ऑक्शन में 30 लाख रुपए में खरीदा। दिल्ली के रहने वाले दिग्वेश मौजूदा सीजन में अपने सेलिब्रेशन के कारण विवादों और चर्चा में रहे। उन्हें एक मैच का प्रतिबंध भी झेलना पड़ा।

बैन के बावजूद दिग्वेश ने अपनी सटीक गेंदबाजी से प्रभावित किया। उन्होंने अपने डेब्यू सीजन के 13 मैचों में 14 विकेट लिए। उनकी इकोनॉमी महज 8.25 की रही। वे दिल्ली प्रीमियर लीग 2024 की रनरअप टीम साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स का हिस्सा भी रहे थे।

### यश दयाल



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल अपने वैरिएशंस के लिए जाने जाते हैं। प्रयागराज के रहने वाले दयाल नई गेंद और डेथ ओवर्स की गेंदबाजी में माहिर हैं। 27 साल के यश ने 2022 में गुजरात की ओर से डेब्यू किया था। तब उन्होंने 9 मैचों में 11 विकेट लेकर अपनी टीम को पहले ही सीजन में चैंपियन बनाया।

2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दयाल को अपने खेमे में शामिल किया। तब दयाल ने 15 विकेट झटके, इनमें एमएस धोनी का वह विकेट भी शामिल रहा, जो उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम में लिया था। उसी विकेट की बदौलत आरसीबी ने प्लेऑफ में जगह बनाई थी। उस विकेट का ईनाम यश दयाल को मेगा ऑक्शन में मिला, जब उन्हें आरसीबी ने 5 करोड़ रुपए में रिटेन कर लिया। 2025 के 15 मैचों में 9 .72 की इकोनॉमी से बॉलिंग करते हुए 13 विकेट लिए। अश्विनी ने डेब्यू मैच 4 विकेट झटके, जीशान-अनिकेत ने भी प्रभावित किया मौजूदा सीजन में डेब्यू करने वाले अश्विनी कुमार, विग्नेश पुथुर, जीशान अंसारी, अनिकेत वर्मा, आयुष म्हात्रे और उर्विल पटेल ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। अश्विनी ने मुंबई से डेब्यू करते हुए कोलकाता के खिलाफ 4 विकेट झटके। उन्होंने 11 मैचों में 11 विकेट लिए।

---

## आईपीएल 2025 में हार के बावजूद पंजाब किंग्स के प्रदर्शन से संतुष्ट कोच रिकी पोंटिंग

**अहमदाबाद**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से 6 रन से हारने के बावजूद पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने टीम के समग्र प्रदर्शन की सराहना की। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पंजाब की टीम ने पहले गेंदबाजी करते हुए आरसीबी को नौ विकेट पर 190 पर रोक दिया था। टीम के लिए अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स को प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन मध्यक्रम उस लय को बरकरार नहीं रख सका और टीम लक्ष्य से महज 6 रन पीछे रह गई। आखिरी ओवरों में शशांक सिंह ने शानदार प्रयास करते हुए 30 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिकी पोंटिंग ने कहा कि जिस अंदाज में हमने इस पूरे सीजन में क्रिकेट खेला है, वह काफी मनोरंजक रहा है। एक कोच के तौर पर जब आप अपनी टीम के बारे में ऐसा कह सकते हैं, तो ये गर्व की बात है। हो सकता है कि आज हमारी युवा मिडिल ऑर्डर की थोड़ी अनुभवहीनता हार का कारण बनी हो, लेकिन मैं जानता हूं कि प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और नेहाल वढेरा जैसे खिलाड़ी भविष्य में हमें कई मैच जिताएंगे।

पोंटिंग ने हार का ठीकरा पिच या हालात पर नहीं फोड़ा। उन्होंने कहा कि हम कोई बहाना नहीं बना रहे हैं। शशांक सिंह ने खुद कहा कि यह पिच पूरे सीजन की सबसे बेहतरीन पिच थी। बस हमने पावरप्ले के आखिरी ओवरों में थोड़ी रफ्तार खो दी और कुछ



अहम विकेट गंवा दिए।

11 साल बाद फाइनल खेली पंजाब की टीम, अगला सीजन होगा और बेहतरपंजाब किंग्स ने 11 साल के लंबे इंतजार के बाद आईपीएल फाइनल में जगह बनाई थी। इस उपलब्धि को लेकर पोंटिंग ने कहा, कुछ दिन पहले ही हम इस मैदान पर अपनी एक शानदार जीत का जश्न मना रहे थे, जिसने हमें फाइनल में पहुंचाया। आज हम थोड़ा मायूस हैं। लेकिन ये टीम काफी युवा है और हम अगले सीजन में और भी मजबूत होकर लौटेंगे।

टीम में लाया गया है नया कल्चरपोंटिंग ने टीम की मानसिकता और कार्यशैली में बदलाव लाने को भी अपनी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, जब मुझे कोच नियुक्त किया गया था, तभी मैंने साफ कर दिया था कि मैं टीम का माहौल बदलना चाहता हूं। चीजों को एक नई दिशा में ले जाना चाहता हूं और मुझे लगता है कि हम उसमें सफल रहे हैं।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने जुलाई में होने वाली पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय आस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान कर दिया है।

टीम की कमान ऑलराउंडर मिशेल मार्श को सौंपी गई है। ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज दौरे पर तीन टेस्ट और पांच टी-20 मैच खेलने हैं। टी-20 श्रृंखला की शुरुआत 19 जुलाई को होगी। टी-20 टीम में पहली बार मिशेल ओवेन और मैथ्यू कुहनेमैन को शामिल किया गया है। दोनों ने घरेलू एवं लीग क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। कैमरून ग्रीन और कूपर कोनोली टीम में वापस आए हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी टीम में शामिल किया गया है। वे पाकिस्तान के खिलाफ पिछली टी20 सीरीज में नहीं खेल पाए थे। जेक फ्रेजर मैकगर्क और मार्क स्टोइनिस को टीम से बाहर कर दिया गया है। चयन प्रमुख जॉर्ज बेली का कहना है कि यह श्रृंखला अगले वर्ष भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनने के लिए महत्वपूर्ण है। बेली ने कहा कि हमारा आगामी टी20 कार्यक्रम काफी व्यस्त है। हम एक ऐसी टीम का निर्माण कर रहे हैं जो हमें लगता है कि उपमहाद्वीप में होने वाले विश्व कप के लिए उपयुक्त होगी।

## नॉर्वे चेस-वर्ल्ड चैंपियन गुकेश को वर्ल्ड नंबर-2 हिकारु ने हराया

### 8वें राउंड में हार के बाद चौथे स्थान पर खिसके, विमेंस कैटेगरी में हम्पी टॉप पर

नॉर्वे चेस 2025 टूर्नामेंट में वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश की जीत की लय को वर्ल्ड नंबर-2 हिकारू नाकामुरा ने तोड़ दिया। नाकामुरा ने मंगलवार को 8वें राउंड में सफेद मोहरों से खेलते हुए गुकेश की एक गलती का फायदा उठाकर जीत दर्ज की, जबकि खेल ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था। इससे पहले, गुकेश ने लगातार दो जीत दर्ज की थीं। पहले मैग्नस कार्लसन को हराया और फिर अर्जुन एरिगैसी को मात दी।

वहीं, विमेंस कैटेगरी में दो बार की वर्ल्ड रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी टॉप पर हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर हम्पी ने 8वें राउंड में स्पेनिश मास्टर सारा खादेम को हराया। वे इस जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर आ गई हैं।

#### चौथे नंबर पर खिसके गुकेश

इस हार के बाद गुकेश पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर खिसक गए हैं। 8वें राउंड के बाद उनके 11.5 अंक हैं। पहले नंबर पर अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना हैं। उनके 12.5 अंक हैं। दूसरे नंबर पर नॉर्वे के मौजूदा चैंपियन कार्लसन (12 अंक) हैं। वहीं, तीसरे नंबर पर गुकेश को हराने वाले नाकामुरा (11.5) हैं। इंग्लैंड ने तीसरे वनडे में वेस्टइंडीज को हराया:सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप की, जेमी स्मिथ ने 64 रन बनाए इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम वनडे में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम 3-0 से सीरीज में क्लीन स्वीप की। बारिश के कारण मैच 40-40 ओवर का खेला गया। मंगलवार को लंदन के ओवल मैदान में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 251 रन बनाए। टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 29.4 ओवर में 3 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। जेमी स्मिथ को प्लेयर ऑफ द मैच और जो रूट को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

#### आदिल रशीद ने 3 विकेट झटके

वेस्टइडीज की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। टीम ने 28 रन पर ही 3 विकेट खो दिए थे। इसके बाद शेरफेन रदरफोर्ड (70 रन) और गुडकश मोती (63 रन)



ने पारी को संभाला। अल्जारी जोसेफ ने भी 41 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए आदिल रशीद ने 3 विकेट झटके। शाकिब महमूद, मैथ्यू पॉट और ब्रायडन कार्स ने 2-2 लिए।

#### इंग्लैंड से दो अर्धशतक लगे

इंग्लैंड की शुरुआत शानदार रही। ओपनर जेमी स्मिथ ने 28 गेंदों में 64 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। बेन डकेट ने 58 रन और जो रूट ने 44 रन की पारी खेली। जोस बटलर ने नाबाद 41 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ, गुडाकेश मोती और रोस्टन चेज को 1-1 विकेट मिला। 6 जून से खेली जाएगी टी-20 सीरीज इंग्लैंड ने पहला वनडे 238 और दूसरे 3 विकेट से जीता था। दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की टी-20 सीरीज 6 जून से खेली जाएगी।

## ई साला कप नामदू...आरसीबी के खिताब जीतने पर बोले कप्तान रजत पाटीदार

आईपीएल के इतिहास में आरसीबी के लिए आखिर वह पल आ ही गया, जिसका टीम और फैंस 18 साल से इंतजार कर रहे थे। आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहली बार खिताब पर कब्जा जमाया है। जैसे ही जय शाह और रोजर बिन्नी ने आईपीएल ट्रॉफी रजत पाटीदार को सौंपी तो उनकी खुशी देखते ही बन रही थी। पाटीदार ने उठाने के बाद साथी खिलाड़ियों को दी और फिर सभी ने जमकर जश्न मनाया। मैच के बाद आरसीबी के कप्तान पाटीदार ने कहा कि मैं फैंस के लिए बस एक लाइन कहना चाहता हूं - ई साला कप नामदू। आखिर इस वाक्य का क्या मतलब है। आइये आपको भी बताते हैं।

#### 190 का स्कोर अच्छा था

मैच के बाद आरसीबी कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि मुझे लगता है कि यह मेरे लिए और विराट कोहली और उन सभी फैंस के लिए बहुत खास है, जिन्होंने वर्षों से हमारा सपोर्ट किया है। वे इसके हकदार हैं। क्वालीफायर 1 के बाद हमें लगा कि हम ऐसा कर सकते हैं। मुझे लगता है कि इस ट्रैक पर 190 का स्कोर अच्छा था, क्योंकि यह थोड़ा धीमा था। जिस तरह से गेंदबाजों ने अपनी योजनाओं को अंजाम दिया वह देखने लायक था।

#### क्रुणाल के साथ सभी गेंदबाजी की तारीफ की

रजत ने क्रुणाल पंड्या की तारीफ करते हुए कहा कि वह विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। जब भी मैं दबाव में आता हूं तो मैं केपी की ओर देखता हूं। सुयश ने भी पूरे सीजन में बहुत अच्छी गेंदबाजी की और सभी तेज गेंदबाज भुवी, यश, हेजलवुड और जिस तरह से रोमारियो ने 2-3 ओवर किए और सफलता हासिल की, वह खास थी।



#### 'यह मेरे लिए एक बड़ी सीख'

पाटीदार ने आगे कहा कि मेरे लिए उनके नेतृत्व में कप्तानी करना एक शानदार अवसर था और यह मेरे लिए एक बड़ी सीख थी। जैसा कि मैंने कहा कि वह किसी और से ज़्यादा इसके हकदार हैं। विराट कोहली और सभी प्रशंसक। जिस तरह से प्रबंधन, सहयोगी स्टाफ़ ने खिलाड़ियों का समर्थन किया वह शानदार था। मैं फैंस के लिए बस एक लाइन कहना चाहता हूं - ई साला कप नामदू।

#### ई साला कप नामदू का मतलब

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिताब जीतने के बाद अहमदाबाद का स्टेडियम ई साला कप नामदू के नारे से गूंज उठा और आरसीबी के कप्तान से लेकर विराट कोहली व अन्य सभी खिलाड़ी यही बोलते नजर आए। दरअसल, ई साला कप नामदे कन्नड़ भाषा का वाक्य है, जिसका मतलब होता है इस साल कप हमारा होगा।

# हिना खान ने बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल संग रचाई शादी

## सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर लिखा- हमारे दिल एक हो गए...





टीवी एक्ट्रेस हिना खान अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं। हिना ने इंस्टाग्राम पर शादी की फोटो शेयर कर फैंस को चौंका दिया है। फोटोज में दोनों ही बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। हिना और रॉकी ने घर पर ही परिवार और खास दोस्तों के बीच स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत अपनी शादी को रजिस्टर किया है।

हिना फोटोज शेयर करके लिखती हैं- दो अलग दुनिया लेकिन हमने मिलकर प्यार का यूनिवर्स बनाया। हमारे मतभेद मिट गए हैं और हमारे दिल एक हो गए। यह एक ऐसा बंधन है, जो उम्र भर साथ रहेगा। हम हमारा घर हैं, हमारी रोशनी हैं, एक-दूसरे की आशा हैं। साथ मिलकर हमने सभी मुश्किलों को पार किया है। आज कानून और प्यार के तहत हमारा प्यार हमेशा के लिए सील हो गया। पति-पत्नी के रूप में हम आपका आशीर्वाद चाहते हैं।

अपने खास दिन के लिए हिना ने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की डिजाइन की ओपल ग्रीन रंग की साड़ी पहनी है। वहीं, रॉकी हिना की साड़ी को कॉम्प्लीमेंट करते हुए ऑफ वाइट रंग के कुर्ते में नजर आ रहे हैं। हिना की साड़ी के पल्लू पर इनफिनिटी के साइन के साथ हिना रॉकी लिखा हुआ है। हिना ने ओपल ग्रीन साड़ी को पिंक ब्लाउज और पिंक दुपट्टे के साथ स्टाइल किया है। लुक को पूरा करने के लिए उन्हें कुंदन और गोल्ड ज्वैलरी पहनी है, जिसे मनीष मल्होत्रा ने ही डिजाइन किया है। सटल मेकअप के साथ उन्होंने बालों को खुला रखा है। हाथ और पैरों में मिनिमल डिजाइन वाली मेहंदी भी लगाई है। हिना और रॉकी की शादी की फोटो पर फैंस के साथ-साथ सेलेब्स भी अपना प्यार लुटा रहे हैं। सोहा अली खान लिखती हैं- बधाई। आप दोनों को जीवन भर प्यार और खुशी की शुभकामनाएं। क्या खबर है। टीवी एक्ट्रेस कृतिका कामरा लिखती हैं- बधाई और खूब सारा प्यार। तुम दोनों बहुत सुंदर लग रहे हो। हमेशा खुश रहो। गौहर खान लिखती हैं- शादी मुबारक। मलाइका अरोड़ा लिखती हैं- बेहद खूबसूरत। बधाई... तुम सारी खुशियां और प्यार डिजर्व करती हो। वहीं, बिपाशा बसु लिखती हैं- हमेशा के लिए एक साथ खुशियां। हिना और रॉकी की पहली मुलाकात ये रिश्ता क्या कहलाता है के सेट पर हुई थी। दोनों की अच्छी दोस्ती हुई और फिर वो दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे के साथ हैं। रॉकी एक जाने माने बिजनेसमैन और टीवी प्रोड्यूसर हैं। बता दें कि साल 2024 के जून में हिना को ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था। उन्हें स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर हुआ था, जिसके लिए वो कई राउंड की कीमोथेरेपी ले चुकी हैं। हिना के मुश्किल समय में भी रॉकी मजबूती से उनका साथ देते रहे हैं। इस वजह से रॉकी की बहुत तारीफ भी होती है।

# एक्टर सिद्धार्थ निगम को फिल्म आजाद से हटाया गया था

## एक्टर की मां का दावा- बिना बताए अजय देवगन के भांजे को किया गया कास्ट



हाल ही में रवीना टंडन के बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भांजे अमान देवगन ने फिल्म 'आजाद' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। अब इस फिल्म को लेकर टीवी एक्टर सिद्धार्थ निगम की मां ने खुलासा किया है कि पहले लीड रोल के लिए उनके बेटे को चुना गया था। लेकिन बाद में उन्हें बिना बताए अजय देवगन के भांजे अमान देवगन से रिप्लेस कर दिया गया।

इंस्टेंट बॉलीवुड से बात करते हुए सिद्धार्थ और उनकी मां विभा निगम ने फिल्म मिलने से लेकर हटाए जाने तक के बारे में बात की है। विभा कहती हैं- 'मुझे नहीं पता कि मुझे ये बोलना चाहिए या नहीं। मैं इसे मीटिंग के लिए साथ ले गई। पूरी स्क्रिप्ट सुनाई गई और हमने एक साल तक इंतजार किया। मैं बहुत खुश थी क्योंकि फिल्म अच्छी थी और सिद्धार्थ को बॉलीवुड में अच्छी शुरुआत मिल रही थी।मुझे स्क्रिप्ट पसंद आई थी।' वो बताती हैं कि लंबे इंतजार करने के बाद जब उन्होंने अमान को फिल्म के पोस्टर पर देखा तो वो हैरान रह गईं। विभा कहती हैं- 'अचानक, दो साल बाद, सिद्धार्थ ने मुझे आजाद का पोस्टर दिखाया और कहा, मां यह रिलीज हो गई है और ये लोग फिल्म में हैं। फिर मैंने देखा कि फिल्म में अजय देवगन के भांजे और राशा ने भी काम किया है। पहली बार मुझे अपनी जिंदगी में बुरा लगा। जब ऐसी चीजें होती हैं, तो एक मां के तौर पर मुझे बहुत दुख होता है। फिर मुझे एहसास हुआ कि वे दोनों स्टार किड्स हैं और इससे चीजें बदल गईं।' इस पूरे मामले में सिद्धार्थ कहते हैं- 'इसमें किसी को दोष नहीं दिया जा सकता। यह बिजनेस इंडस्ट्री है इसलिए यह पूछने का कोई मतलब नहीं है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। उनकी अपनी वजह रही होगी। यह एक पर्सनल रियलाइजेशन और पेन है। आप उम्मीदें जगाते हैं कि शायद कुछ ठीक हो जाए। हम पूरे एक साल तक इंतजार करते हैं और फिर हम टीजर देखते हैं। टीजर देखने के बाद हमने सोचा, ओह, ठीक है। चलो आगे बढ़ते हैं।' सिद्धार्थ की करियर की बात करें तो वो टीवी के अलावा कई फिल्में में नजर आ चुके हैं। टीवी पर उन्होंने 'चक्रवर्ती अशोक सम्राट', 'अलाद्दीन' जैसे फेमस सीरीयल्स में काम किया है। वहीं बड़े पर्दे पर वो 'धूम-3', 'मुन्ना माइकल' और 'किसी का भाई किसी की जान' जैसी फिल्में में दिखे हैं।

# कान्स जाने से पहले नर्वस थे विशाल जेठवा

## मां लगाती थीं झाड़ू-पोंछा, पापा बेचते थे नारियल पानी, इंग्लिश को लेकर था डर : विशाल



**एक्टर विशाल जेठवा, जिनकी फिल्म होमबाउंड हाल ही में कान्स फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई, उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि इस इवेंट में जाने से पहले वो काफी घबराए हुए थे। उन्होंने कहा कि वो इतनी टेंशन में थे कि लगभग कान्स नहीं जाने का फैसला कर लिया था। विशाल जेठवा ने कहा, मैं बहुत डर गया था, वहां जाने से पहले ही बहुत नर्वस था। मुझे हमेशा से एक डर रहा है, मैं लोगों से इंग्लिश में कैसे बात करूंगा? मुझे उस माहौल की आदत नहीं थी और मेरे साथ जो लोग जा रहे थे, वे सब बहुत अनुभवी थे। मुझे डर था कि मैं सबके सामने खुद को कैसे प्रेजेंट करूंगा। यहां तक कि जाने से पहले मैं इतना लो फील कर रहा था कि मैंने सोचा रहने दो, मैं नहीं जा रहा हूं।**

### बातचीत और मोटिवेशन से लौटा विशाल का आत्मविश्वास

विशाल ने आगे बताया, मुझे इस बात की चिंता नहीं थी कि मैं क्या खो दूंगा, मैंने तो मानो तय कर लिया था, लेकिन जब कुछ लोगों से बात हुई, जिन्होंने मुझे समझाया और मोटिवेट किया, तब मेरा आत्मविश्वास खुद-ब-खुद लौट आया। जब मैं वहां पहुंचा, तो एक अलग सी एनर्जी महसूस हुई। मेरे कपड़े पहनने से पहले मैंने अपना आत्मविश्वास पहन लिया था और वही सबसे जरूरी चीज थी। इसलिए जब मैं वहां था, तो हर पल को जी रहा था, क्योंकि मेरे पास खोने को कुछ नहीं था।

### मां करती थीं झाड़ू-पोंछा, पापा बेचते थे नारियल

परिवार और साधारण शुरुआत पर बात करते हुए विशाल ने बताया कि वो एक बहुत साधारण परिवार से आते हैं। उन्होंने कहा, मेरी बहन ने जाते वक्त कहा था, 'इतना स्ट्रेस मत ले, तू एक घरेलू नौकरानी का बेटा है।' मेरी मां दूसरों के घरों में झाड़ू-पोंछा करती थी। वो सुपरमार्केट में सैनिटरी पैड्स तक बेचती थी। मेरे पापा नारियल पानी बेचते थे। मैंने ये सब देखा है। विशाल ने आगे ये भी बताया, आज मेरी जिंदगी काफी बदल गई है, लेकिन मैं कभी-कभी भूल जाता हूं कि प्रिविलेज कितनी बड़ी चीज है। हम सोचते हैं कि प्रिविलेज सिर्फ फायदेमंद होता है, लेकिन ऐसा नहीं है। प्रिविलेज के साथ जिम्मेदारी भी आती है। नेपोटिज्म यानी भाई-भतीजावाद पर बोलते हुए विशाल जेठवा ने कहा, मेरे को-एक्टर्स (होमबाउंड में) ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर के पास प्रिविलेज था। हम मानते हैं कि जिनके पास मौके हैं, उनकी जिंदगी आसान है,



लेकिन ऐसा नहीं है। उन्हें भी उतनी ही मेहनत करनी पड़ती है। कई प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के बच्चे आए और चले गए, सब सफल नहीं हो पाए। बात ये है कि ऑडियंस किसे स्वीकार करती है।

### प्रिविलेज के सिर्फ फायदे नहीं, नुकसान भी होते हैं - विशाल

विशाल ने ये भी कहा, हमें वो मौके नहीं मिलते जो उन्हें मिलते हैं, लेकिन हमें खुद को साबित करने के लिए एक्स्ट्राऑर्डिनरी काम करना पड़ता है। यह कोई शिकायत नहीं है, सिर्फ एक सच्चाई है क्योंकि जब आप मेहनत से आगे बढ़ते हैं, तभी लोग आपके साथ फोटो खिंचवाना चाहते हैं। विशाल ने आगे कहा. हम सोचते हैं कि उनके संघर्ष अलग हैं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उनके संघर्ष छोटे हैं। अगर कल मेरे एक बेटा होता है, तो उसे जेठवा सरनेम मिलेगा और ये सरनेम उसे कुछ फायदे भी देगा और कुछ नुकसान भी। प्रिविलेज ऐसा ही होता है।

# 'द इंडिया स्टोरी' के जरिए सोलो हीरो में वापसी : श्रेयस तलपड़े

## दर्शक मेरा एक अलग रूप देखेंगे, साउथ की फिल्मों से भी अच्छे ऑफर्स

**श्रेयस तलपड़े हाल ही में हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'कपकपी' में नजर आए हैं। इस फिल्म में उनकी और तुषार कपूर के बीच अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली है। श्रेयस 'हाउसफुल 5' भी आने वाली है।**

### फिल्म 'कपकपी' की तुलना 'स्त्री' से हो रही है, इस पर आपका क्या कहना है?

यह तो होता ही रहता है। 'स्त्री' का कपैरिजन किसी और से हुआ था। अब रेफरेंस के लिए कहीं न कहीं यह चीजें तो होती ही रहेंगी। मुझे लगता है हर फिल्म की एक अपनी आइडेंटिटी होती है, डेस्टिनी होती है।

### फिल्म 'कपकपी' में तुषार कपूर के साथ फिर से काम करने का अनुभव कैसा रहा?

तुषार के साथ शूट करना हमेशा ही अच्छा लगता है। वह मेरे दोस्त हैं। हम उम्र भी हैं और साथ में पहले बहुत सारा काम कर चुके हैं सो एक कंफर्ट लेवल है काम करने का। इस बार दोनों के रोल बड़े अलग थे। तुषार का तो बहुत जबरदस्त रोल है।

### 'इमरजेंसी' में आप अटल जी के रोल में दिखे। क्या आगे कोई बायोपिक करने की योजना है?

बायोपिक हिंदी में अभी तक तो नहीं है, मराठी में एक दो बायोपिक पर काम चल रहा है। अच्छा स्क्रिप्ट स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। बाकी अटल बिहारी वाजपेयी जी के रोल के लिए लोगों का जो प्यार मिला। उसके लिए आभारी हूं। मेरी कोशिश थी कि उस फिल्म में जितना रोल मिला, जितनी स्क्रीन स्पेस मिला, उसे बतौर अटल शिद्दत से प्ले करूं और मैंने किया भी।

### क्या दर्शक आपको सोलो एक्शन हीरो के रूप में देखेंगे?

जरूर देखेंगे। एक फिल्म है जिसका नाम है ''द इंडिया स्टोरी' जिसमें मैं हूं और काजल अग्रवाल है। वह फिल्म भी तैयार हो रही है। अगले साल तक रिलीज भी होगी। उसमें दर्शक मेरा एक अलग तरह का रूप देखेंगे।


### क्या आपने कोई नया साउथ प्रोजेक्ट साइन किया है?

नहीं, अभी अभी नहीं, फिलहाल तो यह 'पुष्पा' तक ही किया है। इसके दो पार्ट्स किए हैं और वह जो 'द लायन किंग' आपने मेंशन किया है उसके दो पार्ट किए हैं। यह तो डबिंग के तौर पर था, लेकिन बतौर एक्टर एक साउथ में फिल्म की है जो एक्चुअली कन्नड़ प्रोड्यूसर की है। फिल्म हिंदी में है, लेकिन हिंदी के साथ-साथ अलग-अलग लैंग्वेज में भी डब होगी। उसका पोस्ट प्रोडक्शन चल रहा है। बाकी मैं खुद को



बहुत खुशनसीब समझता हूं कि एक डब की हुई फिल्म के लिए मुझे जितना प्यार मिला है, जितनी सराहना मिली है, शायद ही किसी को ऐसा प्यार मिलता है। मेरे पास शब्द नहीं है बताने के लिए कि मैं कितना खुश हूं। ऑफ कोर्स ऑफर्स आ रहे हैं, साउथ से। कुछ एक्टिंग के हैं तो कुछ डबिंग के भी हैं। तो जो इंटरेस्टिंग लगता है वह एक्सेप्ट करता हूं।

# मूवी रिव्यू : स्टोलन



कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में अपनी साख बनाने वाली करण तेजपाल निर्देशित स्टोलन ओटीटी पर एक ऐसी इमोशनल क्राइम-थ्रिलर साबित होती है, जो आपको 90 मिनट तक अपनी जगह पर बांधे रखने को विवश कर देती है।

### स्टोलन की कहानी

वास्तविक घटना से प्रेरित इस फिल्म की कहानी की शुरुआत होती है राजस्थान के एक छोटे से रेलवे स्टेशन से, जहां एक निर्धन मजदूर-सी लगने वाली महिला झुंपा (मिया मेल्जर) अपनी 5 माह की बच्ची के साथ स्टेशन की बेंच पर सो रही है। उसी प्लैटफॉर्म पर परेशान हाल-सा दिखने वाला गौतम (अभिषेक बनर्जी) अपने भाई रमन (शुभम वर्धन) को लेने आया है। रमन की फ्लाइट मिस हो गई, इसलिए वह ट्रेन से आ रहा है। अगले दिन इन दोनों भाइयों की मां की शादी है और घर पर इनका इंतजार हो रहा है, मगर तभी एक अनजान महिला झुंपा की बेटी को अगवा कर ले जाती है। प्लैटफॉर्म पर रमन की मौजूदगी से झुंपा को संदेह होता है कि उसकी बेटी को गायब करने में उसका भी हाथ हो सकता है। रमन के साथ झुंपा की झड़प हो जाती है, हालांकि बहुत जल्द यह साफ भी हो जाता है कि बच्ची के गायब होने में रमन का कोई हाथ नहीं है। लेकिन गवाह के रूप में रमन के साथ गौतम को भी स्टेशन पर रोक दिया जाता है। उधर, झुंपा को चायवाले पर शक होता है और पुलिस की पूछताछ में वह सुराग देता है कि बच्ची का अपहरण कर उसे कहां ले जाया गया है। गौतम जल्द से जल्द इस पचड़े से निकलकर घर जाना चाहता है, मगर रमन को अहसास होता है कि पुलिस झुंपा के साथ इन्वेस्टिगेशन में कोताही कर रही है। तब वह पुलिस के साथ जाकर बच्ची का पता लगाने का फैसला करता है, जिसके लिए गौतम बिलकुल भी तैयार नहीं है। फिर रमन के आग्रह पर वह तैयार हो जाता है। अभी ये दोनों भाई झुंपा को अपनी गाड़ी में बैठाकर पुलिस के साथ गंतव्य पर पहुंच भी नहीं पाए थे कि उनकी गाड़ी और उन लोगों का वीडियो इस खबर के साथ वायरल हो जाता है कि यही तीनों बच्चा चोर हैं। स्थिति उस वक्त और भयावह हो जाती है, जब गुस्साई भीड़ इनकी गाड़ी का पीछा करके मॉब लिंचिंग पर आमादा हो जाती है। क्या ये भीड़ से बच पाते हैं? क्या झुंपा को उसकी बच्ची का सुराग मिलता है? ये जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।

### स्टोलन का ट्रेलर

डेब्यू डायरेक्टर करण तेजपाल की यह फिल्म परतदार है और हर परत के साथ एक अंडरकरेंट मुद्दा है, जो अनकहा है। मगर दर्शक उसे भांपकर बेचैन होने लगता है। बच्ची के गायब हो जाने के साथ ही तनाव शुरू हो जाता है और जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती जाती है, यह एक इमोशनल क्राइम-थ्रिलर में तब्दील होने लगती है। निर्देशक ने झुंपा के किरदार के जरिए मार्मिकता से अमीरी और गरीबी के विभाजन को पेश किया है। इसी खूबी के साथ इंटरनेट पर फैली अफवाहों की भयावहता को भी दर्शाया है। फिल्म सामाजिक और न्याय व्यवस्था के साथ-साथ नैतिकता पर भी सवाल करती है।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060


गुणों से ही व्यक्ति की असली पहचान होती है,
गुणी व्यक्ति सब जगह अपना आदर करा लेता है।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# अहमदाबाद से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट में बम की धमकी

## यात्रियों को बाहर निकाला गया, जांच जारी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अधिकारियों ने बताया कि अहमदाबाद से पटना जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई921) में बम की धमकी मिलने के बाद बुधवार को दोपहर करीब 1 बजे पटना के जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान के उतरने के बाद विमान में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। विमान के उतरने के करीब 40 मिनट बाद विमान में सवार सभी 192 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और उसे पटना एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में पार्क कर दिया गया। बाद में विमान को बे नंबर 1 में ले जाया गया, जहां यात्रियों को उतरने दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद विमान को पूरी तरह से सुरक्षा जांच के लिए एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में पार्क किया गया और विमान में सवार सभी 192 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गौरतलब है कि बम की धमकी इंडिगो स्टेशन मैनेजर शालिनी के सेलफोन पर विमान के पटना में उतरने के बाद व्हाट्सएप मैसेज के जरिए भेजी गई थी। एयर ट्रैफिक कंट्रोल को भेजे गए मैसेज के मुताबिक, इस मैसेज में नैपकिन टिश्यू पर बम लिखा हुआ था, जिसने तुरंत ष्ट्ढस्स्न को अलर्ट कर दिया। एयरपोर्ट अधिकारियों, सुरक्षा, जिला प्रशासन और पुलिस ने बम की धमकी की समीक्षा के लिए एक बैठक की और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा प्रशासन और पुलिस को सूचित किए जाने के बाद ऐसे मामलों में मानक संचालन प्रक्रिया के तहत जांच की जा रही है।

# राजस्थान के 119 हॉस्पिटल और दवा दुकानें आरजीएचएस से बाहर

## जयपुर के 10 अस्पताल भी ब्लॉक लिस्ट में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में अनियमितता और फर्जीवाड़े के कारण 119 से ज्यादा हॉस्पिटल और फार्मेसी पर कार्रवाई की गई है। इनमें जयपुर के कुल 10 हॉस्पिटल भी शामिल हैं। योजना से बाहर कर इन हॉस्पिटल और मेडिकल स्टोर की आईडी अस्थायी तौर पर ब्लॉक की गई है। साथ ही इन प्रतिबंधित हॉस्पिटल और मेडिकल स्टोर्स की सूची भी सार्वजनिक की गई है। वित्त विभाग के प्रमुख सचिव नवीन जैन ने बताया- हॉस्पिटल और फॉर्मेसी स्टोर पर जांच में कई तरह की खामियां मिली थीं। अब उन हॉस्पिटल और मेडिकल स्टोर्स को पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। इसके बाद पेनल्टी भी लगाई जा सकती है। यदि गंभीर खामी लगी तो इन्हें योजना से बाहर कर दिया जाएगा। हालांकि, अभी योजना से जुड़े बाकी हॉस्पिटल व फार्मेसी स्टोरी की जांच लगातार चल रही है आरजीएचएस योजन से पूरे स्टेट में 1717 हॉस्पिटल और 4862 फार्मेसी स्टोर जुड़े हैं। जांच के दौरान जयपुर के भी 10 हॉस्पिटल में फर्जीवाड़ा मिला है। इनमें ओम हॉस्पिटल, वैशाली हॉस्पिटल एंड सर्जिकल रिसर्च सेंटर, मानस हॉस्पिटल, द उर्मिल चेस्ट एंड जनरल हॉस्पिटल, दीपशिया मेडिकेयर, रुक्मणी बिरला हॉस्पिटल हैं।

# राज्यपाल बागडे ने पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान करते हुए ऐसे पेड़ लगाने पर जोर दिया है जो अधिक से अधिक छांव दें और भरपूर ऑक्सीजन दें। यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, ''पर्यावरण की समस्या नैसर्गिक नहीं है, मिलकर प्रयास करें तो हम पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं।'' आधिकारिक बयान के अनुसार राज्यपाल ने कहा, ''हमें ऐसे पेड़ लगाने चाहिए जो अधिक से अधिक छांव दें और भरपूर ऑक्सीजन दें। बरगद और पीपल दिन रात ऑक्सीजन देते हैं। ऐसे पेड़ लगाने भूमि गर्म नहीं होगी। भूमि गर्म नहीं होगी तो हवा गर्म नहीं होगी। इसी से पर्यावरण शुद्ध रहेगा।'' इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया।

# पुतिन ने ट्रम्प से कहा-यूक्रेन से हमले का बदला लेंगे

## दोनों नेताओं के बीच 75 मिनट बात हुई; ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम पर भी चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ यूक्रेन और ईरान के मुद्दे पर करीब 75 मिनट फोन पर बात की। ट्रम्प ने की इसकी जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी।

ट्रम्प ने कहा कि उनकी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अच्छी बातचीत हुई, लेकिन यह ऐसी बातचीत नहीं थी जिससे तत्काल शांति हो जाए। ट्रम्प ने बताया कि पुतिन ने कहा कि वो यूक्रेन की तरफ से हाल ही में रूस के अंदर किए गए ड्रोन अटैक का बदला लेंगे। इस हमले में रूस के कई विमान तबाह हो गए थे। ट्रम्प ने कहा कि मैंने राष्ट्रपति पुतिन से कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता है। मेरा मानना है कि हम दोनों इस पर सहमत हैं। पुतिन ने सुझाव दिया कि वह ईरान के साथ परमाणु वार्ता में मदद कर सकते हैं।

### रूस-यूक्रेन ने हाल ही में दूसरे दौर की शांति वार्ता की

रूस और यूक्रेन की बीच सोमवार को तुर्किये से इस्तांबुल में दूसरे दौर की शांति वार्ता हुई है। दोनों देश गंभीर रूप से घायल और बीमार युद्धबंदियों की अदला-बदली पर सहमत हो गए हैं।

इसके साथ ही दोनों पक्ष 6,000-6,000 मारे गए सैनिकों के शव भी वापस लौटाएंगे। यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने कहा कि हम सभी युद्धबंदियों की रिहाई और सभी दिव्यांग बच्चों और कैदियों की वापसी चाहते हैं।

वहीं, रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख व्लादिमीर मेंडिस्की ने कहा- इस समझौते के तहत गंभीर रूप से घायल और 18 से 25 साल के युवा सैनिकों की भी अदला-बदली की जाएगी।

### पिछले हफ्ते ट्रम्प ने पुतिन को धमकी दी थी

पिछले हफ्ते ट्रम्प ने धमकी दी थी कि अगर पुतिन यूक्रेन में युद्ध खत्म करने की कोशिशों में उनका साथ नहीं देते तो अमेरिका रूस को लेकर अपने अप्रोच बदल देगा। इसके लिए पुतिन को दो हफ्ते का टाइम दिया गया था। इससे पहले ट्रम्प ने रूस की तरफ से यूक्रेन में ड्रोन और मिसाइल हमलों को तेज करने पर कहा था कि पुतिन पूरी तरह पागल हो गए हैं।

### 20 जनवरी को शपथ ग्रहण करने के बाद से ट्रम्प अब तक 4 बार रूसी राष्ट्रपति से बात कर चुके हैं...

**12 फरवरी, 2025 :** ट्रम्प और पुतिन ने यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत की।
**18 मार्च, 2025 :** दोनों नेताओं ने यूक्रेन में युद्धविराम और शांति पर बात की।
**19 मई, 2025 :** दो घंटे से अधिक की बातचीत में यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई।
**4 जून, 2025 :** यूक्रेन और ईरान के मुद्दे पर दोनों नेताओं में 1 घंटे बातचीत हुई।

## अमेरिका ने ईरान का नया परमाणु समझौता प्रस्ताव ठुकराया

वहीं, अमेरिका ने ईरान के साथ परमाणु समझौते के लिए शनिवार को एक नया प्रस्ताव भेजा था। मंगलवार को व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने इसे लेकर कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ ने ईरान को एक डिटेल प्रस्ताव भेजा है।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने इसे स्वीकार नहीं किया, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। लेविट ने कहा- राष्ट्रपति ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि ईरान को कभी भी परमाणु बम हासिल नहीं करने दिया जाएगा।

ट्रम्प ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा- हमारे संभावित समझौते के तहत, हम ईरान को यूरेनियम संवर्धन की बिल्कुल इजाजत नहीं देंगे।

हालांकि ईरान ने अमेरिका के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ईरान का कहना है कि यह प्रस्ताव उनकी इंट्रेस्ट को पूरा नहीं करता है। बुधवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कहा कि तेहरान यूरेनियम संवर्धन बंद नहीं करेगा।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पहले एक पोस्ट में कहा था कि ईरान इस प्रस्ताव का जवाब अपने सिद्धांतों, राष्ट्रीय हितों और लोगों के अधिकारों के आधार पर देगा।

### राहुल गांधी की कांग्रेसी नेताओं को दो-टूक

# गुटबाजी से नुकसान सहन नहीं, संगठन में सिफारिश नहीं चलेगी, 30 से पहले जिला अध्यक्ष बनेंगे

बढ़ता राजस्थान




**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को हरियाणा दौरे पर रहे। उन्होंने करीब 3 घंटे तक चंडीगढ़ में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत राज्य के नेताओं और ऑब्जर्वरों की मीटिंग ली। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने बैठक में नेताओं को दो-टूक में कहा कि संगठन बनाने में किसी नेता की सिफारिश नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि गुटबाजी से पार्टी को नुकसान सहन नहीं होगा। उधर, प्रदेश प्रभारी बीके हरि प्रसाद ने कहा 30 जून से पहले जिला अध्यक्ष बना लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि काम के बीच गुटबाजी नहीं आनी चाहिए। ऐसा होता है तो एक्शन लिया जाएगा।

**30 जून से पहले जिला अध्यक्ष बनाएंगे :** प्रदेश प्रभारी बीके हरि प्रसाद ने मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस ने कहा कि गुजरात से संगठन सृजन अभियान शुरू हुआ है। पहले नेता प्रतिपक्ष और पीसीसी नेता जिला अध्यक्ष चुनते थे, मगर अब 30 जून से पहले जिला अध्यक्ष बनाएंगे। हर जिले में 6 लोगों का पैनल बनेगा। 35 से 55 साल के लोग जिला अध्यक्ष बन सकते हैं।

**गुटबाजी पर एक्शन लिया जाएगा :** हरि प्रसाद ने कहा कि गुटबाजी का नाम कांग्रेस के काम के बीच नहीं आना चाहिए, अगर आएगा तो एक्शन लिया जाएगा। ऐसा राहुल गांधी ने कहा है। कांग्रेस के जो लोग पार्टी छोड़ के गए हैं, वह आ सकते हैं।

**11 साल से संगठन नहीं, गुटबाजी बड़ी वजह :** हरियाणा में कांग्रेस का 11 साल से संगठन नहीं है। इसकी सबसे बड़ी वजह गुटबाजी है। सीनियर नेताओं की आपसी कलह के कारण ही कांग्रेस को 2024 में हुए प्रदेश विधानसभा चुनाव में हार झेलनी पड़ी। इस हार पर राहुल गांधी ने खुलकर अपनी नाराजगी जताई थी।

### हरियाणा में संगठन नहीं होने से बेचैनी थी

प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि आज गौरवपूर्ण दिवस था। पहली बार राहुल गांधी आए, टाइट शेड्यूल था। फिर भी हरियाणा को पूरा समय दिया। हरियाणा में संगठन नहीं होने से बेचैनी थी। राहुल गांधी का आना यह दिखाता है की कांग्रेस संगठन को लेकर गंभीर है।

### 17 सीनियर नेताओं-22 जिला ऑब्जर्वरों के साथ मीटिंग

राहुल गांधी सुबह साढ़े 11 बजे चंडीगढ़ पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस कार्यालय में पूर्व ष्टरूभूपेंद्र सिंह हुड्डा, सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा, राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला समेत 17 सीनियर नेताओं की मीटिंग ली।

# एकात्म मानव दर्शन ही राष्ट्र निर्माण की मूल चेतना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा आज भी प्रासंगिक : देवनानी




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रसिद्ध चिंतक व विचारक, भारतीय जनसंघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रदत्त एकात्म मानवदर्शन के साठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति जयपुर, भूपाल नोबल्स संस्थान व राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानवदर्शन - हीरक जयंती समारोह का आगाज उदयपुर भूपाल नोबल्स विवि के सभागार में हुआ। हीरक जयन्ती समारोह के उद्घाटन और प्रथम सत्र में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि पंडित जी के दृष्टिकोण में राष्ट्र भौगोलिक सीमाओं से परे एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक इकाई के रूप में देखने की आवश्यकता है।

देवनानी ने कहा कि पंडित जी के लिए राष्ट्र निर्माण का आधार केवल सीमाएं नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, स्वदेशी दृष्टिकोण और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण में निहित है। वे राजनीति में संयम, त्याग और नैतिकता के प्रबल पक्षधर थे और अंत्योदय को स्वतंत्र भारत की आत्मा मानते थे। देवनानी ने कहा कि वर्तमान में राजनीति के स्तर में भी गिरावट आई है इसके लिए समाज का बदलता स्वरूप जिम्मेदार है समाज का स्वरूप ही जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रतिबिम्बित होता है।

# राजस्थान में 22 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

## जयपुर समेत 10 से ज्यादा जिलों में बरसात



**जयपुर।** राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बुधवार को भी आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी रहा। उत्तर-पूर्वी राजस्थान में बुधवार दोपहर तक 10 से ज्यादा जिलों में बारिश रुक-रुककर जारी रही। इसके चलते राज्य के केवल 2 जिलों को छोड़कर सभी जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। मौसम केंद्र जयपुर ने गुरुवार को भी राज्य के करीब 22 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि 6 जून से आंधी-बारिश कम होने और तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। वहीं 7 जून से प्रदेश के उत्तरी जिलों में गर्मी तेज होने और हीट वेव चलने की आशंका जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

### जयपुर समेत कई जिलों में हुई बरसात

पिछले 24 घंटे के दौरान गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, जयपुर, अजमेर, सीकर, उदयपुर, दौसा, झुंझुनूं समेत कई जिलों में बादल छाए और बारिश हुई। बीकानेर संभाग के सभी जिलों में बुधवार सुबह से दोपहर तक घने बादल छाए और कुछ जगह तूफानी बारिश होने के साथ ओले गिरे। दोपहर बाद गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं के एरिया को छोड़कर शेष राज्य में मौसम साफ हो गया और हल्की धूप निकली।

आंधी-बारिश से राज्य के अधिकांश शहरों में गर्मी बहुत कम रही। सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर, जैसलमेर में क्रमश: 40.9 और 40.8 डिग्री दर्ज हुआ। इसके अलावा जोधपुर में अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री, फलोदी में 39.4 डिग्री, बीकानेर में 36.5 डिग्री, जालोर में 38.1 डिग्री, उदयपुर में 35.3 डिग्री, पाली में 38 डिग्री, प्रतापगढ़ में 35.7 डिग्री, करौली में 35.7 डिग्री, डूंगरपुर में 35.3 डिग्री और कोटा में 35.7 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

### इन शहरों में 30 डिग्री भी नहीं पहुंचा तापमान

राज्य में कुछ शहर ऐसे रहे, जहां का तापमान पूरे दिन में 30 डिग्री तक भी नहीं पहुंचा। सबसे कम गर्मी चूरू, झुंझुनूं में रही, जहां अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री दर्ज हुआ। इसी तरह फतेहपुर में 29.7 डिग्री, माउंट आबू में 28.4 डिग्री और सीकर में अधिकतम तापमान 28 डिग्री दर्ज हुआ।

### जयपुर बारिश से सुहावना रहा मौसम

राजधानी जयपुर में पूरे दिन मौसम सुहावना रहा और आसमान में बादल छाए रहे। दिनभर आसमान में बादल छाने के साथ ठंडी हवा चली।

# चार राज्यों में अक्टूबर 2026 से जातीय जनगणना : पहले फेज में हिमाचल, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड, बाकी राज्यों में 1 मार्च 2027 से होगी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार दो फेज में जातीय जनगणना कराएगी। गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि पहले फेज की शुरुआत 1 अक्टूबर 2026 से होगी। इसमें 4 पहाड़ी राज्य- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं।

1 मार्च 2027 से दूसरा फेज शुरू होगा। इसमें देश के बाकी राज्यों में जनगणना शुरू होगी। गृह मंत्रालय ने अपने प्रेस रिलीज में बताया कि जातियों की गणना के साथ-साथ जनसंख्या जनगणना भी कराने का फैसला लिया गया है। इससे जुड़ा नोटिफिकेशन 16 जून 2025 को आधिकारिक राजपत्र में पब्लिश किया जा सकता है। केंद्र ने 30 अप्रैल 2025 को जातीय जनगणना कराने का ऐलान किया था। देश में आजादी के बाद यह पहली जातीय जनगणना होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि जातीय जनगणना को मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

2011 में सामाजिक-आर्थिक गणना हुई, आंकड़े जारी नहीं मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवाई गई थी। इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने करवाया था। हालांकि इस सर्वेक्षण के आंकड़े कभी भी सार्वजनिक नहीं किए गए। ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर इसके स्ष्ट-स्ञ्ज हाउसहोल्ड के आंकड़े ही जारी किए गए हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com